✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 357 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 27 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना में अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 5 जून को झारखंड आयेंगे

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन 5 जून को दो दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद नितिन नबीन पहली बार झारखंड पहुंच रहे हैं। राज्यसभा चुनाव की राजनीतिक सरगर्मी के बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश की कोर कमेटी के साथ बैठक करेंगे। राज्य की राजनीति हालात और सांगठनिक कामकाज की समीक्षा करेंगे। इसके बाद वह सांसद व विधायकों के साथ बैठक करेंगे।

### बिहार कैबिनेट की बैठक आज

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज 27 मई को कैबिनेट की बैठक बुलाई है। बैठक शाम 5 बजे मुख्य सचिवालय के कैबिनेट हॉल में होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की ओर से इस संबंध में पत्र जारी कर दिया गया है। बता दें कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सरकार बनने के बाद हर बुधवार को कैबिनेट बैठक आयोजित कर रहे हैं। पिछली बैठक में 13 एजेंडों पर मुहर लगी थी।

### राजद की पूर्व महिला प्रदेश अध्यक्ष भाजपा में शामिल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार की राजनीति में मुखर और बागी नेता के रूप में पहचान रखने वाली रितु जायसवाल अब भारतीय जनता पार्टी के साथ नई राजनीतिक पारी शुरू कर चुकी है। मंगलवार को पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। भाजपा में शामिल होने के बाद रितु जायसवाल ने कहा कि उन्हें पुराने वीडियो और बयानों को लेकर ट्रोल किया जाएगा लेकिन वह इससे डरने वाली नहीं हैं।

### बिहार सिपाही भर्ती की परीक्षा तिथि बदली

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने बिहार पुलिस दूरसंचार एवं तकनीकी विभाग में 'सिपाही (प्रचालक)' के 993 पदों पर भर्ती के लिए होने वाली लिखित परीक्षा को स्थगित कर दिया है। पहले यह परीक्षा 21 जून को आयोजित होने वाली थी लेकिन उसी दिन नीट की स्थगित परीक्षा भी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित की जा रही है। इसके कारण बिहार पुलिस में सिपाही (प्रचालक) भर्ती की परीक्षा अब 28 जून (रविवार) को होगी।

### सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत, देवर घायल

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** मंझौल थाना क्षेत्र में सिउरी पुल और कोरिया चौक के बीच स्टेट हाइवे पर सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान चेरिया बरियारपुर के रहने वाले दिलीप कुमार पंडित की पत्नी सुमन कुमारी के रूप में की गई। उसके गोद में करीब पांच महीने के बेटे हिमांशु राज की भी मौत हो गई। हादसे में मृतका का देवर सौरभ कुमार घायल हो गया है।

## मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# बिहार के सभी जिला मुख्यालयों को फोर लेन से करें कनेक्ट : सम्राट

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज लोक सेवक आवास, 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प सभागार में पथ निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की त्वरित आवाजाही के लिये राज्य में बेहतर सड़क नेटवर्क तैयार किया गया है। राज्य के सुदूर इलाकों से 5 घंटा में पटना पहुंचने के लक्ष्य पर काम किया जा रहा है। राज्य में जो भी एक्स्प्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग, स्टेट हाई-वे का निर्माण कार्य किया जा रहा है उसे तीव्र गति एवं



गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि सभी जिला मुख्यायलों को फोर लेन से कनेक्ट करें। राज्य के पर्यटन स्थल, सांस्कृतिक विरासत, औद्योगिक कॉरिडोर, विशेष कृषि उत्पादन क्षेत्र एवं राज्य के महत्वपूर्ण बाजारों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करें। इससे राज्य की आर्थिक प्रगति तीव्र होगी और रोजगार के नये अवसर उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रीज मेंटेनेंस पॉलिसी को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करें। पुलों की गुणवत्ता एवं मजबूती की जांच निरंतर कराते रहें। विशेषज्ञों की जो रिपोर्ट आयी है उसके आधार पर विक्रमशीला पुल का स्थायी पुनर्स्थापन कार्य करायें। कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन पुल का कार्य जुलाई के पहले सप्ताह में पूर्ण करें। बैठक में उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेन्द्र, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह एवं संजय कुमार सिंह, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ. चन्द्रशेखर सिंह आदि मौजूद थे।

## बिहार विधान परिषद की खाली हो रही दस सीटों पर चुनाव 18 जून को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान परिषद की खाली हो रही 10 सीटों पर 18 जून को चुनाव होंगे। केंद्रीय चुनाव आयोग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। पूर्व सीएम नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद खाली हुई सीट पर भी उपचुनाव होगा जबकि बाकी 9 सीटों पर चुनाव होगा। बिहार में 28 जून को 9 सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो रहा है। इनमें डॉक्टर कुमुद वर्मा, प्रोफ़ेसर गुलाम गौस, मोहम्मद फारूक, भीष्म सहनी, भगवान सिंह कुशवाहा, संजय प्रकाश, समीर कुमार सिंह, सम्राट चौधरी और सुनील कुमार सिंह शामिल हैं। इन 9 सीटों में से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और योजना विकास मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा की सीट पहले से खाली है क्योंकि दोनों विधानसभा चुनाव में विधायक चुने गए हैं। वहीं नीतीश कुमार की सीट पर होने वाले उपचुनाव और 9 अन्य सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए अलग-अलग सूचना जारी हुई है। चुनाव आयोग की तरफ से की गई घोषणा के अनुसार 1 जून को चुनाव का नोटिफिकेशन जारी होगा, जबकि 8 जून नॉमिनेशन का अंतिम दिन है। 9 जून को नॉमिनेशन की जांच की जाएगी और 11 जून नामांकन वापसी का अंतिम दिन है। वहीं 18 जून को चुनाव होगा। सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक वोट डाले जाएंगे। 18 जून को ही 5:00 बजे रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा। बिहार में 201 विधायक एनडीए के पास है। ऐसे में नौ विधान परिषद की सीट एनडीए को मिलना तय है जबकि एक सीट विपक्ष को मिल सकता है।

## बिहार कैडर के छह आइपीएस केंद्र में संभालेंगे बड़ी जिम्मेदारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केंद्र सरकार ने बिहार कैडर के छह वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए चुना है। इन अधिकारियों को केंद्र में पुलिस महानिरीक्षक यानी आइजी या उसके समकक्ष पद पर तैनाती के लिए मंजूरी दी गई है। भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति यानी एसीसी ने इन अधिकारियों के नाम पर मुहर लगा दी है। केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी पाने वाले बिहार कैडर के सभी आईपीएस अधिकारी 2008 बैच के हैं। इन अफसरों ने बिहार के कई जिलों में एसपी और दूसरे अहम पदों पर काम करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई है। कानून व्यवस्था संभालने और प्रशासनिक कामकाज में इनके प्रदर्शन को देखते हुए अब केंद्र सरकार ने इन्हें राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी देने का फैसला किया है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए जिन बिहार कैडर के आईपीएस अधिकारियों का चयन हुआ है,उनमें उपेंद्र कुमार शर्मा, सत्यवीर सिंह, विकास वर्मन, नताशा गुड़िया, किम और मनोजय कुमार का नाम शामिल है। इन अधिकारियों के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए चुने जाने के बाद बिहार पुलिस महकमे में खुशी का माहौल है। कई वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी अफसरों को बधाई दी है।

## सरकारी कर्मियों को तीन पर्यटन स्थलों का भ्रमण अनिवार्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य में पर्यटन विकास और ऊर्ज़ा संरक्षण को लेकर दो बड़े कदम उठाए हैं। एक ओर सरकारी कर्मचारियों को हर तीन महीने में परिवार के साथ पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने का निर्देश दिया गया है वहीं दूसरी ओर पेट्रो उत्पाद से चलने वाले वाहनों का कम उपयोग और ऊर्ज़ा बचत को लेकर नई एडवाइजरी जारी की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव बी. राजेंद्र की ओर जारी पत्र में विभागाध्यक्षों, प्रमंडलीय आयुक्तों, जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को इस संबंध में निर्देश भेजे गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव की ओर जारी पत्र के अनुसार सभी सरकारी कर्मचारियों को अपने गृह जिले से अलग किसी अन्य जिले के पर्यटन, इको-टूरिज्म या ग्रामीण पर्यटन स्थलों की दो दिन और दो रात की यात्रा करनी होगी। यह यात्रा शुक्रवार और शनिवार को तय की जाएगी। यात्रा के दौरान कर्मचारियों को कम से कम तीन पर्यटन स्थलों का भ्रमण और वहां रात्रि प्रवास करना अनिवार्य होगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस दौरान किसी भी प्रकार की समीक्षा बैठक या सरकारी निरीक्षण नहीं किया जाएगा। इसका उद्देश्य केवल पर्यटन स्थलों का अनुभव लेना और उनके विकास के लिए सुझाव जुटाना है। भ्रमण के बाद कर्मचारियों को अपनी रिपोर्ट संबंधित विभाग या जिलाधिकारी कार्यालय में जमा करनी होगी। इसमें तस्वीरें, यात्रा अनुभव और पर्यटन विकास से जुड़े सुझाव शामिल होंगे। जिला और विभागीय स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति भी की जाएगी जो इन रिपोर्टों को पर्यटन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा कला एवं संस्कृति विभाग को भेजेंगे।

## गंगा नदी में डूबने से तीन दोस्तों की मौत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना के पीरबहोर थाना क्षेत्र स्थित गांधी घाट पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। गंगा नदी में स्नान करने के दौरान तीन युवक डूब गए जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। जानकारी के अनुसार कंकड़बाग निवासी समर कुमार अपने दो दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने गांधी घाट पहुंचा था। नहाते समय समर गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने के लिए उसके दोनों साथी भी नदी में कूद पड़े लेकिन वे भी तेज धारा की चपेट में आ गए और तीनों डूब गए। घटना की सूचना पर पीरबहोर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। कुछ ही समय में तीनों युवकों के शव बरामद कर लिए गए।

## राज्यसभा चुनाव में एनडीए जरूर देगा प्रत्याशी : महतो

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** एनडीए के घटक दल जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य खीरू महतो ने कहा है कि राज्यसभा चुनाव में एनडीए जरूर प्रत्याशी देगा। प्रत्याशी किसका होगा, यह एनडीए की बैठक में ही तय होगा। उन्होंने कहा कि उस बैठक में भाजपा के साथ-साथ जदयू, आजसू तथा लोजपा (आर) भी शामिल होगा। अभी कुछ तय नहीं हुआ है। एनडीए के पास महज 24 विधायक ही होने तथा एक सीट पर जीत के लिए न्यूनतम 28 विधायकों के मत की आवश्यकता के सवाल पर कहा कि पहले तो यह तय हो कि चुनाव कौन लड़ेगा। बैठक में यह तय हो जाएगा तो जीत सुनिश्चित करने की रणनीति भी बनाई जाएगी। चार अन्य विधायकों का समर्थन कहां से मिलेगा के सवाल पर उन्होंने कहा कि वोटिंग के समय विधायक विचार करेंगे कि कौन योग्य प्रत्याशी है और कौन गरीब-गुरबा की पार्टी है। एनडीए के भविष्य और नरेन्द्र मोदी को ध्यान में रखते हुए भी विधायक वोट दे सकते हैं। राज्यसभा चुनाव में क्या एनडीए से जदयू भी प्रत्याशी दे सकता है के सवाल पर उन्होंने कहा कि चुनाव कौन लड़ना नहीं चाहता है। झारखंड से तो बिहार के दिग्विजय सिंह भी राज्यसभा सदस्य रह चुके हैं। उस समय झारखंड में जदयू के पांच-छह विधायक थे। झारखंड के निवासी होते हुए भी वे स्वयं (खीरू महतो) बिहार से राज्य सभा सदस्य निर्वाचित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कोई बाहरी व्यक्ति एनडीए का प्रत्याशी नहीं होगा। पहले इस तरह होता रहा है लेकिन अब नहीं होगा।

## निजी स्कूलों में चलने वाली गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में अब निजी स्कूलों में चलने वाली छोटी और बड़ी सभी गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया जाएगा। परिवहन विभाग ने इसके लिए एक नया ऑनलाइन पोर्टल तैयार किया है। जून महीने से सभी स्कूलों को अपनी बस, वैन और दूसरी स्कूली गाड़ियों का इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। सरकार का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। कई स्कूलों में ऐसी गाड़ियां चल रही हैं जिनकी हालत ठीक नहीं है और उनके जरूरी कागजात भी पूरे नहीं रहते। अब ऐसी गाड़ियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग के मुताबिक इस पोर्टल का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। इसके बाद सभी स्कूलों के लिए नई गाइडलाइन जारी होगी। इसमें बताया जाएगा कि स्कूलों को किस तरह अपनी गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन कराना है। जो स्कूल इस नियम का पालन नहीं करेंगे, उनकी गाड़ियां जांच के दौरान पकड़े जाने पर जब्त की जा सकती हैं। स्कूलों को अपनी गाड़ियों की पूरी जानकारी ऑनलाइन देनी होगी। इसके बाद पोर्टल के जरिए फिटनेस सर्टिफिकेट, प्रदूषण प्रमाण पत्र, परमिट, इंश्योरेंस, पैनिक बटन, जीपीएस और सीटिंग क्षमता जैसे सभी दस्तावेजों की जांच की जाएगी। परिवहन विभाग के सचिव राजकुमार ने कहा कि निजी स्कूलों की गाड़ियों का पूरा डेटाबेस तैयार करने के लिए यह पोर्टल बनाया गया है। उन्होंने साफ कहा कि रजिस्ट्रेशन नहीं कराने वाले स्कूलों और वाहन मालिकों पर कार्रवाई की जाएगी।

## झारखंड के सरकारी स्कूलों में खाली पदों पर होगी शिक्षकों की बहाली : हेमंत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीएम ने अधिकारियों को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्थाएं, आधारभूत संरचनाओं तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा विद्यालयों से जुड़ी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्रभावी तरीके से पारदर्शिता के साथ अध्यनरत छात्र-छात्राओं तक ससमय पहुंचाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार झारखंड के बच्चों को बेहतर और क्वालिटी एजुकेशन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम सोरेन ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में अध्ययन रत छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम में निरंतर सुधार हो रहा है,



बच्चों का रिजल्ट और ज्यादा अच्छा हो इस निमित्त शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्य सहित सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान केंद्रित करें। इस दौरान, सीएम सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाएं। शिक्षण के क्षेत्र में 100 प्रतिशत रिक्त पदों को भरना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में हज़ारों शिक्षकों की भर्ती की गई है और उन्होंने निर्देश दिया कि बाकी बचे रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती प्रक्रिया को बिना किसी रुकावट के जारी रखा जाए। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी सत्यापन की औपचारिकताएं इस महीने के अंत तक पूरी कर ली जाएं ताकि यह पक्का हो सके कि नए नियुक्त शिक्षकों को उनका वेतन समय पर मिल जाए। साथ ही सीएम हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि शिक्षा किसी भी राज्य की आधारशिला होती है। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित हो और प्रत्येक बच्चे को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि अगले 6 से 8 महीने के भीतर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी विद्यालय सिंगल टीचर के भरोसे न चले। राज्य के प्रत्येक पंचायतों में अच्छे स्कूल होंगे, तभी बच्चे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा ग्रहण कर अपना भविष्य उज्ज्वल करेंगे।

अपना केवाईसी अपडेट रखें

ताकि आप बिना किसी रुकावट के बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकें



यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण में कोई बदलाव नहीं हुआ है,

तो आप अपने पुन:केवाईसी के लिए एक स्व-घोषणा पत्र जमा करें - जिसे आप पत्र/ऑनलाइन बैंकिंग/मोबाइल बैंकिंग/एटीएम/बैंक में पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर/ईमेल या कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं।

यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण बदल गए हैं,

तो अपडेटेड विवरणों वाले किसी एक दस्तावेज़ की प्रति प्रदान करें: आधार/मतदाता पहचान पत्र/NREGA जॉब कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट/राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर द्वारा जारी पत्र।




आप अपनी नज़दीकी बैंक शाखा में जाकर भी अपना केवाईसी अपडेट करवा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/KYC पर जाएँ

आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर: 99990 41935/99309 91935

जनहित में जारी

भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

www.rbi.org.in

# प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में खादी ने प्रदर्शन के स्थापित किए नए आयाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली/पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन में खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र ने बीते 12 वर्षों में विकास और परिवर्तन की अभूतपूर्व यात्रा तय की है। वित्त वर्ष 2025-26 में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री 1,87,105 करोड़ रुपये के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गई जो अब तक की सर्वाधिक बिक्री है और ग्रामीण भारत की बढ़ती उद्यमशीलता, आत्मनिर्भरता तथा आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त प्रमाण है। 'आत्मनिर्भर भारत', 'वोकल फॉर लोकल' और 'लोकल टू ग्लोबल' जैसे राष्ट्रीय अभियानों से प्रेरित होकर खादी आज केवल एक पारंपरिक उत्पाद नहीं, बल्कि 'नये भारत' की आत्मनिर्भरता, स्वदेशी गौरव और ग्रामीण समृद्धि का जीवंत प्रतीक बन चुकी है। उत्पादन, विपणन और रोजगार सृजन के नए कीर्तिमान स्थापित करते




हुए खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र ने देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा और नई दिशा प्रदान की है।

**वित्त वर्ष 2025-26 के अंतिम आंकड़े**

नई दिल्ली के गांधी दर्शन, राजघाट स्थित कार्यालय में वित्त वर्ष 2025-26 के अंतिम आंकड़े जारी करते हुए केवीआइसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि आयोग ने उत्पादन, बिक्री और रोजगार सृजन के क्षेत्र में नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013-14 की तुलना में पिछले 12 वर्षों में बिक्री में 501 प्रतिशत, उत्पादन में 380 प्रतिशत और रोजगार सृजन में 56 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। पूर्व वर्षों की प्रवृत्ति को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में वर्ष 2013-14 की तुलना में बिक्री में 447 प्रतिशत और उत्पादन में 347 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

**खादी उत्पादों की बिक्री 1.87 लाख करोड़ रुपये के पार**

श्री कुमार ने कहा कि केवीआइसी का यह सशक्त प्रदर्शन 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को गति प्रदान करने के साथ-साथ भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रभावी मार्गदर्शन, महात्मा गांधी की प्रेरणा तथा देश के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत करोड़ों कारीगरों की मेहनत को दिया। अध्यक्ष केवीआइसी ने बताया कि वित्त वर्ष 13-14 में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का उत्पादन जहां 26109 करोड़ रुपये था, वहीं वित्त वर्ष 25-26 में यह करीब पांच गुना बढ़कर 380 प्रतिशत के उछाल के साथ 125296 करोड़ रुपये पहुंच गया।

**खादी वस्त्रों के उत्पादन और बिक्री में अभूतपूर्व वृद्धि**

खादी वस्त्रों के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। वर्ष 13-14 में 811 करोड़ रुपये का उत्पादन बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 390 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,974 करोड़ रुपये हो गया है। वहीं बिक्री 1,081 करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 628 प्रतिशत वृद्धि के साथ 7,869 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। प्रधानमंत्री द्वारा खादी के सतत प्रचार-प्रसार का सकारात्मक प्रभाव इस क्षेत्र की बढ़ती स्वीकार्यता और बाजार विस्तार में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

**ग्रामोद्योग क्षेत्र में उत्पादन और बिक्री का नया रिकॉर्ड**

ग्रामोद्योग क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। वर्ष 13-14 में जहां ग्रामोद्योग उत्पादों का उत्पादन 25,298 करोड़ रुपये था, वहीं वित्त वर्ष 25-26 में लगभग 380 प्रतिशत की वृद्धि के साथ यह बढ़कर 1,21,322 करोड़ रुपये हो गया है। इसी प्रकार बिक्री 30,073 करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 496 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,79,236 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है।

## माता कामाख्या के दरबार में डा. प्रेम कुमार ने बिहार की सुख-शांति, समृद्धि की कामना की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नीलांचल पर्वत स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ कामाख्या मंदिर, गुवाहाटी, असम में बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अपने पारिवारिक सदस्यों एवं सहयोगियों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने माता कामाख्या के दरबार में बिहार की सुख-शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास की कामना की। उन्होंने कहा कि माता कामाख्या का स्थान शक्तिपीठों में सर्वोच्च है। आदिशक्ति की अधिष्ठात्री मां कामाख्या की कृपा से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, भाईचारा एवं आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है। वे तंत्र, मंत्र और यंत्र की त्रिशक्ति की धात्री हैं, जो अपने भक्तों की समस्त



मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। भारत की सनातन संस्कृति एवं आध्यात्मिक परंपराएं देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से समाज में सद्भाव, सेवा एवं मानवता के मूल्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

## शिक्षकों की समस्याओं को लेकर शिक्षा मंत्री से मिला संघ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक संघ के महासचिव प्रेम शंकर ठाकुर ने शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर शिक्षकों की समस्याओं को प्रमुखता से उनके समक्ष रखा। इस महत्वपूर्ण बैठक के बाद शिक्षा मंत्री ने संघ को आश्वस्त किया कि सरकार शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और विद्यालय अध्यापकों के साथ किसी भी स्तर पर कोई पक्षपात नहीं किया जाएगा। मुलाकात के दौरान संघ के महासचिव ने शिक्षकों की मुख्य मांगों, जैसे गृह जिलों से दूर पदस्थापित महिला व दिव्यांग शिक्षकों के लिए सुगम ट्रांसफर नीति, वेतनमान की विसंगतियों को दूर करने और विभिन्न जिलों में रुके हुए एरियर (बकाया राशि) के अविलंब भुगतान पर



विस्तार से चर्चा की। शिक्षा मंत्री ने इन सभी मुद्दों को बेहद गंभीरता से सुनते हुए कहा कि सरकार इन नवनियुक्त शिक्षकों की परेशानियों से भली-भांति अवगत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ट्रांसफर और वेतन से जुड़े हर मामले पर पारदर्शी तरीके से काम किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री के इस ठोस आश्वासन के बाद बिहार के शिक्षक समुदाय में खुशी की लहर है और उम्मीद जताई जा रही है कि विभाग जल्द ही इस संबंध में कोई बड़ा फैसला ले सकता है।

# किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मंत्री

### फार्मर रजिस्ट्री से किसानों तक सीधे पहुंचेगा योजनाओं का लाभ, कृषि व्यवस्था होगी पारदर्शी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि व्यवस्था को आधुनिक बनाने और खेती को लाभकारी व्यवसाय में बदलने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता किसानों को तकनीक, बाजार और पारदर्शी व्यवस्था से जोड़ना है ताकि कृषि क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाया जा सके। मंत्री आज मीठापुर स्थित कृषि विभाग में शारदीय (खरीफ) महाभियान, 2026 को लेकर समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि लैब से लेकर लैंड तक वैज्ञानिक



किसानों के साथ मिलकर काम करने की तैयारी करें जिससे किसानों को अपनी फसलों का भरपूर लाभ मिल सके और वे जैविक खेती को बढ़ावा दे सकें जिससे पर्यावरण का फायदा तो हो ही, हमारी मिट्टी भी स्वस्थ और समृद्ध बने। कृषि मंत्री श्री सिन्हा ने बैठक में कहा कि राज्य में फार्मर रजिस्ट्री अभियान शुरू किया गया है जिससे किसानों का डाटा व्यवस्थित होगा और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र किसानों तक पहुंचेगा। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसानों के हितों से किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भ्रष्टाचार और अनियमितता के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि बिहार कृषि प्रधान राज्य है और यहां आधुनिक खेती, सिंचाई, जैविक कृषि तथा फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सरकार किसानों को नई तकनीकों से जोड़ने के साथ-साथ कृषि उत्पादों के बेहतर विपणन की दिशा में भी कार्य कर रही है। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना सरकार का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने अधिकारियों से किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने विश्वास जताया कि किसानों के सहयोग और सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से बिहार कृषि क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

## कुंदन कुमार बने बिहार के नए गृह सचिव, संभाला पदभार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** गृह विभाग के सचिव का पद कुंदन कुमार ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर गृह विभाग के विशेष सचिव अनिल कुमार चौधरी और क्षत्रनील कुमार के स्तर से उन्हें पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत आयोजित परिचयात्मक बैठक में गृह विभाग के संयुक्त सचिव कमल नयन की तरफ से प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों एवं कार्यों की विस्तृत जानकारी गृह सचिव को प्रदान की गई। बैठक के दौरान गृह सचिव कुंदन कुमार ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश देते हुए विभागीय कार्यों के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन निष्पादन पर बल दिया। मौके पर गृह विभाग के विशेष सचिव अनिल कुमार चौधरी व क्षत्रनील कुमार, विशेष सचिव सह प्रभारी निदेशक (अभियोजन) सुधांशु कुमार चौबे, संयुक्त सचिव कमल नयन, अमलेन्दु कुमार सहित विभाग के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सभी सरकारी-प्राइवेट अस्पतालों में हो एक्यूप्रेशर सेवा : गंगा प्रसाद

### एक्यूप्रेशर जन-जन की पद्धति : अश्विनी चौबे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज, भारतीय एक्यूप्रेशर योग कॉलेज परिषद एवं स्वास्थ्य जागरूकता मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 33वां राष्ट्रीय एक्यूप्रेशर/एक्यूपंक्चर सम्मेलन का आयोजन मंगलवार को अधिवेशन भवन पटना में किया गया। इसमें देश-विदेश के चिकित्सक शामिल हुए। वहीं एक्यूप्रेशर जनक डॉ. चंद्रमा प्रसाद गुप्त की 105वीं जयंती एक्यूप्रेशर दिवस के रूप में मनाया गया। सम्मेलन को संबोधित




करते हुए सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कहा कि बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज के माध्यम से एक्यूप्रेशर सेवा सभी सरकारी/प्राइवेट अस्पतालों में हो। पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने एक्यूप्रेशर चिकित्सा को पौराणिक एवं अत्यंत उपयोगी बताते हुए डॉ. अजय प्रकाश की प्रशंसा की तथा कहा कि एक्यूप्रेशर जन-जन की पद्धति है। विधायक उपेंद्र प्रसाद ने कहा कि एक्यूप्रेशर की सेवा हम सभी विधायक, मंत्री बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज के माध्यम से डॉ. अजय प्रकाश के संयोजन में प्रतिदिन बिहार विधानसभा एक्यूप्रेशर केंद्र में लेकर स्वस्थ हैं। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए प्रसिद्ध चिकित्सक एक्यूप्रेशर महागुरु डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त ने कहा कि वर्तमान समय में असाध्य समझे जाने वाले रोग की सफल चिकित्सा एक्यूप्रेशर द्वारा की जाती है। सम्मेलन संयोजन सह कॉलेज सचिव डॉ. अजय प्रकाश ने बताया कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक एक्यूप्रेशर चिकित्सा का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम संस्थान द्वारा संचालित हो रहे हैं।

## मोटोरोला ने किया प्रीमियम पोर्टफोलियो का विस्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में ग्लोबल लीडर मोटोरोला ने देश में अपनी मजबूत विकास गति जारी रखी है। आईडीसी क्वार्टली मोबाइल फोन ट्रैकर की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 की पहली तिमाही में मोटोरोला टॉप 5 स्मार्टफोन ब्रांड्स में शामिल हो गया है। 2024 की पहली तिमाही में 9वें स्थान से 2026 की पहली तिमाही में 5वें स्थान तक पहुंचकर मोटोरोला ने पिछले दो वर्षों में भारतीय स्मार्टफोन उद्योग में सबसे मजबूत ग्रोथ में से एक दर्ज की है। इस दौरान कंपनी का मार्केट शेयर 4.6 प्रतिशत से बढ़कर 8.9 प्रतिशत हो गया है। यह उल्लेखनीय बढ़त सार्थक इनोवेशन, अलग डिजाइन, प्रीमियम अनुभव और सभी सेगमेंट में उपभोक्ता-केंद्रित रणनीति के कारण संभव हुई है।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पुस्तक 'अपनापन' के लोकार्पण समारोह में शामिल हुए मंत्री श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/पटना।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास, सूचना एवं जन-संपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने नई दिल्ली स्थित भारत रत्न सी. सुब्रमण्यम सभागार, पूसा परिसर में आयोजित केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पुस्तक 'अपनापन-नरेंद्र मोदी संग मेरे अनुभव' के लोकार्पण समारोह में भाग लिया। इस पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा और पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने किया। इस पुस्तक का प्रकाशन प्रभात प्रकाशन ने किया है। इनके अलावा कार्यक्रम में देशभर से अनेक



जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, कृषि विशेषज्ञ एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान की यह पुस्तक केवल व्यक्तिगत अनुभवों का संकलन नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, कार्यशैली और जनसरोकारों को निकटता से समझने का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की राजनीति को नई दिशा दी है जिसका प्रभाव गांवों और किसानों के जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार भी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय और किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## भीषण गर्मी में शिक्षकों पर दोहरे कार्य का भार अमानवीय : राजेश राठौड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में 2027 की जनगणना के लिए शिक्षकों को शिक्षण कार्य के साथ ही शिक्षा विभाग ने जनगणना कार्य में भी भीषण गर्मी में ड्यूटी लगाई है। बिहार शिक्षा विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि शिक्षक विद्यालय के समय के पहले या बाद में जनगणना के कार्य में लगेंगे। यह आदेश भीषण गर्मी को देखते हुए पूरी तरीके से अनुचित व अमानवीय है और जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों के लिए दोहरा कार्य है। ये बातें बिहार प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कही। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि इस फैसले से भरी दोपहरी में जब सभी को हिट वेब से बचने की सलाह दी जा रही है ऐसे में उसी वक्त शिक्षकों को जनगणना कार्य में लगाया जा रहा है जो अमानवीय है। शिक्षा विभाग के आदेश से स्पष्ट हो गया है कि शिक्षक स्कूल टाइम में जनगणना कार्य नहीं कर सकेंगे। जनगणना के चलते स्कूली बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए यह आदेश जारी किया गया है। हालांकि इससे शिक्षकों की मुश्किलें जरूर बढ़ गई हैं क्योंकि उन्हें विद्यालय के बाद भी सरकारी कार्यों में ही ड्यूटी देनी पड़ेगी।

# राजस्व मंत्री की सख्त चेतावनी, खराब प्रदर्शन वाले अधिकारियों पर कड़ी नजर

### लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में सोमवार से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिलावार राजस्व कार्यों की समीक्षा शुरू हुई। समीक्षा के पहले दिन पश्चिमी चंपारण, सहरसा एवं वैशाली जिले में राजस्व से संबंधित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान विभाग के सचिव जय सिंह ने खराब प्रदर्शन वाले अंचलाधिकारियों से दाखिल-खारिज, परिमार्जन, ई-मापी, अभियान बसेरा, सरकारी जमीन के वेरिफिकेशन, राजस्व महा-अभियान, जन शिकायत, सहयोग शिविर के आवेदन, फॉर्मर रजिस्ट्रेशन तथा भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं एडीएम स्तर पर लंबित मामलों की स्थिति की बारी-बारी से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान राजस्व मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने सभी लंबित मामलों के तेजी से निष्पादन के लिए अधिकारियों को एक पखवाड़े का समय दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि 15 दिन बाद पुनः समीक्षा की जाएगी और प्रगति का मूल्यांकन किया जाएगा। उन्होंने दाखिल-खारिज मामलों में डिफेक्ट चेक की प्रक्रिया पर नाराजगी जताते हुए कहा कि आवेदन में क्या कमी है, यह स्पष्ट रूप से दर्ज होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अधिकारी कमियों को स्पष्ट रूप से अंकित नहीं कर रहे हैं जिससे आवेदकों को परेशानी हो रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सुबह से देर रात तक सातों दिन कार्य करते हुए लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि हड़ताल के कारण लंबित हुए कार्यों को अतिरिक्त मेहनत से ही पूरा किया जा सकता है। राजस्व मंत्री ने परिमार्जन कार्यों में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि फॉर्मर रजिस्ट्रेशन अभियान को गति देने के लिए परिमार्जन मामलों का शीघ्र निष्पादन अत्यंत आवश्यक है। बैठक में पश्चिमी चंपारण के जिलाधिकारी तरनजीत सिंह, वैशाली की जिलाधिकारी वर्षा सिंह तथा सहरसा के प्रभारी जिलाधिकारी अपने-अपने जिले की ओर से समीक्षा बैठक में शामिल हुए। वैशाली जिले की वीडियो कांफ्रेंसिंग में विधायक अवधेश कुमार सिंह मौजूद रहे। वहीं सहरसा की समीक्षा बैठक में विधायक आईपी गुप्ता, विधायक डॉ. गौतम कृष्ण तथा विधायक संजय कुमार सिंह उपस्थित थे। इस दौरान राजस्व मंत्री के कार्यालय कक्ष में विभाग के सचिव जय सिंह के अलावा सचिव सीमा त्रिपाठी, विशेष सचिव इनायत खान, अपर सचिव प्रशांत सीएच, अपर सचिव डॉ महेंद्र पाल, अपर सचिव आजीव वत्सराज, विशेष कार्य पदाधिकारी मणि भूषण किशोर, उप निदेशक मोना झा, उप सचिव संजय कुमार सिंह, उप सचिव डॉ सुनील कुमार सिंह, उप सचिव अरविंद कुमार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बिहार में बाढ़ और सुखाड़ की तैयारियों की होगी समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य में संभावित बाढ़ और सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए सभी जिलों में तैयारियों की समीक्षा कराने का निर्णय लिया है। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की ओर से सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों के आप्त सचिवों को निर्देश जारी किए गए हैं। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के विशेष सचिव अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि सभी प्रभारी मंत्री 15 जून 2026 से पूर्व अपने प्रभार वाले जिलों में संभावित बाढ़ और सुखाड़ की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। समीक्षा के दौरान संबंधित जिलों में आपदा प्रबंधन, राहत सामग्री, जल संरक्षण, सिंचाई व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया जाएगा। जारी निर्देश में सभी प्रभारी मंत्रियों को इस संबंध में अवगत कराने का अनुरोध किया गया है। साथ ही इसकी सूचना सभी जिलाधिकारियों को भी भेजी जा रही है, ताकि समीक्षा बैठक की तैयारी समय पर सुनिश्चित की जा सके। सरकार का उद्देश्य मानसून से पहले संभावित आपदा की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों को मजबूत करना है जिससे बाढ़ और सुखाड़ जैसी परिस्थितियों में आम लोगों को राहत पहुंचाई जा सके।

## राजद नेत्री रितु जायसवाल सैकड़ों कार्यकर्ताओं संग भाजपा में शामिल, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पार्टी में किया स्वागत

### भाजपा राष्ट्र सेवा और विकास की राजनीति करने वाली पार्टी: संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आज आयोजित मिलन समारोह में राष्ट्रीय जनता दल की पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं राजद महिला मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल, राजद महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफेसर राजमणि, भागलपुर की अध्यक्ष सीमा जायसवाल, प्रदेश सचिव, युवा राजद माया गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सभी नए सदस्यों



को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया और उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर बिहार सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने अपने संबोधन में कहा कि आज बिहार की जनता परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति से पूरी तरह ऊब चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास, सुशासन और गरीब कल्याण की जो राजनीति स्थापित हुई है उससे प्रेरित होकर विभिन्न दलों के लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं।

## प्रधानमंत्री के 12 वर्ष 'संकल्प से सिद्धि' का स्वर्णिम काल : मंगल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर मैं उन्हें समस्त प्रदेशवासियों व सिवान सदर की सम्मानित जनता की ओर से हार्दिक बधाई देता हूं। ये 12 वर्ष भारत के इतिहास में 'सुशासन, विकास और राष्ट्रगौरव' के पर्याय बन गए हैं। अनुच्छेद 370 की समाप्ति से कश्मीर को मुख्यधारा से जोड़ा गया। राम मंदिर निर्माण से 500 वर्षों का संकल्प पूरा हुआ। उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, पीएम आवास से गरीबों को सम्मान मिलना। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, आयुष्मान कार्ड 'अंत्योदय' का प्रमाण है।

# कभी बिहार के युवाओं की उम्मीद बना केवाईपी अब खुद संकट में

### केंद्र संचालकों ने सरकार पर उठाए सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना/वैशाली।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी), जिसने पिछले कई वर्षों में लाखों युवाओं को डिजिटल शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार की दिशा दिखाई, आज खुद गंभीर संकट से गुजर रही है। राज्यभर के केवाईपी केंद्र संचालकों, शिक्षकों और छात्रों ने बिहार कौशल विकास मिशन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए योजना को बचाने की मांग की है। वर्ष 2016 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में '7 निश्चय' योजना के तहत शुरू किया गया केवाईपी बिहार के युवाओं के लिए एक बड़ी पहल माना गया था। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा,



अंग्रेजी संवाद कौशल, सॉफ्ट स्किल और डिजिटल प्रशिक्षण देकर रोजगार योग्य बनाना था। ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों तक डिजिटल शिक्षा पहुंचाने में केवाईपी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह कार्यक्रम बिहार के 38 जिलों एवं 534 प्रखंडों में लगभग 1800 प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से संचालित है। केंद्र संचालकों का दावा है कि अब तक 25 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है जबकि प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 30 लाख से अधिक युवा इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। केवाईपी के जरिए हजारों युवाओं को निजी कंपनियों, बैंकिंग सेक्टर, डिजिटल सेवा केंद्रों और स्वरोजगार से जुड़ने का अवसर मिला। यही वजह रही कि 'आर्थिक हल, युवाओं को बल' कार्यक्रम के अंतर्गत केवाईपी को बिहार सरकार की सबसे सफल योजनाओं में गिना जाने लगा। लेकिन अब यही योजना अव्यवस्था और तकनीकी समस्याओं के कारण विवादों में है। केंद्र संचालकों का आरोप है कि बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा नॉलेज पार्टनर के रूप में स्कूलनेट इंडिया को जिम्मेदारी दिए जाने के बाद से केवाईपी की स्थिति लगातार खराब हुई है। संचालकों के अनुसार प्रशिक्षण समय पर पूरा नहीं हो पा रहा है, ऑनलाइन पोर्टल में लगातार तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं, परीक्षा नियमित रूप से नहीं हो रही, हजारों छात्रों का रिजल्ट लंबित है और बड़ी संख्या में युवाओं को अब तक प्रमाणपत्र नहीं मिल पाया है।

# शांति समिति की बैठक में बकरीद सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम/विक्रमगंज।** बकरीद को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रोहतास थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष ललन कुमार एवं अंचल पदाधिकारी सुश्री कुमारी ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान ईदगाह कमेटी के सदस्य, शांति समिति के प्रतिनिधि, नगर पंचायत के गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित रहे। बैठक में बकरीद की नमाज के समय एवं साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि नगर पंचायत रोहतास स्थित ईदगाह में सुबह 7 बजे तथा जामा मस्जिद में सुबह 7:30 बजे नमाज अदा की जाएगी। वहीं प्रखंड क्षेत्र के अन्य मस्जिदों में भी सुबह 7 बजे नमाज का समय निर्धारित किया गया है। थाना अध्यक्ष ललन कुमार ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के साथ पर्व मनाएं। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। सीओ सुश्री कुमारी ने कहा कि कुर्बानी के बाद निकलने वाले अवशेषों एवं वेस्ट मटेरियल का उचित निस्तारण नगर पंचायत के स्वच्छता प्रभारी के माध्यम से कराया जाएगा, ताकि साफ-सफाई बनी रहे और लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में शौकत नेयाजी, अजय देव, जीशान खान, कासिम अंसारी, रवि पासवान, विशाल देव, कृष्ण यादव, आरजू खान, अजय कांत, सिद्धेश्वर वर्मा, राजेंद्र पांडे, जयप्रकाश वर्मा, संजीव कुमार, रोहित, सनोज कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

दूसरी ओर बिक्रमगंज थाना परिसर में ईद उल-जोहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार की अध्यक्षता शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस इंस्पेक्टर निकुंज भूषण, बीडीओ सुनील कुमार गौतम सहित अनुमंडल के सभी थानाध्यक्ष, बीडीओ, सीओ, कार्यपालक पदाधिकारी, अग्निशमन व एक्साइज विभाग के अधिकारी, शांति समिति सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।

# सासाराम और कैमूर के पर्यटन को सरकार की पहल से मिलेगी नई राह

**अखिलेश कुमार / नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** बिहार सरकार द्वारा पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए नए कदम से रोहतास और कैमूर जिले को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर मजबूत पहचान मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। खासकर सासाराम और आसपास के क्षेत्रों में एडवेंचर टूरिज्म और ईको टूरिज्म की अपार संभावनाओं को देखते हुए यह पहल काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव बी. राजेंदर द्वारा सभी विभागों के प्रधान सचिवों, जिलाधिकारियों और आरक्षी अधीक्षकों को जारी निर्देश के तहत अब सरकारी अधिकारी और कर्मचारी हर तीन महीने में दो दिनों के लिए परिवार के साथ पर्यटन क्षेत्रों में प्रवास करेंगे। पर्यटन विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस पहल को गंभीरता और ईमानदारी से लागू किया गया तो बिहार आने वाले समय में पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान बना सकता है। खासकर रोहतास और कैमूर क्षेत्र में प्राकृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहरों की भरमार होने के बावजूद अब तक अपेक्षित स्तर पर विकास नहीं हो सका है। सासाराम और कैमूर क्षेत्र देश के प्रमुख पर्यटन केंद्र सारनाथ-वाराणसी तथा बोधगया-राजगीर मार्ग के बीच स्थित है। इस मार्ग से बड़ी संख्या में विशेषकर बौद्ध धर्मावलंबी पर्यटक गुजरते हैं, लेकिन पर्याप्त प्रचार-प्रसार और सुविधाओं के अभाव में उनका ठहराव इस क्षेत्र में नहीं हो पाता जबकि यहां रोहतासगढ़ किला, शेरगढ़ किला, शेरशाह का मकबरा, दुर्गावती जलाशय, मांझर कुंड, करकटगढ़ जलप्रपात, तेलहर जलाशय, मुंडेश्वरी मंदिर, गुप्ताधाम, ताराचंडी मंदिर, महादेव खोह और इंद्रपुरी जलाशय जैसे अनेक महत्वपूर्ण स्थल मौजूद हैं। पर्यटन के जानकारों का कहना है कि यदि इन स्थलों को व्यवस्थित रूप से विकसित किया जाए तो यह क्षेत्र एडवेंचर, धार्मिक, ऐतिहासिक और ईको टूरिज्म का बड़ा केंद्र बन सकता है। इससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, होटल, होम-स्टे, परिवहन और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा तथा सरकारी राजस्व में भी वृद्धि होगी। सरकार की इस पहल को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। प्रतिपक्ष ने इसे सरकारी धन का दुरुपयोग बताया है। हालांकि सरकार का तर्क है कि अधिकारियों के लिए 'बिहार दर्शन' कार्यक्रम शुरू करने के साथ ही नौकरशाहों की विदेश यात्राओं पर छह महीने तक रोक लगा दी गई है।

# जमीनी बंटवारे को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प, तीन नामजद अभियुक्त गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** थाना क्षेत्र के ग्राम चांदी में जमीनी बंटवारे को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। घटना की सूचना मिलते ही अकोढ़ीगोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थिति को नियंत्रित किया। इस मामले में अकोढ़ीगोला थाना कांड संख्या 202/26 एवं 203/26 दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने प्राथमिकी में नामजद तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में अखिलेश कुमार (35 वर्ष), पिता तुलसी सिंह, धनंजय सिंह (45 वर्ष) तथा शिव शंकर सिंह, पिता केशो सिंह शामिल हैं। सभी आरोपी ग्राम चांदी, थाना अकोढ़ीगोला, जिला रोहतास के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। रोहतास पुलिस ने कहा है कि जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई जारी है।

# बस-टेंपो की टक्कर में कई घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** थाना क्षेत्र के तुम्बा गांव के समीप डिहरी-बंजारी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार की दोपहर एक बस एवं टेंपो की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में टेंपो चालक समेत कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई तथा आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घायलों की पहचान कमरानगंज निवासी विनोद चौधरी एवं रेशमा देवी, खेरवा निवासी शिवपूजन राम, सुंदरगंज निवासी पवन कुमार एवं सतनाम राम तथा कुशडिहरा निवासी आरजू खान के रूप में हुई है। स्थानीय ग्रामीणों एवं 112 आपातकालीन सेवा की टीम के सहयोग से सभी घायलों को एंबुलेंस एवं पुलिस वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रोहतास पहुंचाया गया।

# इंद्रपुरी बराज से एक जून से नहरों में छोड़ा जाएगा पानी, रबी फसलों की सिंचाई होगी सुचारु

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रबी फसलों की सिंचाई को लेकर जल संसाधन विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। इंद्रपुरी बराज से आगामी 1 जून से पश्चिमी एवं पूर्वी मुख्य नहरों में पानी छोड़ा जाएगा। इसके लिए बराज में पानी भंडारण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार रोहतास जिले के अलावा कैमूर, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, अरवल तथा पटना जिले की नहरों में भी सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इससे धान की नर्सरी, मक्का, दलहन एवं सब्जी की फसलों को सीधा लाभ मिलेगा। जल संसाधन विभाग मॉनिटरिंग की कार्यपालक अभियंता भारतीय रानी ने बताया कि किसानों की आवश्यकता के अनुसार नहरों में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी तथा सिंचाई के लिए पानी की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हर खेत तक नहर का पानी पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि मध्य प्रदेश स्थित बाणसागर जलाशय में बिहार के हिस्से का एक मिलियन एकड़ फीट तथा उत्तर प्रदेश के रिहन्द जलाशय में 2.59 मिलियन एकड़ फीट पानी भंडारित है। पानी की उपलब्धता एवं निगरानी सुनिश्चित करने के लिए बाणसागर जलाशय पर सहायक अभियंता प्रभात कुमार तथा रिहन्द जलाशय पर देवव्रत बर्णवाल को प्रतिनियुक्त किया गया है।

# दो बाइकों की टक्कर में अधिवक्ता की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट नगर पंचायत के गोडारी मुख्य बाजार में मंगलवार दोपहर दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। एनएच 120 पर माधव साह के मील के समीप बिक्रमगंज और डिहरी की तरफ से आ रही दो स्प्लेंडर बाइकों की आमने-सामने भीषण भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकें चकनाचूर हो गईं और मौके पर चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में दावथ थाना क्षेत्र के कोआथ नकटौली गांव निवासी 55 वर्षीय एडवोकेट राम कुमार पांडे ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। स्वर्गीय रघुनंदन पांडे के पुत्र राम कुमार पांडे डालमियानगर के क्वार्टर में अपने परिवार के साथ रहते थे और बिक्रमगंज व डिहरी दोनों अदालतों में वकालत करते थे। बताया गया कि वह मंगलवार को बिक्रमगंज से अपना काम निपटाकर घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। वहीं दूसरी बाइक चला रहे औरंगाबाद जिले के बवनडीहा निवासी 30 वर्षीय दानिश कुरैशी बुरी तरह जख्मी हो गए। स्वर्गीय मकसूद कुरैशी के बेटे दानिश को स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत ऑटो से काराकाट सीएचसी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत खतरे से बाहर बताई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद दोनों चालक सड़क पर गिर पड़े थे। सूचना मिलते ही काराकाट थाना प्रभारी विवेक कुमार, एसआई योगेश कुमार और सोनू कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने भीड़ को हटाकर यातायात सामान्य कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेजने की प्रक्रिया शुरू की।

# एसडीएम ने जनता दरबार में सुनीं लोगों की फरियादें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में आम नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इस जनसुनवाई के दौरान अनुमंडल क्षेत्र के कुल 39 परिवादी उपस्थित हुए और उन्होंने अपनी-अपनी शिकायतें रखीं। प्राप्त आवेदनों में भूमि विवाद से संबंधित सर्वाधिक 24 मामले दर्ज किए गए जबकि राशन कार्ड से जुड़ी समस्याओं को लेकर 11 नागरिकों ने आवेदन दिए। इसके अतिरिक्त अन्य श्रेणियों के 04 मामले भी जनता दरबार में आए। अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रत्येक परिवादी की बात गंभीरता से सुनी और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने सभी संबंधित कार्यालयों एवं पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदन पत्रों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन करने का स्पष्ट निर्देश दिया ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न हो। भूमि विवाद के मामलों को राजस्व विभाग तथा राशन कार्ड संबंधी शिकायतों को आपूर्ति विभाग को अग्रसारित कर समयबद्ध निपटारे का आदेश दिया गया। जनता दरबार में आए लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से आम लोगों को अपनी बात सीधे अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिलता है। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि 'सबका सम्मान-जीवन आसान' का उद्देश्य शासन को जनता के द्वार तक ले जाना और नागरिकों के जीवन को सरल बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर आवेदन पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत की जाए। प्रशासन का दावा है कि इस पहल से शिकायतों के निपटारे में पारदर्शिता बढ़ेगी और लोगों का शासन पर विश्वास मजबूत होगा।

# पिकअप ने कार में मारी टक्कर, एक ही परिवार के चार घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बस स्टैंड के समीप एक तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने पीछे से कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार स्थानीय न्यू डिलिया निवासी सवीन कुमार सिंह अपने परिवार के साथ औरंगाबाद में आयोजित एक बर्थडे पार्टी में शामिल होने जा रहे थे। बस स्टैंड के पास रिश्तेदार का इंतजार करने के लिए उन्होंने अपनी कार सड़क किनारे खड़ी की थी। परिवार के सभी सदस्य गाड़ी में ही बैठे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप वैन ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में सवीन कुमार सिंह की माता धर्मशिला देवी, पत्नी पंचाली कुमारी, बहन सुमन देवी तथा पुत्र युवराज सिंह घायल हो गए। सभी घायलों को निजी चिकित्सक के पास ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया गया। हादसे के बाद बोलेरो पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो पिकअप वैन संख्या बीआर 21 यू 7859 को जब्त कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# चोरी के दो मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेल थाना डिहरी ऑन-सोन की संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन परिसर में कार्रवाई करते हुए चोरी के दो मोबाइल फोन के साथ एक शातिर मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई गई है। जानकारी के अनुसार सोमवार को आरपीएफ पोस्ट डिहरी ऑन-सोन के सहायक उप निरीक्षक हरेराम कुमार, सहायक उप निरीक्षक शोभनाथ राम तथा जीआरपी डिहरी ऑन-सोन के थानाध्यक्ष एवं अन्य स्टाफ संयुक्त रूप से स्टेशन क्षेत्र में गश्त, चेकिंग और आपराधिक गतिविधियों की निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान प्लेटफार्म संख्या 02/03 के पश्चिमी फुट ओवरब्रिज के नीचे एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में युवक की पहचान प्रिंस कुमार (20 वर्ष), पिता स्व. समरजीत प्रसाद, निवासी पोस्टल पार्क रोड नंबर-03, डॉ. नंदकिशोर गली, थाना गुलजारबाग, जिला पटना के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने दोनों मोबाइल ट्रेनों में यात्रियों से चोरी किए थे। इसके बाद आरपीएफ एवं जीआरपी ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी को बरामद मोबाइलों सहित अग्रिम कार्रवाई के लिए रेल थाना डिहरी ऑन-सोन को सौंप दिया।


**झारखण्ड सरकार**
**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग**
**न्यायालयः—प्राधिकृत पदाधिकारी—सह—वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।**

**सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वनोपज एवं वाहन पर प्राधिकृत पदाधिकारी—सह—वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राजसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निम्नलिखित निर्धारित सुनवाई की तिथि एवं समय को प्राधिकृत पदाधिकारी—सह—वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वनोपज एवं वाहन तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :—

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ की विवरणी | सुनवाई की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 / 2026 (i) | साल बल्ली (40 पीस) | दिनांक 10.06.2026 समय 11.00 बजे पूर्वाहन्। |
| 02 | 04 / 2026 (i)<br>(ii)<br>(iii)<br>(iv) | सीधा बल्ली (06 पीस)<br>केन्द बल्ली (02 पीस)<br>साल बल्ली (26 पीस)<br>आसन बल्ली (08 पीस) | दिनांक 10.06.2026 समय 11.00 बजे पूर्वाहन्। |
| 03 | 08 / 2026 (i) | साल बोटा (19 पीस) | दिनांक 10.06.2026 समय 11.00 बजे पूर्वाहन्। |
| 04 | 11 / 2026 (i) | साल बोटा (17 पीस) | दिनांक 10.06.2026 समय 11.00 बजे पूर्वाहन्। |
| 05 | 13 / 2026 (i)<br>(ii)<br>(iii) | स्पलेन्डर प्लस मोटरसाईकिल निबंधन संख्या—(JH05G-1736)<br>पैसन प्रो मोटरसाईकिल निबंधन संख्या—(JH03-5518)<br>साल चौपहल (08 पीस) | दिनांक 10.06.2026 समय 11.00 बजे पूर्वाहन्। |
| 06 | 25 / 2026 (i) | साल बोटा (14 पीस) | दिनांक 10.06.2026 समय 11.00 बजे पूर्वाहन्। |
| 07 | 18 / 2026 (i) | अर्जुन बल्ली (06 पीस) | दिनांक 10.06.2026 समय 11.00 बजे पूर्वाहन्। |

प्राधिकृत पदाधिकारी,
—सह— वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

PR 380791 (Forest, Environment and Climate Changes) 26-27 (D)


# युवक पर जानलेवा हमला, आठ पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के पूर्वी मोहन बिगहा निवासी राजेश कुमार पाण्डेय ने आठ लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाने में दिए आवेदन में राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि वह अपने मित्र के बेटे के जन्मदिन समारोह से लौटने के दौरान दोस्त पवन कुमार के साथ दुर्गा मंदिर स्टेशन के पास चाय पी रहा था। इसी दौरान न्यू एरिया निवासी कमलेश यादव, दिनेश यादव, गोलू यादव, सोलू यादव, छोटू यादव, कृष्णा चौहान उर्फ तरई तथा अप्पू उर्फ अमर विश्वकर्मा समेत अन्य लोगों ने उसे घेर लिया। आरोप है कि दिनेश यादव ने उसका कॉलर पकड़कर दुर्गा मंदिर के पीछे स्थित सब्जी मंडी मोड़ के पास ले गया जहां सभी आरोपियों ने लाठी-डंडे एवं अंडा बनाने वाले फ्राइंग पैन से उसकी जमकर पिटाई की। हमले में राजेश का सिर फट गया तथा नाक, मुंह, हाथ-पैर और आंख में गंभीर चोटें आईं। पीड़ित ने बताया कि आंख में चोट लगने के कारण उसे कम दिखाई दे रहा है। राजेश के अनुसार हमलावर उसे मरा हुआ समझकर घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गए। आसपास के लोगों ने उसे उठाकर डिहरी नगर थाना पहुंचाया जहां से पुलिस ने इलाज के लिए सरकारी अस्पताल भेजा। बाद में उसे डॉ. तार बंगला स्थित एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने आवेदन में बताया कि कमलेश यादव, गोलू यादव एवं उनके भाई घर के पास गलत हरकतें करते थे।

# गौकशी पर प्रशासन के खिलाफ फूटा आक्रोश, कार्रवाई नहीं हुई तो विहिप करेगा व्यापक आंदोलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व हिंदू परिषद ने जिले में हो रही कथित गौकशी की घटनाओं एवं प्रशासनिक निष्क्रियता पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि जिले में खुलेआम गौकशी का कार्य चल रहा है, परंतु प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री यश उपाध्याय ने कहा कि गौवंश सनातन आस्था एवं भारतीय संस्कृति का प्रमुख आधार है। किंतु प्रशासन की उदासीनता के कारण गौ तस्करी एवं गौकशी करने वालों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अविलंब कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बजरंग दल के जिला संयोजक चंदन गुप्ता ने कहा कि बकरीद के अवसर पर कानून व्यवस्था एवं गौ संरक्षण को लेकर प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की भावनाओं की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। गौरक्षा प्रमुख रणधीर ने जिले में सक्रिय गौ तस्करी गिरोहों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रशासन को संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखनी चाहिए तथा अवैध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगानी चाहिए। विहिप के प्रांत सुरक्षा प्रमुख दीपक दास ने कहा कि गौ संरक्षण केवल धार्मिक विषय नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति एवं सामाजिक चेतना का विषय है जिस पर सभी को गंभीरता से कार्य करना चाहिए।

# बढ़ते तापमान से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** प्रचंड हीट वेव ने बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र में जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। तापमान 43 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर जाने से हालात बेकाबू हो गए हैं और बच्चों, बुजुर्गों सहित सभी लोगों का जीना मुहाल हो गया है। दोपहर होते ही बाजारों और मुख्य सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है क्योंकि भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के कारण घर से बाहर निकलना जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। खासकर कमजोर, बीमार, गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों को इस मौसम में सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सकों ने लोगों को सख्त सलाह दी है कि सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। तेज धूप और हीट वेव के कारण सिर में चक्कर, डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त, बेहोशी और हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ गया है। ओपीडी में लू लगने और डायरिया के

## तापमान 43 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार

मरीजों की संख्या में अचानक 40% तक का इजाफा हुआ है। दैनिक मजदूरी, खेती-किसानी और दुकानदारी जैसे रोजमर्रा के कामकाज तो ठप पड़े ही हैं, इलाज के लिए अस्पताल तक पहुंचना भी लोगों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। इस भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती ने लोगों की परेशानी को दोगुना कर दिया है। उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती से लोगों में बेचैनी बढ़ जाती है। रात में भी बिजली कटने से लोग चैन से सो नहीं पा रहे हैं जिसका सीधा असर बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों की हालत भी दयनीय है। वन्य जीव और लावारिस घूमने वाले पशु पानी और छांव की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं। क्षेत्र के अधिकांश तालाब, पोखर और आहर सूख चुके हैं जिसके कारण उनके सामने भी जीवन का संकट खड़ा हो गया है। कई जगहों पर मवेशियों के बीमार पड़ने और पक्षियों के प्यास से मरने की खबरें भी सामने आ रही है। गर्मी से बचने के लिए लोग तरह-तरह के जतन कर रहे हैं। गीले कपड़े से शरीर को ढकना, नींबू पानी, बेल का शरबत, ओआरएस और छाछ का सेवन बढ़ गया है। बाजारों में गन्ने के जूस और सत्तू की मांग भी तेज हो गई है। प्रखंड प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि जरूरी काम हो तभी घर से निकलें, निकलते समय सिर को सूती कपड़े या गमछे से ढककर रखें और ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ पीएं। बीडीओ ने पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देश दिया है कि सार्वजनिक जगहों पर प्याऊ की व्यवस्था करें और पशुओं के लिए घरों के बाहर पानी के बर्तन रखें। वहीं बिजली विभाग ने बताया कि ओवरलोड के कारण ट्रिपिंग हो रही है, जल्द सुधार का प्रयास जारी है। फिलहाल मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों तक हीट वेव से राहत न मिलने की आशंका जताई है जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई है।


**झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू**

**भर्ती कैम्प सूचना**

जिला नियोजन (रोजगार) कार्यालय, पलामू के द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को नियोजनालय, पलामू के कार्य योजनाओं एवं गतिविधियों से संबंधित जागरूकता सेमिनार के आयोजन के साथ ही निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर सुगमता से प्रदान करने हेतु दिनांक—29.05.2026 दिन शुक्रवार को जिला नियोजनालय परिसर, डालटनगंज में 10:30 बजे (पूर्वा0) से 3:00 बजे (अप0) तक जागरुकता सेमिनार—सह—भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्न नियोजकों के द्वारा उपस्थित रहने की सहमति जताई है :—

| S. No | Company Name | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification | Age | Salary | Place of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | | 9 |
| 1 | SIS Ltd, Garhwa | Security Guard | 50 | 10th | 19-40 | 14000-25000 | Pan India |
| | | Security Supervisor | 50 | 12th | 21-37 | 16000-30000 | |
| | | GTO | 50 | Graduate | 21-37 | 25500-27500 | |
| 2 | Svatanrtra Microfin Ltd. | SFO | 40 | 10th Pass | 18-28 | 12,770/- | All Jharkhand |
| 3 | SBI Life Insurance Co. Ltd. | Development Manager | M-06 F-02 | Graduate | Below 45 | 20000/- | Palamu |
| | | Life Mitra (Insurance Advisor) | 50 | 10th | Below 60 | Commission Basis | |
| 4 | Airtel (Teamlease) | Field Technician | 40 | 10+ITI | 18-33 | 19000-24000 | Jamshedpur |

जागरूकता सेमिनार—सह—भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक अपना बायोडाटा, सभी शैक्षणिक—प्रशैक्षणिक प्रमाण—पत्र, आधारकार्ड, 2 पासपोर्ट साईज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं स्थानीय निवासी प्रमाण—पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) के साथ जागरूकता सेमिनार—सह—भर्ती कैम्प में भाग लें। इस रिक्तियों के विरूद्ध भर्ती कैम्प के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है। जागरूकता सेमिनार—सह—भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

नोट :— रिक्ति से संबंधित विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क कर सकते हैं।

PR.NO.380836 District(26-27):D

जिला नियोजन पदाधिकारी, पलामू

# सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई : जिलाधिकारी

## एनएच-20 पर अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण के विरुद्ध चलेगा विशेष अभियान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन तथा दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने जिला परिवहन पदाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) को निर्देश दिया कि एनएच-20 पर अवैध रूप से वाहनों की पार्किंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सर्विस रोड पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध सीमांकन कर संबंधित थाना एवं अंचलाधिकारी के माध्यम से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों एवं सर्विस रोड के समीप आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर लगाने का भी निर्देश दिया गया। सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने, यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन एवं आधुनिक तकनीक आधारित निगरानी व्यवस्था विकसित करने के उद्देश्य से नवादा जिले में इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण चौक-चौराहों एवं दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान की गई है, जहां आईटीएमएस प्रणाली स्थापित की जाएगी।

**जिले में चिन्हित प्रमुख स्थल इस प्रकार हैं**

विश्व शांति चौक, हिसुआ (एसएच-08)
शहीद चंदन सिंह चौक, वारिसलीगंज (एसएच-82)
पकरीबरावां वारिसलीगंज मोड़ (एसएच-08)
सिउर मोड़, रोह (एसएच-83)
रजौली बस स्टैंड (एनएच-20)
फतेहपुर मोड़ (एनएच-20)
खानपुर हिसुआ रोड (एसएच-08)
कादिरगंज थाना मोड़ (एसएच-83)
धर्मशीला देवी हॉस्पिटल मोड़ (एमडीआर)
प्रजातंत्र चौक (एमडीआर)
सद्भावना चौक (एनएच-20)
रेलवे गुमटी (एमडीआर)

आईटीएमएस के अंतर्गत ई-इन्फोर्समेंट, ट्रैफिक मॉनिटरिंग, रेड लाइट उल्लंघन पहचान, स्पीड मॉनिटरिंग सहित कई अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी स्कूल वाहनों में गति नियंत्रण उपकरण (स्पीड गवर्नर), वीएलटीडी, पैनिक बटन, जीपीएस एवं रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। साथ ही 14 सीटर से अधिक क्षमता वाले विद्यालय वाहनों में सीसीटीवी कैमरा स्थापित करने का निर्देश दिया गया।

# जिलाधिकारी ने परिवादियों के मामले का किया निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलों की सुनवाई की। आज द्वितीय अपील के तहत कुल छह परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से तीन मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण कर दिया गया।

प्रस्तुत द्वितीय अपीलवादों में शीतल प्रसाद द्वारा बिहार सरकार की जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने के संबंध में, साजन कुमार द्वारा निजी भूमि पर प्रशासन द्वारा मिट्टी भर दिए जाने के संबंध में, लालो देवी द्वारा आने-जाने के लिए रास्ता दिलाने के संबंध में, सत्यम सागर द्वारा नल-जल योजना के संबंध में, नवीन कुमार द्वारा अवैध रूप से ई-चालान काटने के संबंध में तथा राजकुमार चौधरी द्वारा पशु शेड का लाभ/राशि नहीं मिलने से संबंधित मामलों में ऑनलाइन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जांच प्रतिवेदन भेजे जाने के उपरांत आज शिकायतों की सुनवाई की गई। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले की सुनवाई कर दो माह के भीतर उसका निवारण किया जाता है। प्रखंड स्तर पर पंचायतों से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के समाधान हेतु अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकता है, जबकि जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण के लिए जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों की सुनवाई एवं निवारण दोनों पक्षों को बुलाकर किया जाता है तथा इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है और आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है। अब शिकायतों का निवारण और भी आसान हो गया है तथा नागरिक ऑनलाइन भी शिकायत एवं अपील दर्ज कर सकते हैं। आप भी बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं और निश्चित समय-सीमा के भीतर समाधान प्राप्त करें।

# 24 घंटे में 42 गिरफ्तार, शराब जब्त

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पिछले 24 घंटों में जिले भर में चलाए गए विशेष अभियान में कुल 42 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही भारी मात्रा में अवैध शराब और गांजा भी बरामद किया गया। पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपियों में हत्या के 3, हत्या के प्रयास के 10, एनडीपीएस एक्ट के 3, बलात्कार के 1, आर्म्स एक्ट के 1 और मद्यनिषेध के 3 मामले शामिल हैं। इसके अलावा अन्य शीर्षों में 21 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। अभियान के दौरान पुलिस ने 81 लीटर महुआ शराब और 4.05 लीटर विदेशी शराब बरामद की। इसके अलावा 0.053 ग्राम गांजा और 4,500 रुपये नकद भी जब्त किए गए। गोविन्दपुर थाना क्षेत्र में सकरी नदी के किनारे से 60 लीटर महुआ शराब के साथ श्रवण चौधरी को पकड़ा गया। वहीं नगर थाना पुलिस ने प्रजातंत्र चौक से 4.05 लीटर विदेशी शराब जब्त की। रुपौ थाना ने भी 21 लीटर महुआ शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया।

# बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी का विस्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय शेरपुर, प्रखंड वारिसलीगंज में बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखंड इकाई वारिसलीगंज का कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। मंच की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार एवं मंच का संचालन दिनेश महता (प्रधानाध्यापक) द्वारा किया गया। जिला अध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान, जिला सचिव अजय कुमार एवं जिला कार्यालय सचिव सुरेश प्रसाद सिंह के द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर बैठक प्रारंभ की गई। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान ने कहा कि जब से वारिसलीगंज प्रखंड को नगर परिषद बनाया गया है उसी समय से हीं नगर परिषद के परिसीमन से आठ किलोमीटर के परिधि में अवस्थित विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षकों का नियमानुकूल शहरी आवास भत्ता 10 प्रतिशत दिया जाना चाहिए। शिक्षकों की शिकायत है कि अभी भी काफी शिक्षकों का शहरी आवास भत्ता नियमानुकूल नहीं मिल पा रहा है। नियोजित शिक्षकों का बकाया राशि जो वर्षो से लंबित है। विभाग द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है। नियोजित शिक्षकों का 12 वर्षीय कालबद्ध प्रोन्नति एवं विशिष्ट शिक्षकों का आठ वर्षीय प्रोन्नति पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के मनमानेपन के कारण प्रखंड स्तर से जिला शिक्षा कार्यालय, स्थापना शाखा, नवादा को सेवा-पुस्त भेजा नहीं जा रहा है जिस कारण प्रोन्नति देने में विलंब हो रही है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी वारिसलीगंज खुलेआम शिक्षकों से राशि की मांग करते हैं। बहुत दुःख की बात है।

# नगर परिषद्, हिसुआ के लिए सशक्त स्थायी समिति के तीन सदस्यों का निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नगर विकास एवं आवास विभाग की अधिसूचना तथा बिहार नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम-2026 के प्रावधानों के अनुसार सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का निर्वाचन निर्वाचित वार्ड पार्षदों द्वारा गुप्त मतदान के माध्यम से बहुमत के आधार पर कराया जा रहा है। नवादा जिला अंतर्गत कुल दो नगर परिषद् — नगर परिषद्, हिसुआ एवं नगर परिषद्, वारिसलीगंज — तथा 01 नगर पंचायत, रजौली में सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का निर्वाचन कराया जाना है।

निर्वाचन परिणाम इस प्रकार हैं

**सदस्य संख्या-01**

1.मो० इबरार आलम, वार्ड संख्या-16 के वार्ड पार्षद — प्राप्त मत : 10

2.पंकज कुमार, वार्ड संख्या-13 के वार्ड पार्षद — प्राप्त मत : 17 (निर्वाचित)

**सदस्य संख्या-02**

1.विनोद कुमार, वार्ड संख्या-05 के वार्ड पार्षद — प्राप्त मत : 10

2.अशोक कुमार, वार्ड संख्या-08 के वार्ड पार्षद — प्राप्त मत : 17 (निर्वाचित)

**सदस्य संख्या-03**

1.सन्ध्या कुमारी, वार्ड संख्या-03 के वार्ड पार्षद — प्राप्त मत : 11

2.मनोज कुमार, वार्ड संख्या-20 के वार्ड पार्षद — प्राप्त मत : 16 (निर्वाचित)

आगामी कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत, रजौली में तीन पार्षद सदस्यों का निर्वाचन 27 मई 2026 को तथा नगर परिषद्, वारिसलीगंज में तीन पार्षद सदस्यों का निर्वाचन 29 मई 2026 को संपन्न कराया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित निकायों में निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित की गई हैं।

# श्रम विभाग ने एक बाल श्रमिक को कराया मुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** श्रम संसाधन विभाग, बिहार के निर्देश पर नालंदा जिले में बाल श्रम के खिलाफ विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बिहारशरीफ सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में बिहारशरीफ प्रखंड के नईसराय क्षेत्र में विशेष धावा दल द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया गया।

जांच के दौरान नईसराय स्थित एक प्रतिष्ठान से एक बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया। श्रम अधीक्षक अश्विनी कुमार ने बताया कि जिले में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर यह अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषी नियोजकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत संबंधित नियोजकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# 10 दिनों के भीतर लूटकांड का खुलासा, दो आरोपित गिरफ्तार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लूट की एक घटना का सफल उद्भेदन कर महज 10 दिनों के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से लूटे गए कैमरे, ड्रोन और मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। इस उपलब्धि को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। 16 मई 2026 को सिरदला थाना क्षेत्र के खरोन्ध रेलवे स्टेशन के समीप कफियारी जंगल में कुछ अपराधियों ने राहुल कुमार के साथ मारपीट कर उनका कैमरा, ड्रोन एवं मोबाइल फोन लूट लिया था। पीड़ित के बयान के आधार पर सिरदला थाना में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देश पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी अनुसंधान, गुप्त सूचना संग्रह और मानव खुफिया तंत्र की सहायता से लगातार छापेमारी अभियान चलाया। जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिसके आधार पर कांड में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान गुड्डू कुमार (20 वर्ष), पिता सरयू रविदास, निवासी शेरपुर, थाना सिरदला तथा मिथिलेश कुमार उर्फ गोलू (21 वर्ष), पिता नरेश मिश्री, निवासी शेरपुर, थाना सिरदला के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान दोनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लूटे गए दो कैमरे, एक ड्रोन और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पूछताछ के बाद दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है और यदि अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके विरुद्ध भी विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। इस सफल कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ पुलिस की सक्रियता का संदेश गया है तथा आम लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

# मानव ट्रैफिकिंग रोकथाम हेतु हुआ विचार-विमर्श



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** विद्वान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के निर्देश पर अरविन्द कुमार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा की पहल पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा द्वारा इंटरनेशनल जस्टिस मिशन के प्रतिनिधियों के साथ मानव तस्करी की रोकथाम हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में आई0जे0एम0 के प्रतिनिधिगण उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि मानव तस्करी एक गंभीर समस्या है, जिसकी रोकथाम किया जाना आवश्यक है। इसके लिए इंटरनेशनल जस्टिस मिशन के तहत मानव तस्करी रोकथाम की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसे लागू कर मानव तस्करी को रोका जा सकता है।

**18 जुलाई, 2026 को सुलहनीय योग्य मामलों का होगा निष्पादन**

नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के निर्देश के आलोक में 18 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु आज दिनांक 26 जुलाई 2026 को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा अरविन्द कुमार के प्रकोष्ठ में नवादा न्यायमंडल के न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में धारा 138 एनआई एक्ट के सुलहनीय योग्य वादों की न्यायालयवार समीक्षा की गई, जिसमें सभी न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने न्यायालयों के वादों के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही निष्पादन हेतु चिन्हित वादों पर चर्चा की गई। उक्त बैठक में एनआई एक्ट के चिन्हित वादों की सूची कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नवादा, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नवादा, अनिता कुमारी, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, नवादा संतोष कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, नवादा सन्नी गौरव, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, नवादा, आकांक्षा आनन्द, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, नवादा, दीक्षा तथा न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, नवादा, अनुराग उपस्थित थे।

# शाही स्नान में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर मलमास मेला में 27 मई को आयोजित होने वाली शाही स्नान कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था, सुगम आवागमन, भीड़तंत्र पर नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संबंधित पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने समीक्षा बैठक की। मलमास मेला के अवसर पर सम्पूर्ण मेला क्षेत्र, कुंड परिसर, प्रमुख मंदिरों, पार्किंग स्थलों एवं मुख्य मार्गों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। सख्त निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी/ पुलिस पदाधिकारी समयबद्ध तरीके से अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर रहकर अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का ससमय निर्वहन सुनिश्चित करेंगे। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बैरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास मार्ग का पृथक्करण, अस्थायी नियंत्रण कक्ष, चिकित्सा शिविर, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की गई है। संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से सतत निगरानी की जा रही है। भीड़ नियंत्रण को प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न स्थलों पर आपदा मित्रों, स्काउट एंड गाइड,स्वयंसेवकों एवं होमगार्ड जवानों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। मेला क्षेत्र में लाउडस्पीकर के माध्यम से लगातार आवश्यक दिशा-निर्देश प्रसारित किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, निर्धारित मार्गों का ही उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की गलत अफवाहें पर ध्यान न दें। किसी भी आपात स्थिति अथवा सहायता हेतु नियंत्रण कक्ष एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है। मेला में बिहार के सभी जिलों से देश के विभिन्न राज्यों एवं पड़ोसी देश यथा नेपाल, श्रीलंका आदि देशों से बहुत बड़ी संख्या में तीर्थ यात्री/ पर्यटकगण / श्रद्धालु आ रहे हैं।

# राजगीर में बिहार पुलिस अकादमी का दीक्षांत समारोह, 19 प्रशिक्षु डीएसपी ने ली राष्ट्र सेवा की शपथ




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार पुलिस अकादमी राजगीर में 69वें बैच के प्रशिक्षु डीएसपी का भव्य दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर 19 प्रशिक्षु डीएसपी ने राष्ट्र सेवा की शपथ ली, जिनमें 5 महिला डीएसपी भी शामिल हैं। समारोह में बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और परेड की सलामी ली। समारोह को संबोधित करते हुए डीजीपी विनय कुमार ने कहा कि पुलिस सेवा कोई साधारण नौकरी नहीं, बल्कि समर्पण, त्याग और जनसेवा का माध्यम है। उन्होंने कहा कि अकादमी का प्रशिक्षण केवल शुरुआत है, असली परीक्षा अब फील्ड में होगी, जहां अधिकारियों को अपनी क्षमता और कर्तव्यनिष्ठा साबित करनी होगी।

उन्होंने कहा कि जनता की पुलिस से अपेक्षाएं काफी व्यापक होती हैं और पुलिस अधिकारियों को हमेशा कानून के दायरे में रहकर कार्य करना चाहिए। यदि जनता को यह महसूस हो कि पुलिस ही कानून तोड़ रही है, तो समाज में गलत संदेश जाता है। उन्होंने नवप्रशिक्षित अधिकारियों से पारदर्शिता, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के साथ सेवा करने का आह्वान किया। डीजीपी ने कहा कि पुलिस की नौकरी 24 घंटे की सेवा है और हर परिस्थिति में जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने युवा अधिकारियों से दहेज मुक्त विवाह करने की अपील करते हुए समाज में सकारात्मक संदेश देने की बात कही। इस अवसर पर अकादमी की निदेशक आर. मलार विझी ने बताया कि 1 अप्रैल 2025 से शुरू हुआ इन प्रशिक्षुओं का बुनियादी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा हुआ है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में फॉरेंसिक, साइबर अपराध अनुसंधान, यातायात प्रबंधन, अत्याधुनिक हथियार संचालन, नेतृत्व क्षमता और मानसिक-शारीरिक दक्षता का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षुओं ने राष्ट्रीय विधि विज्ञान विश्वविद्यालय में फॉरेंसिक, कैप्ट भोपाल में यातायात प्रबंधन, नेपा मेघालय में साइबर अपराध अनुसंधान तथा ग्रेहाउंड्स हैदराबाद में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके अलावा एनएसजी मानेसर और आईआईएम बोधगया में भी उन्हें आधुनिक तकनीक और नेतृत्व क्षमता से जुड़ी ट्रेनिंग दी गई।

निदेशक ने कहा कि बदलते समय में साइबर अपराध और तकनीक आधारित अपराधों से निपटने के लिए अधिकारियों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया है। समारोह के दौरान प्रशिक्षुओं ने आकर्षक परेड प्रदर्शन किया।

## एक नजर

### शिक्षकों की समस्याओं से रूबरू हुए एमएलसी डॉ0 नवल किशोर यादव

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी डॉ० नवल किशोर यादव ने मंगलवार को प्रखण्ड के विभिन्न उच्च विद्यालयों का दौरा कर शिक्षकों से संपर्क साधा। इस दौरान विद्यालयों में शिक्षकों ने उनका भव्य स्वागत किया तथा अपनी समस्याओं से अवगत कराया। दौरे के क्रम में बापू इंटर विद्यालय पांडेयगंगौट, इंटर विद्यालय कौआकोल एवं गायत्री प्रोजेक्ट बालिका इंटर विद्यालय सहित अन्य शिक्षण संस्थानों में बैठक आयोजित की गई। शिक्षकों ने वेतन विसंगति,प्रोन्नति,संसाधनों की कमी तथा विद्यालय संचालन से जुड़ी समस्याओं को एमएलसी के समक्ष रखा। मौके पर बापू इंटर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार, शिक्षक गौरव कुमार, इंटर विद्यालय कौआकोल के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा एवं गायत्री प्रोजेक्ट बालिका इंटर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार सहित कई शिक्षक मौजूद रहे। एमएलसी ने शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए समाधान के लिए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया।

### सीएचसी में कुव्यवस्था देख विधायक ने जताई नाराजगी

**पकरीबरावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र की विधायक अनीता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशिभूषण कुमार अनुपस्थित पाए गए। इस पर विधायकने गहरी नाराजगी जताई। अस्पताल बदहाल स्थिति में मिला। डॉक्टर एवं कर्मी के मौजूद नहीं रहने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मरीजों के लिए साफ- सुथरे बेड नहीं है। बेड की स्थिति सही नहीं पाई गई। बेडशीट की उचित व्यवस्था नहीं थी। अस्पताल परिसर में गंदगी फैली हुई थी। साफ- सफाई की काफी कमी पाई गई। निरीक्षण के दौरान जानकारी मिली कि लोगों से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए पैसे की मांग की जाती है। स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी अटेंडेंस बनाकर गायब रहते हैं। जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही है। विधायक ने नाराजगी जताते हुए इस तरह की लापरवाही एवं मनमाना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रदीप कुमार महतो, पूर्व प्रमुख अनिता पासवान, पूर्व मुखिया डॉ. अरुण यादव, धर्मेन्द्र यादव, सतीश यादव, प्रकाश यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### टी.एस.कॉलेज हिसुआ में स्नातक सेमेस्टर-6 की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

**हिसुआ /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद स्थित महाविद्यालय टी.एस.कॉलेज, हिसुआ में मगध विश्वविद्यालय बोध गया द्वारा आयोजित स्नातक सेमेस्टर -6 सत्र 2023-27 की परीक्षा मंगलबार को शांतिपूर्ण तथा कदाचार मुक्त ढंग से सम्पन्न हो गया। केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य डॉ.पवन कुमार शर्मा ने बताया कि मगध विश्वविद्यालय बोध गया द्वारा नारदीगंज कॉलेज नारदीगंज स्नातक सेमेस्टर का परीक्षा केंद्र टी.एस.कॉलेज, हिसुआ में बनाया गया है , स्नातक विज्ञान, कला, तथा वाणिज्य संकाय के 1260 छात्र/ छात्राओं का परीक्षा केंद्र बनाया गया है, स्नातक सेमेस्टर - का सैद्धांतिक परीक्षा 21 मई 2026 से 26 मई 2026 तक परीक्षा होगी, प्राचार्य डॉ.पवन कुमार शर्मा ने बताया कि परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण ढंग से चल रही है। परीक्षा नियंत्रक डॉ.संजय कुमार चौहान, सहायक परीक्षा नियंत्रक सिंधुकांत, अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में आज सेमेस्टर 6 का परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से दोनों पाली में सम्पन्न हुआ,महाविद्यालय के 10 कमरा में परीक्षा लिया जा रहा है।

### कौआकोल पीएचसी में जर्जर छत का हिस्सा गिरा, ड्यूटी पर तैनात एएनएम घायल

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौआकोल में मंगलवार को जर्जर छत का एक हिस्सा अचानक टूटकर गिर गया। घटना के समय इमरजेंसी ड्यूटी में कार्यरत एएनएम सुनीता कुमारी मौजूद थीं। छत का टुकड़ा गिरने से वे घायल हो गईं। हालांकि बड़ी दुर्घटना टल गई और अन्य लोग बाल-बाल बच गए। घटना के बाद पीएचसी में अफरा-तफरी मच गई। घायल एएनएम का उपचार पीएचसी में ही कराया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें नवादा रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि अस्पताल भवन की छत काफी जर्जर हो चुकी है और आए दिन छत से प्लास्टर व टुकड़े गिरते रहते हैं। स्वास्थ्यकर्मियों एवं स्थानीय लोगों ने भवन की मरम्मत कराने की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

### फार्मर रजिस्ट्री के लिए पंचायतों में शिविर शुरू

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कौआकोल अंचल के सभी पंचायतों में मंगलवार से फार्मर रजिस्ट्री कार्य प्रारम्भ कर दिया गया। प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा शिविर लगाकर किसानों का निबंधन किया जा रहा है। सीओ मनीष कुमार ने बताया कि कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के संयुक्त प्रयास से युद्ध स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री अभियान चलाया जा रहा है। शिविरों में किसानों की आवश्यक जानकारी दर्ज कर ऑनलाइन रजिस्ट्री की जा रही है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित शिविरों में पहुंचकर फार्मर रजिस्ट्री अवश्य कराएं, ताकि सरकार की कृषि योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

### बकरीद पर्व को लेकर नालंदा प्रशासन अलर्ट




**बिहारशरीफ।** आगामी ईद-उल-अजहा पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए नालंदा पुलिस और जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। बिहारशरीफ सदर डीएसपी-1 संकेत कुमार ने बताया कि जिले में सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। डीएसपी ने बताया कि जिला, अनुमंडल एवं थाना स्तर पर शांति समिति की बैठकें पूरी कर ली गई हैं। बैठकों में समिति सदस्यों की समस्याओं को सुनकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिले के सभी संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती की जा रही है। उन्होंने बताया कि असामाजिक तत्वों में भय और आम लोगों में सुरक्षा का विश्वास कायम करने के लिए पुलिस द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार फ्लैग मार्च निकाला जाएगा। इसके अलावा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस लाइन में जवानों को दंगा नियंत्रण का विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों को रोकने के लिए जिला स्तरीय सोशल मीडिया सेल को सक्रिय कर दिया गया है। प्रशासन की ओर से व्हाट्सएप स्टेटस, भ्रामक वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है।

### झूले से गिरकर युवक की मौत

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजगीर मलमास मेला में सोमवार की रात बड़ा हादसा हो गया। मेले में लगे 'सुनामी झूले' से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान नवादा जिले के बिक्कू गांव निवासी 25 वर्षीय अमन कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि अमन अपने परिवार के साथ मेला घूमने आया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार झूला शुरू होने के बाद महज थोड़ी देर बाद अमन अचानक संतुलन खो बैठा और नीचे गिर पड़ा। गिरने के दौरान वह पहले झूले के पोल से टकराया, फिर सिर के बल जमीन पर जा गिरा। हादसे के बाद मेले में अफरा-तफरी मच गई और लोगों की चीख-पुकार सुनाई देने लगी। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल युवक को अनुमंडलीय अस्पताल राजगीर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक

# बकरीद प्रेम एवं सद्भाव के साथ मनाने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर एवं वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित की गई जिसमें जिलाधिकारी तथा वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा शांति समिति के सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे जिले में ईद उल जोहा (बकरीद) को प्रेम, सद्भाव एवं शांति के वातावरण में मनाने तथा बकरीद की नमाज अदा के दौरान सभी सदस्य फील्ड में रहते हुए लोगों को आपसी भाईचारे के रूप में उत्साहपूर्वक मनाने हेतु प्रेरित करें। जिलाधिकारी तथा वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा जिलावासियों को बकरीद पर शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए लोगों से अपील किया गया कि इस त्योहार को उत्साह एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनावें। उन्होंने कहा कि शांति समिति के सदस्यों की जिम्मेवारी काफी बढ़ गई है, जो अपने क्षेत्र के लोगों को जागरूक करते रहे कि अच्छे माहौल में बकरीद मनावें। बैठक में जिलावासियों से तथा शांति समिति के सदस्यों से जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने अनुरोध किया कि वह सोशल मीडिया पर किसी प्रकार के विवाद/अफवाह फैलाने वाले मैसेज का पूरी तरह प्रतिबंधित रखे। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध जिला प्रशासन या पुलिस प्रशासन को बैठक में गया नगर निगम के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बकरीद के अवसर पर अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रखेंगे तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देंगे। नगर आयुक्त ने बताया कि गया नगर निगम क्षेत्र के कुल 22 वार्ड चिन्हित हुए है जहां पर बकरीद पर्व आयोजित हो रही है। इसके लिये माइक्रोप्लान तैयार कर ली गयी, उसी अनुरूप सफाई एवं कुर्बानी की वेस्ट मेटेरियल का उठाव एवं डिस्पोज की पूरी तैयारी का योजना बनाया गया है। पर्याप्त संख्या में कवर गाड़ी को लगाया गया है जो सड़कों, गलियों, मोहल्लों से कुर्बानी की वेस्ट मेटेरियल का उठाव कर सकेगी। वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि सभी संवेदनशील स्थलों में अनिवार्य रूप से फ्लैग मार्च करवायें।

# गया में अवैध बालू खनन पर बड़ी कारवाई, छह ट्रैक्टर जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** जिला पदाधिकारी गया के निर्देश पर जिले में अवैध खनन और अवैध परिवहन के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार की सुबह जिला खनन कार्यालय गया की टीम ने बोधगया थाना क्षेत्र और मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के ग्राम केन्दुई तथा सूर्य मंदिर के समीप सशस्त्र पुलिस बल के साथ संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान अवैध खनन और बालू परिवहन में संलिप्त कुल छह ट्रैक्टर जब्त किए गए। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने अवैध खनन स्थलों की भी विस्तृत जांच की। जांच में बोधगया स्थित लीलाजन नदी क्षेत्र में लगभग 2500 घनफीट बालू का अवैध खनन पाया गया। जिला खनन विभाग की ओर से बताया गया कि अवैध खनन और परिवहन में संलिप्त पकड़े गए वाहन मालिकों और चालकों के विरुद्ध नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। साथ ही करीब 10 लाख रुपये का जुर्माना भी अधिरोपित किया गया है। जिला खनन पदाधिकारी ने कहा कि जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण में संलिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में प्राथमिकी दर्ज करते हुए सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# अब शहरों में भी लगेगा 'सहयोग शिविर', मुख्य सचिव ने जारी किए निर्देश

### 30 दिन पहले से होगी शिकायत दर्ज कराने की सुविधा, शिविर में शामिल होंगे अलग-अलग जनप्रतिनिधि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पिछले सप्ताह ग्रामीण क्षेत्रों में सहयोग शिविर की शुरुआत करने के बाद अब इसे सभी नगर निकाय क्षेत्रों में भी लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसी निर्णय के अनुपालन में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिला पदाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी किये हैं। इस निर्देश में कहा गया है कि ग्राम पंचायतों के तर्ज पर नगर निकाय क्षेत्रों में भी महीने के प्रथम और तृतीय मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य सचिव ने सोमवार को जारी पत्र में कहा है कि शहरी क्षेत्रों में जनता की शिकायत संबंधी आवेदन शिविर लगने के 30 दिन पहले से प्राप्त किया जाएगा। सहयोग शिविर का आयोजन संबंधित निकाय की ओर से अपने निकाय क्षेत्र के वार्डों में किया जाएगा। जिलाधिकारी एवं नगर आयुक्त/ कार्यपालक पदाधिकारी वार्डों में नगर सहयोग शिविर के लिए तिथि एवं स्थान तीन दिन के भीतर निर्धारित करेंगे। साथ ही इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे ताकि शिविर में अधिक से अधिक संख्या में लोग अपनी समस्या लेकर पहुंच सकें। मुख्य सचिव ने आगे यह भी कहा है कि शिविर का आयोजन वार्ड के किसी सरकारी भवन में किया होगा। सरकारी भवन की अनुपलब्धता रहने पर किसी अस्थायी एवं मजबूत संरचना की व्यवस्था की जाएगी जहां गर्मी को देखते हुए पंखा एवं पीने के लिए पानी आदि सुविधाएं होंगी। उन्होंने कहा है कि शिविर में पहुंचने वाले लोगों के ससम्मान बैठने की सुविधा सुनिश्चित की जाय। श्री अमृत ने कहा है कि सहयोग शिविर की अध्यक्षता प्रासंगिक पत्रों में उल्लेखित पदाधिकारियों के अतिरिक्त नगर आयुक्त, प्रखंडों के वरीय प्रभारी पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी भी कर सकते हैं। सहयोग शिविर में प्राप्त जन शिकायत सहयोग पोर्टल पर अपलोड होंगे। साथ ही इनका निस्तारण भी निर्धारित समय के भीतर किया जाएगा। आवेदन की प्राप्ति, अग्रसारण, निस्तारण के साथ ही कारण पृच्छा प्राप्त करने आदि की कार्रवाई सहयोग पोर्टल से होगी। मुख्य सचिव ने जारी निर्देशों में कहा है कि प्रत्येक पदाधिकारी अपने लॉगीन से सहयोग पोर्टल पर उपलब्ध आवेदनों की प्रतिदिन निगरानी करेंगे। प्रत्येक सहयोग शिविर में संबंधित क्षेत्र के सांसद, विधायक, महापौर, उप महापौर, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, वार्ड पार्षद एवं कार्यान्वयन समिति के सदस्य को आमंत्रित किया जाएगा।

**पिछले मंगलवार से हुई सहयोग शिविर की शुरुआत**

ग्रामीण क्षेत्र के रहवासियों की राशन, पेंशन, आवास, मनरेगा, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, सीमांकन, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र, बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ-साथ विभिन्न सरकारी योजना से संबंधित समस्या/शिकायत और सुझाव के लिए पिछले सप्ताह के मंगलवार से सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सरकार के निर्देशों के अनुसार ग्राम पंचायतों में प्रत्येक महीने के प्रथम और तृतीय मंगलवार को यह शिविर लगाया जाना तय है। शिविर में आवेदन प्राप्त करने की सुविधा 30 दिन पहले से दी गई है। साथ ही लोगों की समस्या समाधान 30 दिन के भीतर करने के भी निर्देश जारी हैं। शिकायतों की रियल टाइम मॉनिटरिंग की व्यवस्था मुख्यमंत्री सचिवालय स्तर पर की गई है।

# डॉ. प्रेम कुमार ने किया गया जी में विकास योजनाओं का उद्घाटन

### आधारभूत संरचना मजबूत करने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मंगलवार को गया जी नगर क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में सड़क, नाली और घाट निर्माण जैसी आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। डॉ. प्रेम कुमार ने वार्ड संख्या 46 स्थित पंतनगर में 60 लाख 98 हजार 456 रुपये की लागत से निर्मित नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इसके अलावा वार्ड संख्या 46 में फल्गु नदी के किनारे पॉलिटेक्निक कॉलेज के निकट 36 लाख 46 हजार 28 रुपये की लागत से निर्मित घाट का भी उद्घाटन किया गया। इसी क्रम में विष्णुपद क्षेत्र के निकट चौधरी घाट निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। इस योजना पर 33 लाख 4 हजार 963 रुपये की लागत आई है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि घाट निर्माण से श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा क्षेत्र का सौंदर्यीकरण भी होगा। कार्यक्रम के दौरान वार्ड संख्या 36 स्थित समीर तकिया मध्य विद्यालय के पीछे 14 लाख 35 हजार 630 रुपये की लागत से निर्मित नाली निर्माण कार्य का भी उद्घाटन किया गया। इसके अतिरिक्त वार्ड संख्या 30 में भट्ट बीघा मोड़ से संतोष मिल दुकान होते हुए महेश सिंह यादव कॉलेज तक 90 लाख 23 हजार 733 रुपये की लागत से बनने वाले पथ निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया जी नगर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। सड़क, नाली और घाट निर्माण कार्यों के पूरा होने से आम लोगों को आवागमन, जल निकासी और अन्य मूलभूत सुविधाओं में काफी सहूलियत मिलेगी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# यात्रियों को मिलेगी गर्मी से राहत, प्लेटफार्मों पर लगाए जा रहे छोटे-छोटे शेड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेल मंडल अंतर्गत गया जंक्शन पर भीषण गर्मी और तेज धूप से यात्रियों को राहत देने के लिए रेलवे प्रशासन की ओर से विशेष पहल शुरू की गई है। पिछले कई दिनों से पड़ रही तीखी धूप और बढ़ते तापमान के कारण यात्रियों को खुले आसमान के नीचे ट्रेन का इंतजार करना पड़ रहा था। इससे खासकर बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। यात्रियों की इसी समस्या को देखते हुए प्लेटफार्मों के खाली स्थानों पर छोटे-छोटे यात्री शेड लगाए जा रहे हैं ताकि लोग धूप और गर्मी से बच सकें। गया जंक्शन को विश्व स्तरीय स्टेशन का स्वरूप देने के लिए निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में निर्माण एजेंसी द्वारा यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए प्लेटफार्मों पर अस्थायी यात्री शेड तैयार किए जा रहे हैं। स्टेशन परिसर में लगातार बढ़ रही भीड़ और गर्म मौसम को देखते हुए यह व्यवस्था यात्रियों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। रेलवे अधिकारियों का मानना है कि इन शेडों के लगने से यात्रियों को ट्रेन की प्रतीक्षा के दौरान राहत मिलेगी और उन्हें खुले में खड़े रहने की मजबूरी नहीं होगी।

**यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन सतर्क**

निर्माण कार्य की देखरेख कर रहे प्रोजेक्ट मैनेजर संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि तेज धूप और गर्मी के कारण यात्रियों को हो रही परेशानी को ध्यान में रखते हुए शेड निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन शेडों के बनने से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी और उन्हें सुरक्षित व आरामदायक वातावरण मिल सकेगा।

रेल प्रशासन ने भी स्पष्ट किया है कि यात्रियों को बेहतर और राहत भरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार निगरानी बढ़ाई जा रही है। आने वाले दिनों में स्टेशन पर पेयजल, बैठने की व्यवस्था और साफ-सफाई जैसी सुविधाओं को भी और मजबूत किया जाएगा, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# मध्य विद्यालय शंकरपुर बड़ीहां के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन 29 को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र स्थित मध्य विद्यालय शंकरपुर बड़ीहां में अभियंत्रण कार्य प्रमंडल-01 सासाराम, रोहतास द्वारा निर्मित चार नए वर्ग कक्षों के भवन का उद्घाटन 29 मई को किया जाएगा। विद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है। जानकारी देते हुए अखिलेश्वर सिंह प्रधान सचिव प्राथमिक शिक्षक संघ रोहतास ने बताया कि उद्घाटनकर्ता विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह होंगे। वहीं मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से उपस्थित रहेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना निशांत गुंजन, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा रोहित रौशन, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा प्रियंका कुमारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह सहित कई शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया पूनम देवी करेंगी। विद्यालय में नए वर्ग कक्षों के निर्माण से छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा तथा विद्यालय की आधारभूत संरचना भी मजबूत होगी।

# बकरीद को लेकर कोंच थाना में शांति समिति की बैठक आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** बकरीद को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर कोंच थाना परिसर में बुधवार 27 मई को शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न समुदायों के लोगों को आमंत्रित किया गया है। थानाध्यक्ष ने सभी लोगों से समय पर उपस्थित होकर पर्व के दौरान शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग देने तथा अपने सुझाव साझा करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है।


**S.D. COLLEGE**

**KHUSHDIHRA, PARAIYA, GAYA**

**CORRIGENDUM OF TENDER**

Some modification in the tender notice published in NAVBIHAR TIMES on dtd 20.05.2026 that the bank draft/DD/TD should be made in favour of Principal, S.D. COLLEGE Paraiya, Gaya instead of Principal, A M law college, Gaya. All other term and condition of the tender are remain same.

**Principal**


# प्रतिबंध के बावजूद उड़ रही सिंगल यूज प्लास्टिक बैन की धज्जियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेलागंज।** सरकार का सख्त निर्देश है कि पर्यावरण बचाइए, सिंगल-यूज प्लास्टिक को जड़ से मिटाइए। आम गरीब दुकानदार की दुकान में एक प्लास्टिक की थैली मिल जाए तो प्रशासन की टीम तुरंत भारी जुर्माना ठोक देती है, लेकिन क्या पर्यावरण के यह नियम सिर्फ आम जनता के लिए है। गया जिले के बेलागंज थाना परिसर से जो तस्वीरें सामने आ रही है वे प्रशासनिक दोहरेपन की पोल खोलती है। शांति समिति की बैठक में शामिल बेलागंज प्रखंड के अंचलाधिकारी गजानंद मेहता सिंगल यूज प्लास्टिक का दुरुपयोग करते नजर आ रहे हैं जिस अधिकारी के कंधों पर पूरे बेलागंज इलाके में प्लास्टिक बैन को कड़ाई से लागू करवाने की जिम्मेदारी है, उन्हीं का हाल देख लीजिए। अंचलाधिकारी गजानंद मेहता के द्वारा शांति की बैठकों में प्रतिबंधित प्लास्टिक की ग्लास धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहे हैं। कानून का पाठ पढ़ाने वाले साहब के नाक के नीचे ही नियमों को तार-तार किया जा रहा है।


**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू**

Phone no.06562 224033 (खेल शाखा) email id:- palamukhel@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, संस्कृति, सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 96 दिनांक 25.05.2026 के द्वारा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ''ज्ञान भारतम् मिशन'' कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन हेतु राज्यों से विभिन्न कार्यों यथा :– सर्वेक्षण, सूचीकरण, संरक्षण, क्षमता निर्माण, डिजिटलीकरण आदि के सम्पादन में अपेक्षित आवश्यक सहयोग के निमित प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला स्तर पर उक्त कार्यक्रम के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु संबंधित विज्ञापन का जिला स्तर पर प्रकाशन किया जाना है।

अतः निदेशानुसार विज्ञापन संबंधी प्रारूप –सह– सामग्री संलग्न है। विस्तृत जानकारी हेतु डॉ0 वशीम राणा, जिला पर्यटन विशेषज्ञ, पलामू के मोबाईल नं0 7908195001 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अनुलग्नकः–यथोक्त।

जिला खेल पदाधिकारी, पलामू

PR 380835 (District)26-27*D


# बकरीद को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** इस्लाम धर्मावलंबियों के महत्वपूर्ण त्योहार ईद उल जोहा शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण भयमुक्त वातावरण में संपन्न करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी केशव आनंद एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार सिंह नीमचक बथानी की संयुक्त अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिसंवेदनशील स्थलों की निगरानी सोशल मीडिया, मॉनिटरिंग तथा आवश्यक तैयारियों पर विशेष चर्चा की गई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा सभी थानाध्यक्षों को विशेष सतर्कता बरतने, असामाजिक एवं उपद्रवियों पर कड़ी निगरानी रखने, उत्तेजक पोस्ट करने वालों पर त्वरित कार्रवाई करने, फ्लैग मार्च निकालने, संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त करने एवं प्रत्येक थाना में जनप्रतिनिधियों बुद्धिजीवियों धर्मगुरुओं के साथ शांति समिति की बैठक करने सहित सभी पदाधिकारियों को मुख्यालय में बने रहने के साथ ही विधि व्यवस्था की निगरानी करने का आदेश दिया गया। मौके पर शांति समिति के सदस्य मोहम्मद औरंगजेब, अजय कुमार सिंह, श्याम देव प्रसाद उर्फ चंद्रमणि सहित दर्जनों की संख्या में जनप्रतिनिधि बुद्धिजीवी ग्रामीण उपस्थित थे।

# शिव आज भी गुरु हैं विषय पर परिचर्चा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** वजीरगंज प्रखंड के पुनावां निवासी गुरु बहना रानी जी के द्वारा सोमवार को 'शिव आज भी गुरु हैं' विषय पर एक विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भगवान शिव को आदि गुरु, जगतगुरु और शाश्वत मार्गदर्शक के रूप में स्थापित करते हुए वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की। मुख्य वक्ता भाई सुधीर ने कहा कि शिव केवल संहार के देवता नहीं, बल्कि सम्पूर्ण सृष्टि के पहले गुरु हैं। सप्तऋषियों को ज्ञान देने से लेकर आज के युग तक, शिव का मौन उपदेश हर साधक के लिए पथ-प्रदर्शक है। उन्होंने बताया कि शिव का डमरू नाद, ध्यानस्थ मुद्रा और त्रिनेत्र–तीनों ही ज्ञान, विवेक और अंतर्दृष्टि के प्रतीक हैं। परिचर्चा में यह बात उभरकर आई कि आधुनिक जीवन की भागदौड़, तनाव और दिशाहीनता में शिव का वैराग्य और समभाव का दर्शन मनुष्य को संतुलन सिखाता है। यही सरलता आज के युवाओं को आध्यात्म से जोड़ सकती है। नशा, अवसाद और भटकाव से बचने के लिए शिव के संयम और साधना के आदर्श को अपनाने का आह्वान किया गया। परिचर्चा के बीच शिव स्तुति, रुद्राष्टकम पाठ और 'सत्यम शिवम सुंदरम' पर आधारित भजन प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।


**कार्यालयः– असैनिक शल्य चिकित्सक –सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।**

Tender: PAL/02/ Dt. 28-05-2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सिविल सर्जन कार्यालय, पलामू एवं सर्जेसी को अन्य स्वास्थ्य ईकाई के लिए 2026 – 2027 में सामग्री उपकरण/उपस्कर हेतु निबंधित निर्माणकर्त्ता/प्रतिष्ठानों/प्राधिकृत एजेंसियों (जिनका झारखण्ड राज्य से जी0एस0टी0 निर्गत हो) से निविदा,दिनांक–19.06.2026 के अपराह्न 05.00 बजे आमंत्रित है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सामग्री उपकरण/उपस्कर |
| 2 | बेवसाइट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि | 28-05-2026 From 11.00AM |
| 3 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | 28-05-2026 To 19-06-2026 till 05.00 PM |
| 4 | निविदा खुलने का समय | 22-06-2026 At 03.00PM |
| 5 | अग्रधन की राशि जो असैनिक शल्य चिकित्सा – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू के नाम से देय होगा। | Samgri Equipments 50000.00 ( Fifty Thousand ) |
| 6 | निविदा हेतु आवेदन शुल्क की राशि जो असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू के नाम से देय होगा। ( नन रिफन्डेबल) | 2000.00 ( Two Thousand ) Only |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यालय असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू जेल हाता रोड़, डालटनगंज। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का दूरभाष संख्या | 9431138224 |
| 9 | हेल्पलाईन निविदा से संबंधित दूरभाष संख्या | 7870904383 |
| 10 | निविदा शुल्क एवं EMD का DD हार्ड कॉपी कार्यालय में हाथों–हाथ रजि0 पोस्ट से जमा करने की तिथि | 28-05-2026 At 11.00AM to 19-06-2026 till 05.00 PM |
| | WWW. Palamu.nic. in पर देखा जा सकता है। | |

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्त्ता स्वंय अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी मूल्याकंन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

PR 380792 (District) 26-27 (D)

असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।



**कार्यालयः– असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।**

Tender: PAL/01/ Dt. 28-05-2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सिविल सर्जन कार्यालय, पलामू एवं सर्जेसी को अन्य स्वास्थ्य ईकाई के लिए आकस्मिक दवा, उपचार हेतु निबंधित निर्माणकर्त्ता/ प्रतिष्ठानों/प्राधिकृत एजेंसियों ( जिनका झारखण्ड राज्य से जी0एस0टी0 निर्गत हो ) से निविदा, दिनांक – 19.06.2026 के अपराह्न 05.00 बजे तक आमंत्रित है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | आकस्मिक दवा का अनुमोदन हेतु। |
| 2 | निविदा प्रकाशित होने की तिथि | 28-05-2026 From 11.00AM |
| 3 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | 28-05-2026 To 19-06-2026 till 05.00 PM |
| 4 | निविदा खुलने का समय | 22-06-2026 At 03.00 PM |
| 5 | अग्रधन की राशि जो असैनिक शल्य चिकित्सा सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू के नाम से देय होगा। | For Medicine – Emergency Drugs 50000.00 |
| 6 | निविदा हेतु आवेदन शुल्क की राशि जो असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू के नाम से देय होगा। ( नन रिफन्डेबल ) | 2000.00 ( Two Thousand ) Only |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यालय असैनिक शल्य चिकित्सक –सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू जेलहाता रोड़, डालटनगंज। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का दूरभाष संख्या | 9431138224 |
| 9 | हेल्पलाईन निविदा से संबंधित दूरभाष संख्या | 7870904383 |
| 10 | निविदा शुल्क एवं EMD का DD (Hard Copy) कार्यालय में हाथों–हाथ रजि0 पोस्ट से जमा करने की तिथि | 28-05-2026 At 11.00AM to 19-06-2026 till 05-00 PM |
| | WWW. Palamu.nic. in पर देखा जा सकता है। | |

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्त्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी मूल्याकंन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

PR 380790 (District) 26-27 (D)

असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

संपादकीय

# आसमान से बरसती आग!

पूरा उत्तर भारत मानो भट्टी में तब्दील हो गया है। सुबह होते ही सूरज की किरणें आग उगलने लगती हैं। आलम यह है कि दुनिया के सबसे गर्म 29 शहरों में सर्वाधिक शहर भारत के हैं और उत्तर पदेश का बांदा तो ऐसा हॉट स्पॉट बन गया है, जहां पारा 48 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है और यह दुनिया के सबसे गर्म शहरों में शामिल हो गया है। इस तापमान पर कूलर तो क्या एसी भी जवाब देने लगते हैं। आजादी के बाद बांदा ने देश में 5 बार सर्वाधिक गर्म होने का रिकॉर्ड बनाया है। बांदा में 27 साल पहले 49 डिग्री सेल्सियस का रिकॉर्ड दर्ज किया गया था, जो अब फिर 48 डिग्री तक पहुंच गया है। ये पूरा इलाका भयंकर लू की चपेट में है। बताया जाता है कि राजस्थान की तरफ से आने वाली गर्म हवाओं ने बांदा को आग का गोला बना दिया है। मानो आसमान से धूप नहीं, अंगारे बरस रहे हों। बुंदेलखंड के बांदा से लगे मप्र के जिलों में भी हालात कुछ अलग नहीं है। यूं कहने तो नौतपे की शुरूआत आज से हो रही है, लेकिन मप्र में तो पारा पहले ही आसमान छू रहा है। ग्वालियर-चंबल, सागर, रीवा और उज्जैन संभाग में लू का असर बना हुआ है। मौसम विभाग ने शनिवार को 42 जिलों में लू की चेतावनी दी। इनमें टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना में रेड अलर्ट था। ग्वालियर समेत 21 जिलों में तेज लू का ऑरेंज अलर्ट और 18 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया। मप्र के ही नरसिंहपुर में भीषण गर्मी का यह हाल है कि कॉलेज पहुंचने तक विद्यार्थियों का मुंह सूखने लगता है। समूचे देश में यही हाल है। भारत का अधिकांश हिस्सा तेज गर्मी और लू की चपेट में है। तेलंगाना में अब तक गर्मी और हीटवेव की वजह से 16 मौतें हो चुकी हैं। प्राइवेट एजेंसी॰ त्त्द्ध के मुताबिक बीते शुक्रवार को दुनिया के 50 सबसे गर्म शहरों की सूची में में सभी शहर भारत के रहे। उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा के कई शहर दोपहर से पहले ही 42 से 44 डिग्री तक पहुंच गए। अकेले उत्तर प्रदेश के 22 शहर गर्म शहरों की लिस्ट में थे। ज़ाहिर है ऐसे मौसम में बदलाव की तत्काल कोई सूरत नजर नहीं आ रही है। सावधानी ही लू से बचने का एक मात्र उपाया है। विशेषज्ञों के अनुसार जितनी गर्मी बढ़ती है वैसे-वैसे शरीर से पसीना निकलता है। इसकी वजह से शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) होती है। हमारे शरीर का लगभग 60 फ़ीसदी वजन पानी का होता है। शरीर में पानी की कमी होती है तो अन्य ऑर्गेन्स पर इसका असर होता है। पसीने के साथ शरीर का इलेक्ट्रोलाइट (मुख्य रूप से सोडियम) कम होना शुरू होता है। हमें शरीर में पानी के साथ ही इलेक्ट्रोलाइट की भरपाई भी करनी होती है। लिहाजा ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं और यथा संभव धूप में निकलने से बचें। तेज गर्मी का बुरा असर हमारे गैजेट्स पर भी पड़ता है। लिहाजा गैजेट्स को सीधी धूप और गर्मी से यथा संभव बचाएं। देश में वैसे ही ईंधन का संकट है। इसलिए बेहतर है कि जहां तक मुमकिन हो, घर से बाहर न निकले और वाहनों का न्यूनतम प्रयोग करें। एसी से निकलकर तुरंत धूप में न जाएं। इससे भी आपकी तबीयत बिगड़ सकती है। ऐसा नहीं है, इतनी गर्मी पहली बार पड़ रही है। पिछले कुछ सालों से मई की तुलना में अप्रैल ज्यादा तपता था। लेकिन इस बार लू के गर्म थपेड़े कम होने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। घटती हरियाली और पर्यावरण को भारी नुकसान भी इसका बड़ा कारण है। पेड़ बचेंगे तो छांव भी बचेगी। छांव बचेगी तो जान बचेगी।

# नैतिक वातावरण बिना सादगी की अपील

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों में दो बार सार्वजनिक रूप से देश के लोगों से अपील की और सावधान भी किया है। दस तारीख को उन्होंने रविवार के दिन अपने मन की बात में विस्तार से कहा कि लोग गैस, डीजल, पेट्रोल का इस्तेमाल कम से कम जरूरत के मुताबिक करें। सार्वजनिक वाहनों का इस्तेमाल करें, फिजूलखर्ची दिखावा न करें ताकि उपयोग की मात्रा कम हो। उन्होंने यह भी कहा कि सोना न खरीदें, क्योंकि सोने के दाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत बढ़े हैं।**

**रघु ठाकुर**



4 मई 2026 को उन्होंने अपने इस अपीलनुमा बयान को पुनरू दोहराया तथा कहा कि कोरोना सदी का सबसे बड़ा संकट था, जंग दबाव का सबसे बड़ा संकट है। उन्होंने तो विदेश यात्रा में नीदरलैंड तक में जाकर इन बातों को भिन्न शब्दों में दोहराया, हालांकि अधिकारियों ने भी तथ्य रखते हुए कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं है, अभी देश के पास 60 दिनों का तेल व गैस का भण्डार है तथा यह भी कहा कि फ्रि भी कम खर्च करें ताकि 1619 करोड़ रोज का अतिरिक्त खर्च कम हो सके। इस कथन के दो पहलू हैं, एक तो प्रधानमंत्री के सावधान करने के बाद देश में पेट्रोलियम पदार्थों को लेकर अफरा तफरी न मच जाये, लंबी-लंबी लाइनें न लग जाएं। दूसरे रुपये का अपमूल्यन होकर वह 1 डालर 95.28 रुपये पर पहुंच गया है। यह ऐतिहासिक गिरावट है। स्वाभाविक है कि रूपये का अपमूल्यन का फर्क विदेशी मुद्रा पर पड़ता है, क्योंकि तेल, गैस आदि का व्यापार डॉलर में होता है और उसकी तुलना में हमें अरबों रुपये रोज का भारतीय मुद्रा में घाटा होता है।

पहले तो मैं प्रधानमंत्री को धन्यवाद दूं, उन्होंने इस संकट की सूचना समय रहते दे दी। क्योंकि कोरोना संकट के समय उनके विलंबित सूचना देने के कारण लाखों या करोड़ों लोग असुविधा, पलायन और बड़ी संख्या में बीमारी व मौत के शिकार हुए थे इसलिये उनकी इस पूर्व सूचना का मैं उनकी समझदारी पूर्ण सुधार मानता हूँ। यह सुविदित है कि युद्ध का संकट भारी है और इसमें भारत सरकार की कोई भूमिका नहीं है। अगर इस सरकार के अलावा कोई और सरकार होती तो भी वह इस युद्ध के संकट के लिये कुछ करने की स्थिति में नहीं थी। इसलिये मैं गैस, तेल आदि के दामों के बढ़ने या कठिनाई के लिये अकेले सरकार को जिम्मेवार नहीं मानता। परंतु एक बात अवश्य है कि जो अपील या लाचारी प्रधानमंत्री जी को अब मई 2026 में नजर आ रही है,क्या इसके मूल कारणों के बारे में उन्होंने पहले विचार किया है? हमारा देश गैस के संकट से भले ही इस प्रकार परेशान पूर्व में न रहा हो परंतु प्रदूषण से रहा है। प्रतिवर्ष कई लाख मौतें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रदूषण के कारण होती हैं। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी की ओर से लगभग 1998 से धरना, प्रदर्शन, पत्रकार वार्ता और भारत सरकार को ज्ञापन देकर, यह मांग की जाती रही है कि देश में प्रदूषण का बड़ा कारण कारें हैं। अकेले दिल्ली शहर में पंजीकृत और अपंजीकृत कारों की संख्या 80 लाख से 1 करोड़ है, औसतन 5-10 लाख कारें प्रतिदिन दिल्ली के समीप बाहर के राज्यों से दिल्ली में आती रहती हैं। क्या इतनी कारों की उपयोगिता है? यह प्रश्न विचार योग्य है। हमने निरंतर एक सुझाव दिया है कि एक घर-एक कार्य हो और अगर यह सुझाव सरकार ने माना होता तो आज देश की कितनी विदेशी मुद्रा बचती, देश में डीजल, पेट्रोल और गैस की कितनी बचत हुई होती, यह सोचा जाना चाहिए। अगर सरकार ने यह कानून बनाया होता तो देश में लगभग 4 करोड़ कारें सड़कों से हटी होती। याने 40 करोड़ लीटर डीजल, पेट्रोल जिसका आज की दर पर मूल्य लगभग 4000 करोड़ रुपया होगा जो कि प्रतिदिन का बचता। याने एक साल में लगभग 15 लाख करोड़ रुपया सरकार, देश और जनता का बचेगा। प्रदूषण 60 प्रतिशत कम हो जायेगा, सड़कों पर जाम कम हो जायेगा और खेती की जमीन का अधिग्रहण कर नये नये फोरलेन, आठ लेन सड़कों व फ्लाई ओवरों की आवश्यकता उतनी नहीं होगी। परंतु यह काम प्रधानमंत्री जी को आसान नहीं है, क्योंकि कार बनाने वाली कंपनियां अकेले दीपावली के दिन ही 1 लाख से अधिक कारें दिल्ली राजधानी में बेचकर लगभग 10 हजार करोड़ का मुनाफा में कमा लेती हैं और जाहिर है कि इस मुनाफे का एक हिस्सा सत्ता, पार्टी और सत्ता के नजदीक के सत्ताकांक्षी दलों में बंटता है। इस सरकार और राजनीति से ऐसे राष्ट्रहित की अपेक्षा करना भूत से पूत मांगने जैसा है। हालांकि इस युद्ध के संकट को समझकर आज की सरकार यह कदम उठाये तो वह श्रेष्ठकर होगा।

परंतु प्रधानमंत्री जी का आचरण तो उनकी अपनी पार्टी के मंत्री और मुख्यमंत्री छोड़ो, विधायक, सांसद छोड़ो, साधारण कार्यकर्ता को भी नहीं है। ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री जी के निरंतर झूठ के प्रयोग से वे अपनी नैतिक शक्ति और विश्वसनीयता खो चुके हैं। 11 मई को मप्र में उनकी पार्टी के उज्जैन के कार्यकर्ता जिन्हें शायद मुख्यमंत्री और संघ की कृपा से मप्र पाठ्यपुस्तक निगम का अध्यक्ष मनोनीत किया गया था, अपने पद का प्रभार लेने उज्जैन से चलकर भोपाल आये थे। दैनिक भास्कर के अनुसार उनके काफिले में 800 से अधिक गाड़ियां थीं, याने एक छोटे से पद ग्रहण करने में लगभग 40 लाख रुपये का डीजल पेट्रोल जल गया। इस आक्रमणकारी पद ग्रहण में कितना टोल टैक्स का नुकसान हुआ, कितना जाम लगा, लोगों को कितनी परेशानी हुई, वह तो चर्चा में ही नहीं है। प्रधानमंत्री की अपील के बाद भी मंत्री विधायकों के कार के काफिले, पायलट गाड़ियों के सायरन के साथ-साथ आम जनता को भयभीत करते हुए सड़कें रोंद रहे थे। मुझे एक अधिकारी ने बताया कि एक मुख्यमंत्री जी तो प्रत्येक दिन रात को हैलीकाप्टर से घर जाकर सुबह राजधानी में आ जाते हैं। अभी तो भाजपा और सरकार बंगाल के चुनाव को शाम दाम दंड भेद की जीत के जश्न मनाने में लगी है।

हालांकि प्रधानमंत्री जी का आकलन सही है कि युद्ध के समाप्त होने की संभावनायें जल्दी नजर नहीं आती। अमेरिकी राष्ट्रपति श्री ट्रंप ने बयान दिया कि युद्ध के विराम की वार्ता वेंटिलेटर पर है और एक बार वेंटिलेटर पर जाने के बाद मरीज की सांस तभी तक चलती है जब तक वेंटिलेटर पर मरीज रहता है। परंतु कई दिनों के बाद ट्रम्प का यह पहला बयान आया है जो सच के करीब व गंभीर है। दरअसल अमेरिका ईरान से परास्त नहीं हुआ है बल्कि अपनी रणनीति में असफल होने के कारण फँस गया है। जहाँ तक मेरी जानकारी में है और सीपरी के आंकड़ों के अध्ययन से निष्कर्ष निकलता है कि अमेरिका के पास आज भी ईरान व दुनिया को मिटाने की ताकत है। एक छोटा सा परमाणु बम 20 लाख लोगों की जान ले सकता है, परंतु इसका प्रयोग करना अमेरिका के लिये लगभग असंभव कार्य है। ईरान, अमेरिका और इजराइल युति का जो एक बड़ा लक्ष्य था कि ईरान के प्रभावकारी नेतृत्व को खत्म करने के बाद हताश ईरान को समर्पण के लिये लाचार किया जाये तथा जो 4600 किलो संवर्धित यूरेनियम याने परमाणु की शक्ति ईरान ने तैयार कर ली है उसे छीन लिया जाये। ईरान इसके लिये तैयार नहीं है। अमेरिका की इस कमजोरी को अब ईरान भी समझ रहा है क्योंकि अगर अमेरिका ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला करेगा तो ईरान भी समाप्त होगा, पर साथ में सटे हुए देश जो अमेरिका समर्थक या गुट में हैं वे भी अगर समाप्त नहीं तो बड़ी हद तक प्रभावित हो सकते हैं। अगर प्रतिकार में ईरान परमाणु शक्ति का प्रयोग यदि वह कर सका तो फ्रि अमेरिका का बच पाना भी संभव नहीं है। कुल मिलाकर अमेरिका के लिये ईरान से युद्ध गले की हडडी बन चुका है। वह इसे न निगल पा रहा है और न उगल पा रहा है। अब अमेरिका के पास जो दूसरी योजना है, वह ईरान को हथियारों की शक्ति से निरंतर कमजोर करते रहना तथा समर्पण और परमाणु ईंधन सौंपने को लाचार करना है। ईरान भी अपनी इस रणनीतिक पक्ष की ताकत को समझ गया है। इसलिये वह भी लगातार उसी भाषा में उत्तर दे रहा है, जिसमें ट्रम्प बोल रहे हैं। इसलिये अमेरिका के पास हॉर्मूज को घेरना, ईरान के तेल की निकासी को रोकना, दुनिया के दूसरे तेल जहाजों को रोक कर ईरान पर दबाव डालकर उन देशों को अपने साथ लेना या उन्हें अमेरिका के समर्थन के लिये बाध्य करना, बस यही रास्ता बचा है। ईरान के पास जो तेल के भण्डार है उसमें से वह औसतन 3 लाख टन रोज तेल निकालता है और जब ईरान का तेल आना बंद होगा या तो यह भंडार स्वतरू ही नष्ट हो जायेंगे क्योंकि इनमें पानी भरेगा और ईरान आर्थिक रूप से टूटेगा।

अमेरिका ने अपने युद्ध के खर्च की पूर्ति जो लगभग 3 लाख करोड़ डॉलर है तेल की कीमतों को बढ़ाकर वापिस लेना शुरू किया है। ईरान ने भी होर्मूज से निकलने वाले तेल के जहाजों पर भारी भरकम टैक्स लगाकर अपने खर्च की वसूली का प्रयास किया था परंतु होर्मूज नहर भी अमेरिका की घेराबंदी से वह प्रयास बहुत प्रभावी नजर नहीं आता। अतरू यह तय है कि युद्ध लंबा चलेगा और वह कई माह ले सकता है। अमेरिका समर्थक शाह दहलवी को मानसिक दबाव बनाकर ईरान की सत्ता सौंपने के खेल में अमेरिका सफ्ल नहीं हो पा रहा है।

अध्यात्म

## आलस्य की वजह से अच्छे-अच्छे मौके भी हाथ से निकल जाते हैं



पुराने समय में एक आश्रम में गुरु अपने शिष्यों के साथ रहते थे। गुरु बहुत ही विद्वान थे। उनका एक शिष्य बहुत ही आलसी था। उसकी शिक्षा पूरी होने वाली थी, लेकिन वह समय का मूल्य नहीं समझ सका था। हमेशा आज का काम कल पर टाल देता था। गुरु ने सोचा कि शिष्य को समय का महत्व नहीं समझाया तो इसका जीवन बर्बाद हो जाएगा।एक दिन गुरु आलसी शिष्य को एक पत्थर दिया और कहा कि पुत्र ये पारस पत्थर है। इससे तुम जितना चाहो, उतना सोना बना सकते हो, लेकिन तुम्हारे पास सिर्फ दो ही दिन हैं। इससे तुम्हार जीवन सुधर जाएगा। मैं दूसरे गांव जा रहा हूं, दो दिन बाद आश्रम लौट आउंगा, तब मैं तुमसे ये पत्थर मैं वापस ले लूंगा। इस पत्थर से तुम लोहे की जिस चीज से स्पर्श करोगे, वह सोने की बन जाएगी। पारस पत्थर देकर गुरुजी आश्रम से चले गए। आलसी शिष्य पत्थर पाकर बहुत खुश हो गया। उसने सोचा कि इस पत्थर से इतना सोना बना लेगा कि उसे पूरे जीवन काम करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। शिष्य ने सोचा कि अभी मेरे पास दो दिन हैं, एक दिन आराम कर लेता हूं। अगले दिन सोना बना लूंगा। ये सोचकर वह सो गया। पूरा दिन और पूरी रात आराम करने बाद वह उठा तो उसने सोचा कि आज बहुत सारा लोहा लेकर आना है और उसे सोना बनाना है, लेकिन इससे पहले खाना खा लेता हूं, फिर काम करूंगा। उसने पेटभर खाना खाया तो उसे नींद आने लगी। अब वह सोचने लगा कि कुछ देर सो लेता हूं, सोना बनाने का काम तो छोटा है, शाम को कर लूंगा। उसे नींद आ गई। शाम हुई और उसकी नींद खुली। सूर्यास्त हो चुका था। वह उठा तो उसने देखा कि उसके गुरु लौट आए हैं। गुरु ने शिष्य से कहा कि अब रात हो चुकी है, दो दिन पूरे हो गए हैं, इसीलिए अब वह पत्थर मुझे लौटा दो। पत्थर देते समय उसे अपनी गलती का अहसास हो गया। उसे समझ आ गया कि समय मूल्यवान है, इसे आलस्य से बर्बाद न करें।

# मुझे मालूम है पानी कहाँ ठहरा हुआ होगा

**उत्तर भारत में आज भी एक बड़ा युवा वर्ग स्टॉफ सलेक्शन कमिशन (एसएससी) द्वारा ली जाने वाली सीजीएल और सीएचएसएल परीक्षाओं पर आने वाले भविष्य के सपने टिकाए खड़ा है। रेलवे की एनटीपीसी और ग्रुप डी जैसी नौकरियों से आस लगाने वालों की भरमार है। टीचर बनने का सपना संजोने वाले भी लाखों की भीड़ में हैं। इन सभी लोगों की एक साझा समस्या है पेपर लीक। इस समस्या को सुलझाने के कुछ उपाय हैं। पहला उपाय ये है कि इनको किसी ठीक से कम्युनिकेशन में मास्टर आदमी से मोटिवेशन दिलवाया जाय कि देखिए सरकारी नौकरियां तो सिर्फ 2 प्रतिशत ही हैं। इन सब संस्थानों में तो ऐसा होता रहता है आप अपनी युवावस्था की ऊर्जा का ठीक तरीके से इस्तेमाल करें, कोई उद्यम करें, कोई और रास्ता खोजें, आज तो आप के पास आकाश भर संभावनाएं हैं।**

**प्रशांत सिंह**

एक दिन एक रेलवे स्टेशन पर अपने खास मित्र शिवम के साथ खड़ा था। हम दोनों स्टेशन जल्दी पहुंच गए थे और स्टेशन भी बहुत व्यस्त नहीं था तो हमने उस दिन ट्रेन के कलपुर्जों का ठीक से जायजा लेने की ठानी। हम ये देख रहे थे कि काम काज का बटवारा कैसे होता है, ट्रेन का इंजन कैसे बदला जाता है वगैरह-वगैरह। इतने में मेरी नजर पड़ी दो डिब्बों को जोड़ने के लिए एक फिट से भी कम जगह में खड़े एक आदमी पर। वो हाथ से दोनों डिब्बों को जोड़ने वाली बड़ी सी कील सही ठिकाने पर डालने की कोशिश कर रहे थे। मेरे मुंह से निकला भाई कुछ भी हो जाय ये काम मत करना।

इस प्रतिक्रिया का डिब्बा जोड़ने के काम और उससे मिलने वाले दाम से कोई लेना देना नहीं था। एक तस्वीर आंखों में उतर आई थी जो कुछ ही दिनों पहले मैने देखी थी। बिहार के बेगूसराय से आई थी वो तस्वीर। मैने कहा शिवम हम लोग कोई बिजनेस कर लेंगे पॉलिटिक्स में चले जाएंगे पर तुम ये वाला फॉर्म नही भरना यार।

यह मैं इसलिए बता रहा हूं कि (आरआरबी ग्रुप डी) का एग्जाम जिसमें सफल होने के बाद ये नौकरियां मिलती हैं उसमें एक करोड़ से ऊपर फॉर्म भरे जाते हैं हमारे देश में। यहां से बात शुरु करने की मुख्य वजह यह है कि मैं ये साफ करना चाह रहा था कि इस परीक्षा में सफल होने पे कोई बड़ा बंग्ला गाड़ी या नौकर चाकर नहीं मिलते पर इस तरह आदमी से खबर हो जाने का पूरा इंतजाम है। नीट



का पेपर फिर से लीक हुआ और यह देख कर अच्छा लग रहा है कि एक सवाल सामूहिक रूप से व्यवस्था से पूछा जा रहा है। परंतु सवाल यहां से नहीं पूछे जाने चाहिए। सवाल शुरू से पूछना पड़ेगा।

उत्तर भारत में आज भी एक बड़ा युवा वर्ग स्टॉफ सलेक्शन कमिशन (एसएससी) द्वारा ली जाने वाली सीजीएल और सीएचएसएल परीक्षाओं पर आने वाले भविष्य के सपने टिकाए खड़ा है। रेलवे की एनटीपीसी और ग्रुप डी जैसी नौकरियों से आस लगाने वालों की भरमार है। टीचर बनने का सपना संजोने वाले भी लाखों की भीड़ में हैं। इन सभी लोगों की एक साझा समस्या है पेपर लीक। इस समस्या को सुलझाने के कुछ उपाय हैं। पहला उपाय ये है कि इनको किसी ठीक से कम्युनिकेशन में मास्टर आदमी से मोटिवेशन दिलवाया जाय कि देखिए सरकारी नौकरियां तो सिर्फ 2 प्रतिशत ही हैं। इन सब संस्थानों में तो ऐसा होता रहता है आप अपनी युवावस्था की ऊर्जा का ठीक तरीके से इस्तेमाल करें, कोई उद्यम करे, कोई और रास्ता खोजें, आज तो आप के पास आकाश भर संभावनाएं हैं।

दूसरा है राजनीतिक पार्टियां अपने मेनिफेस्टो में एक दो करोड़ के आस पास नौकरियां देने का डेटा शामिल करें। और स्टार प्रचारक को इस काम में लगाएं कि वो परीक्षार्थियों को ये विश्वास दिला सकें कि हम जैसे ही सत्ता में आएंगे पहले इस तरह की धांधली पर रोक लगाएंगे तब जाकर पानी चाय पियेंगे। दो पंचवर्षीय योजना जितने समय को दिमाग में लेकर तैयारी करने वाले 'युवा भारत' के युवाओं को संघर्ष की कविताओं और शेरों से भी कुछ मरहम लगाया जा सकता है। सोच के देखिए नीलोत्पल मृणाल सुना रहे हों - कोई बलिया, देवरिया, कोई आजमगढ़ से आया है,

हजारों गाँव इलाहाबाद पैदल चलकर आया है,
बाबूजी चिंता न कर ... कोई ये कह कर आया है,
कई बेटियों का हौसला भी बाप से लड़कर आया है,
हजारों ख्वाब का लश्कर पटरिया चढ़कर आया है।

तो कौन सा पत्थर दिल होगा जिसे सुकून नहीं मिलेगा। इसके बाद आते हैं कोचिंग इंस्टीट्यूट और सेलिब्रिटी टीचर। हर परीक्षा की सबसे सटीक तैयारी का दावा इनकी जुबान पर है। सबने ये प्रोफेशन सिर्फ समाज सेवा के लिए चुना है। इस समाज सेवा के अंतर्गत बीच- बीच में सेमिनार, मुफ्त पुस्तक वितरण, और भंडारे का आयोजन किया जाता है। इन सभी गुरुजनों के पुण्य प्रताप से विद्यार्थी पेपर लीक होने के दंश को झेलने का साहस जुटा लेता है। और फिर से लग जाते हैं अगली नोटिफिकेशन और डेडलाइन के चक्कर में। बिना किसी लागलपेट के कहूं तो इतनी सी बात है कि भीख नहीं मांग रहे हैं ये लोग। बरसों हुए इन्हें घरों से निकले, अब घर जाने की इच्छा नहीं बची। इस तंत्र में जहां रातों रात मंदिर, मस्जिद, पेड़, मकान, दुकान कुछ भी गायब कर देने की हिम्मत है वह यह पता नहीं लगा पा रही है कि इनकी जिंदगियों से खेल कौन रहा है।ये सब झूठी अफवाहें हैं कि इलाहाबाद जिसे आज प्रयागराज कहते हैं, वहां बच्चों को दाल भात और चोखा बहुत पसन्द है। ये सबसे सस्ता खाना है जो यहां रहने वाला बच्चा अफोर्ड कर सकता है। चार रुपए की चाय वाली दुकान पर भीड़ इसलिए नहीं है कि वह सबसे अच्छी चाय बनाता है बल्कि इसलिए है कि वो चार रुपए में देता है। माननीय मुख्य न्यायाधीश जाने अनजाने जिस प्रजाति की बात कर रहे थे वो ऐसे ही शहरों में छोटे छोटे कमरों में बंद है।

मैने बहुत पास से देखी है इनकी बेचैनी, इन्हें पता है कि भाग्यउदय की सारी चाभियां कहां रखी गई हैं। ये वो लोग है जिन्होंने अपने सारे क्रिएटिव सपने भविष्य की गोंद में दे रखे हैं। किसी को घूमने लद्दाख जाना है, किसी के प्रेम की परिणति इस बात पर निर्भर करती है कि एग्जाम टाइम पर हो, और सिलेक्शन हो। किसी को पेंटिंग का शौक है, किसी ने गिटार और तबला सीखने का फैसला एग्जाम के रिजल्ट पर डाल रखा है। कितनी लडकियों की आजादी की एक्सपायरी डेट आगे बढ़ने के बाद भी समाप्त हो रही है। छोटे- छोटे कमरों में रह कर जिंदगी गुजार रहे ये लोग जानते हैं कि दिक्कत कहां है। दर्जनों से अधिक एग्जाम के पेपर लीक होने की सूचना है। प्रजातंत्र के पहरेदारों और पालनहारों अब पानी सर से ऊपर जा रहा है। यदि ईश्वर में विश्वास करते हैं तो बद्दुआ से डरिए। यदि नहीं करते तो दुनिया का इतिहास पढ़िए। एसी के कमरों में बैठ कर इनका भाग्य लिखने वालों, सुबह उठने पर भी पसीने से भीगी पीठ लिए ये लोग जिस दिन अपना सब्र खोएंगे, आपकी नॉनरोटी और जाम गले से नीचे नहीं जाएगा।

पता है सब हमें -

ये सारा जिस्म झुककर बोझ से दुहरा हुआ होगा,
मैं सजदे में नहीं था, आपको धोखा हुआ होगा।
यहाँ तक आते-आते सूख जाती हैं कई नदियाँ,
मुझे मालूम है पानी कहाँ ठहरा हुआ होगा।
(दुष्यंत कुमार)

अगर आप यहां तक आ गए हैं तो मेरी एक गुज़ारिश और मान लीजिए, आपने बाल मोहन पाण्डेय की नज़्म 'अंधभक्त' नहीं सुनी या पढ़ी तो कृपया सुनिएगा जरूर।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए नई उम्मीदों और बड़ी राहत का संदेश लेकर आया है। लंबे समय से अटका कोई काम आखिरकार पूरा हो सकता है।

**वृषभ**
आज कुछ खास लोगों से मुलाकात आपके करियर और बिजनेस के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। रिश्तेदार से मिली खबर थोड़ी चिंता बढ़ा सकती है।

**मिथुन**
आज आपकी सूझबूझ और फैसले लेने की क्षमता आपको दूसरों से आगे रखेगी। विरोधियों की बातों में आकर कोई गलती करने से बचें।

**कर्क**
आज वैवाहिक जीवन में प्यार और समझदारी का सुंदर संतुलन देखने को मिलेगा। माताजी से किया गया वादा पूरा करने का अवसर मिलेगा।

**सिंह**
कोई महत्वपूर्ण जानकारी आपके लिए नए रास्ते खोल सकती है। परिवार के साथ बिताया गया समय रिश्तों में और मजबूती लाएगा।

**कन्या**
आज आर्थिक मामलों में किस्मत आपका पूरा साथ दे सकती है। पैतृक संपत्ति से लाभ मिलने के योग हैं और आय बढ़ने से मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला**
आज का दिन काफी भागदौड़ और व्यस्तता से भरा रह सकता है। अपने काम खुद करने की कोशिश करें और दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें।

**वृश्चिक**
बिजनेस की कोई पुरानी समस्या भाइयों के सहयोग से हल होती नजर आएगी। विद्यार्थियों के मन में कुछ नया सीखने और करने की इच्छा जागेगी।

**धनु**
मन की इच्छा अधूरी रहने से थोड़ी बेचैनी महसूस हो सकती है। काम में मन कम लगेगा, इसलिए खुद को सकारात्मक रखने की कोशिश करें। सेहत को लेकर भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**मकर**
बिजनेस में अच्छा मुनाफा मिलने से मन प्रसन्न रहेगा और पुराना अटका पैसा भी वापस मिल सकता है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है।

**कुंभ**
आज का दिन सामान्य से बेहतर साबित हो सकता है। अचानक यात्रा के योग बन रहे हैं। संतान यदि किसी परीक्षा में शामिल हुई थी तो उसका परिणाम खुशी दे सकता है।

**मीन**
आज बिजनेस में उतार-चढ़ाव के कारण मन थोड़ा अस्थिर रह सकता है। पार्टनरशिप में सतर्क रहना जरूरी होगा, क्योंकि धोखे की संभावना बन रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### चिकित्सा शिरोमणि अवार्ड से सम्मानित हुए मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ संतोष कुमार

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना के अधिवेशन भवन में चिकित्सीय कार्यक्रम और एनुअल कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया, जिसमें चीनी (मधुमेह) रोग के ख्याति प्राप्त चिकित्सक डॉ संतोष कुमार को पूर्व राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद जी और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री श्री अश्विनी चौबे जी द्वारा चिकित्सा शिरोमणि सम्मान से नवाजा गया। इस मौके पर कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही ।बता दें की मधुमेह के क्षेत्र में डॉ. संतोष कुमार का योगदान काफी महत्वपूर्ण रहा है। साथ ही किडनी रोगों में भी इनका उपचार काफी प्रशंसनीय रहा है । इनके इलाज के दौरान रोगियो को ना ही दवाओं और ना ही जांच पर भारी भरकम रुपये खर्च करने की जरूरत पड़ती है, और मरीजों को परहेज भी नहीं करना पड़ता और वो एक आम स्वस्थ इंसान की तरह ही सभी तरह की खाद्य सामग्री का सेवन कर सकते है । इनके इलाज के दौरान किसी भी तरह का साइड इफेक्ट नहीं होता है। डॉ. संतोष कुमार जी का क्लिनिक पटना, मुजफ़्फरपुर,पूर्णिया, भागलपुर, फारबिसगंज, मोतीहारी, सिवान और गोपालगंज में स्थित हैं।



### पटना में 'पॉपस्टॉप' शोरूम का भव्य उद्घाटन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मौर्या लोक कॉम्प्लेक्स स्थित 'पॉपस्टॉप' डिजाइनर शोरूम का भव्य उद्घाटन मंगलवार को मुख्य अतिथि मेयर सीता साहू द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य नागरिक, फैशन जगत से जुड़े लोग एवं बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे। उद्घाटन के दौरान शोरूम में उपलब्ध प्रीमियम डिजाइनर कलेक्शन खासतौर पर मुंबई के लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स पर आधारित लहंगा, साड़ी, रेडीमेड ब्लाउज, सूट एवं ज्वेलरी बैग की रेंज लोगों को काफी पसंद आया। शोरूम की संचालिका शिखा कुशवाहा, जो NIFT टॉपर रह चुकी हैं, ने बताया कि उनका उद्देश्य पटना के ग्राहकों को महानगरों जैसी फैशन क्वालिटी और ट्रेंड एक ही जगह पर उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में संरक्षक निरंजन कुशवाहा (पप्पू), चेयरमैन- सम्राट अशोक फाउंडेशन, वरिष्ठ भाजपा नेता ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह शोरूम स्थानीय लोगों को बेहतर फैशन विकल्प प्रदान करेगा और शहर में फैशन इंडस्ट्री को नई दिशा देगा।



### मारपीट कर पत्नी को घर से निकाला

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दहेज लोभियों द्वारा महज एक वाइक एवं पचास हजार रुपए के लिए सास और पति द्वारा एक बहू को मारपीट कर घर से निकाल दिए जाने संबंधित मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में थाना क्षेत्र के वरूणा गांव निवासी पीड़िता महिला आंसु देवी द्वारा थाना में लिखित शिकायत किया गया है। अपने लिखित आवेदन में महिला ने अपने पति और सास पर आरोप लगाते हुए बताया है कि उसके पति और सास दोनों मिलकर खाना- खुराक नहीं देते हैं और हमेशा मारपीट करते हैं। मुझे अपने माता-पिता से एक लाइक एवं पचास हजार रुपए मांगकर लाने के लिए पड़ताड़ित करते रहते हैं। मंगलवार को सुबह सांस और पति मिलकर मारपीट कर मेरा सिर फोड़ कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया है। पुलिस आवेदन के आलोक में मामले की तहकीकात कर रही है।

### विवाद में मारपीट में एक की मौत

**पालीगंज (पटना)नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** इमामगंज थाना क्षेत्र के कोड़रा गांव में सामुदायिक भवन में सोने को लेकर हुए विवाद में हुई मारपीट के दौरान एक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कोड़रा गांव निवासी मुनेश्वर मांझी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव के सामुदायिक भवन में सोने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इस दौरान मुनेश्वर मांझी गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों द्वारा उन्हें इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पालीगंज लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। इधर, इमामगंज थानाध्यक्ष ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि कोड़रा गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में मुनेश्वर मांझी घायल हुए थे, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदन के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### स्नान के दौरान 40 वर्षीय युवक गंगा में डूबा

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाथीदह थाना क्षेत्र के डबल लेन रेलवे ट्रैक पुल के नीचे मंगलवार को गंगा नदी में स्नान कर रहा 40 वर्षीय युवक गहरे पानी में डूब गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।स्थानीय मछुआरों और पुल पर काम कर रहे कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को नदी से बाहर निकाला। बेहोशी की हालत में युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मराँची ले जाया गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अस्पताल पहुंचने पर कर्मियों की भारी लापरवाही सामने आई। युवक को वाहन से उतारने में लगभग एक घंटे का समय लग गया, जिससे इलाज में देरी हुई।हाथीदह अवर थानाध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक का इलाज शुरू करवाया। हालत गंभीर होने के कारण युवक को पटना रेफर कर दिया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।समाचार लिखे जाने तक युवक की पहचान नहीं हो सकी है और वह होश में नहीं आया है। पुलिस युवक के परिजनों का पता लगाने में जुटी है।

### छापेमारी में 1.180 किलो गांजा बरामद, तीन गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केवड़ा ओपी अंतर्गत पुनपुन थाना क्षेत्र के ग्राम गंजपार जलालपुर में बुधवार रात दो पक्षों में हुई लड़ाई के दौरान एक पक्ष द्वारा फायरिंग की घटना सामने आई है। घटना का वीडियो मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्राप्त वीडियो के आधार पर शामिल अपराधियों के घर विधिवत छापामारी की। छापेमारी के दौरान एक आरोपी के घर से करीब 1.180 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। वीडियो फुटेज के आधार पर पुलिस ने फायरिंग में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। केवड़ा ओपी पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार गश्त की जा रही है। फायरिंग और मादक पदार्थ बरामदगी को लेकर सघन जांच जारी है।

### एटीएम में कार्ड फंसाकर 1 लाख की ठगी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के हांसाडीह गांव निवासी वायुसेना जवान अशोक कुमार के साथ एटीएम ठगी की बड़ी वारदात हुई है। जालसाजों ने एटीएम में कार्ड फंसाकर और फर्जी कस्टमर केयर बनकर उनके खाते से पैसे उड़ा लिए। पीड़ित ने साइबर क्राइम पोर्टल और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।पीड़ित अशोक कुमार, पिता स्व. बजरंगी मिस्त्री, वर्तमान में जालंधर कैंट, पंजाब में वायुयोद्धा के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि 24 मई 2026 को दोपहर करीब 12 बजे तारेगना रेलवे स्टेशन के पास मेन रोड स्थित एक्सिस बैंक एटीएम से पैसे निकालने गए थे। इस दौरान उनका एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया। कार्ड फंसने पर उन्होंने एटीएम बूथ में लिखे कस्टमर केयर नंबर पर कॉल किया। कॉल रिसीव करने वाले ने कहा कि "पांच मिनट में प्रॉब्लम सॉल्व हो जाएगी।" करीब 2-3 मिनट बाद कॉल कट गया। इसके तुरंत बाद दोपहर 12:14 बजे उनके रजिस्टर्ड मोबाइल पर मेसेज आया। मैसेज में एसबीआई के नंबर से जानकारी दी गई कि उनका एटीएम क्लीन कर ब्लॉक कर दिया गया है। अशोक ने भी तत्काल कस्टमर केयर को कॉल कर सभी बैंकिंग सेवाएं ब्लॉक करवा दीं।पीड़ित के अनुसार उनके खाते से अनाधिकृत तरीके से पैसे निकाल लिए गए। वायुसेना जवान ने पुलिस से मामले की जांच कर अपराधियों की पहचान करने और अनाधिकृत रूप से निकाले गए पैसे की बरामदगी की मांग की है। पुलिस साइबर सेल की मदद से मामले की जांच कर रही है।

# गंगा दशहरा पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## त्रिवेणी-मस्ताना घाट पर हर-हर गंगे का जयघोष, डुबकी लगाकर मांगा मोक्ष



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ज्येष्ठ शुक्ल दशमी यानी गंगा दशहरा के पावन पर्व पर मंगलवार को फतुहा के ऐतिहासिक त्रिवेणी घाट, मस्ताना घाट और कटैया घाट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। ब्रह्ममुहूर्त से ही 'हर-हर गंगे, जय मां गंगे' के उद्घोष के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और दान-पुण्य कर मोक्ष की कामना की।

**अहले सुबह से पहुंचने लगे श्रद्धालु**

हिलसा-दनियावां मार्ग पर निजी वाहनों से नर-नारी, बच्चे-बुजुर्ग अहले सुबह 3 बजे से ही गंगा घाटों पर पहुंचने लगे थे। सूर्योदय के साथ ही घाटों पर तिल रखने की जगह नहीं बची। महिलाओं ने घाट पर सत्यनारायण कथा सुनी, तो पुरुषों ने गंगा किनारे बैठकर गायत्री मंत्र का जाप किया। श्रद्धालुओं ने गंगा मैया को दूध, फूल, अक्षत व चुनरी अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि मांगी।

**मान्यताः आज से बढ़ता है गंगा का जलस्तर**

स्थानीय पंडितों व बुजुर्गों के अनुसार, ऐसी मान्यता है कि गंगा दशहरा के दिन से ही मां गंगा के जलस्तर में वृद्धि शुरू हो जाती है। इसी दिन राजा भगीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर मां गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थीं। नौतपा की तपिश के बीच गंगा स्नान को श्रद्धालु 'अमृत स्नान' मान रहे थे।

**'गंगा मोक्ष और पवित्रता की जलधारा' : डॉ. राजीव नयन**

मौके पर मौजूद प्रख्यात साहित्यकार डॉ. राजीव नयन ने कहा, गंगा सिर्फ नदी नहीं, भारतीय संस्कृति की जीवनरेखा है। यह आस्था, मोक्ष और पवित्रता की जलधारा है। भोलेनाथ की जटा से निकलकर यह कपिल मुनि के श्राप से भस्म हुए राजा सगर के 60 हजार पुत्रों को तारने धरती पर आई थीं। गंगा दशहरा हमें याद दिलाता है कि प्रकृति और नदियों का संरक्षण ही असली पूजा है।

**प्रशासन रहा मुस्तैद, घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

भीड़ को देखते हुए फतुहा प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। त्रिवेणी व मस्ताना घाट पर एसडीआरएफ की टीम नाव व गोताखोरों के साथ तैनात रही। महिला श्रद्धालुओं के लिए चेंजिंग रूम व अस्थायी शौचालय की व्यवस्था की गई थी। पुलिस बल लगातार घाटों पर गश्त करता रहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि स्नान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

**नौतपा में गंगा स्नान बना राहत**

29 मई तक जारी नौतपा के भीषण प्रकोप के बीच गंगा स्नान श्रद्धालुओं के लिए राहत लेकर आया। 41त्ड तापमान में गंगा के शीतल जल ने लोगों को लू से बचाया। कई श्रद्धालुओं ने कहा कि गंगा मैया की गोद में आकर सारी थकान मिट गई।

**बाजारों में भी रही रौनक**

गंगा दशहरा पर घाटों के आसपास पूजा सामग्री, खिलौने, चाट-पकौड़े की दुकानों पर खूब भीड़ रही। मिट्टी के कलश, लोटा और प्रसाद की बिक्री जोरों पर रही।

**क्या कहते हैं शास्त्र**

गंगा दशहरा पर गंगा स्नान, दान व जप का 10 गुना फल मिलता है। इस दिन गंगा स्तोत्र का पाठ करने से 10 प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है।

### गंगा दशहरा को लेकर गंगा घाट पर उमड़ी श्रद्धालुओ की भीड़

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा दशहरा को लेकर फतुहा के विभिन्न गंगा घाटो पर सोमवार को शाम से ही श्रद्धालुओ की भीड़ जुटना शुरू हो गया। विदित हो कि मंगलवार को गंगा दशहरा था। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन गंगा में स्नान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी धार्मिक आस्था को लेकर फतुहा के मस्ताना घाट ,त्रिवेणी घाट ,कटैया घाट सहित विभिन्न घाटों पर शुक्रवार के शाम से ही श्रद्धालुओ की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। इस अवसर पर नालन्दा ,जहानाबाद ,गया सहित दूर -दराज



के श्रद्धालु गण रेल मार्ग एवं सड़क मार्ग से हजारों की संख्या में विभिन्न घाटो पर पहुँच कर गंगा स्नान कर पूजा अर्चना किया । फतुहा के मस्ताना घाट पर हुए दो बार नाव हादसे को देखते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है और निजी नाव का परिचालन बंद कर दिया गया है । गंगा दशहरा के संबंध में पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक ऋषि भगीरथ की तपस्या से खुश हो कर भगवान शंकर ने माँ गंगा को आज ही के दिन घरती पर अवतरित किये थे । इस लिए आज के दिन गंगा स्नान का बड़ा महत्व माना जाता है।

## देसी राइफल दो जिन्दा कारतूसों के साथ एक गिरफ्तार

### 20 पुड़िया स्मैक एवं 4.28 लाख रुपये बरामद



**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नदी थाना पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र के जेठुली गांव में छोपेमारी कर एक देसी राइफल और दो जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मंगलवार को फतुहा एस डी पी ओ अबधेश कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सर्व प्रथम पुलिस ने कच्ची दरगाह मजार के पास से जेठुली गांव निवासी शोक राय के पुत्र अमित कुमार को 20 पुड़िया स्मैक जिसका वजन 09.15 ग्राम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक अनुराइड मोबाइल भी जप्त किया है। जब पुलिस अभियुक्त के जप्त मोबाइल को सर्च किया तो देखा कि मोबाइल में राइफल के साथ उसका फोटो सेव है, तत्पश्चात पुलिस ने एक टीम बनाकर अभियुक्त के घर का तलाशी लिया । तलाशी के क्रम पुलिस ने अमित के घर से एक देसी राइफल दो जिन्दा कारतूस तथा चार लाख अठाईस हजार रूपए नगद बरामद किया है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस छापेमारी अभियान में नदी थानाध्यक्ष सदाम हुसैन के साथ एस आई विवेक कुमार ए एस आई संताणु कुमार के साथ कई पुलिस के जवान शामिल थे।

### लाइब्रेरी पर अवैध कब्जे का आरोप

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय लाइब्रेरी परिसर पर अवैध कब्जे और गरीब बच्चों से मोटी रकम वसूली का मामला सामने आया है। इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया सेल के संयोजक आलोक कुमार ने अनुमंडल प्रशासन को आवेदन देकर लाइब्रेरी से कब्जा हटाने और निष्पक्ष संचालन के लिए कमिटी गठित करने की मांग की गई है। आवेदन में बताया गया है कि लाइब्रेरी भवन का एक तल्ला सांसद रविशंकर प्रसाद और पूर्व सांसद रामकृपाल यादव की सांसद निधि से बनवाया गया था। इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर, गरीब और असहाय छात्र-छात्राओं को शांतिपूर्ण माहौल में पढ़ाई की सुविधा देना था।आरोप है कि वर्तमान में अरुण कुमार यादव, पिता रामदेव प्रसाद यादव, निवासी बड़हीटोला एवं अन्य संबंधित शिक्षकों ने सार्वजनिक परिसर पर अवैध कब्जा कर लिया है। लाइब्रेरी का उपयोग गरीब बच्चों के हित में न कर आर्थिक लाभ के लिए किया जा रहा है। छात्रों से मोटी रकम वसूली जा रही है और पैसे देने वालों को ही प्राथमिकता दी जा रही है।

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से पल्लवी राज कंस्ट्रक्शन के चेयरमैन की आत्मीय मुलाकात

### 'गोवा सिटी प्रोजेक्ट' पर चर्चा



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पल्लवी राज कंस्ट्रक्शन के चेयरमैन संजीव श्रीवास्तव ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार एवं आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान राज्य में चल रहे विकास कार्यों और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। खास तौर पर 'गोवा सिटी प्रोजेक्ट' को लेकर बातचीत हुई, जिसे आधुनिक सुविधाओं और उच्चस्तरीय शहरी योजना के तहत विकसित करने की तैयारी है। संजीव श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री को परियोजना की रूपरेखा से अवगत कराते हुए बताया कि इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य लोगों को विश्वस्तरीय आवासीय एवं व्यावसायिक सुविधाएं प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट बिहार के शहरी विकास में एक नया आयाम जोड़ सकता है और निवेश के नए अवसर भी पैदा करेगा। साथ ही साथ संजीव श्रीवास्तव ने रियल एस्टेट में 3.5 जीरो, एफएआर को बढ़ाकर 6.0 करने की बिहार के मुख्यमंत्री जी से निवेदन किया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में निवेश और बुनियादी ढांचे के विस्तार को प्राथमिकता देने की बात कही तथा निजी क्षेत्र की भागीदारी की सराहना की। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार विकास कार्यों के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

## भदौरा पैक्स चुनाव: अध्यक्ष पद के 4 उम्मीदवार मैदान में, किसी ने वापस नहीं लिया नाम, चुनाव चिह्न आवंटित

### 3 जून को होगा मतदान, 2672 मतदाता चुनेंगे अध्यक्ष और 34 कार्यकारिणी सदस्य; मुकाबला चतुष्कोणीय





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद मसौढ़ी के भदौरा पैक्स चुनाव में मंगलवार को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हुई। किसी भी उम्मीदवार ने नाम वापस नहीं लिया। इसके बाद निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ प्रभाकर कुमार की मौजूदगी में अध्यक्ष पद के 4 उम्मीदवारों और 34 प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों के बीच प्रतीक चिन्ह का आवंटन किया गया। पैक्स अध्यक्ष पद के लिए नागेश्वर प्रसाद सिंह को 'मोती का माला', पवन कुमार को 'ब्लैक बोर्ड', रामदयाल सिंह को 'किताब' और लक्ष्मण पांडे को 'ईंट' का प्रतीक चिन्ह दिया गया। भदौरा पैक्स के लिए 3 जून को मतदान होगा। इसके लिए 4 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस चुनाव में कुल 2672 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।नाम वापसी के दिन कयास लगाए जा रहे थे कि एक उम्मीदवार अपना नाम वापस लेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। चारों उम्मीदवार मैदान में डटे हैं, जिससे भदौरा पैक्स का चुनावी मुकाबला चतुष्कोणीय हो गया है।

### प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति के मार्च तिमाही 2026 की बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें सभी बैंकों के प्रबंधक एवं प्रतिनिधि को अपना वार्षिक एसीपी का शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए अग्रणी जिला प्रबंधक अभिषेक ने बताया कि प्रखंड के सभी बैंकों को अपना अधिक से अधिक ऋण वितरण करने को निर्देशित किया गया।उक्त बैठक में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र यथा कृषि ऋण, मुर्गी पालन ,मत्स्य पालन, बकरी पालन, एवं अन्य कृषि संयंत्र हेतु अधिक से अधिक लोन प्रदान करने हेतु कहा गया। घर-घर केसीसी अभियान के तहत पीएम किसान सम्मान के लाभार्थियों को अधिक से अधिक केसीसी ऋण से लाभान्वित करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि नीलम पत्रवाद के सभी पणजी क एवं के मिलान संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन प्रखंड के सभी बैंक सुनिश्चित करेंगे।

## मसौढ़ी में बकरीद की धूम, 90 किलो का 'बाहुबली' और 80 किलो का 'सलमान' बना आकर्षण का केंद्र



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 28 जून को मनाई जाने वाली ईद-उल-अजहा यानी बकरीद को लेकर मसौढ़ी के मुस्लिम इलाकों में जोरदार तैयारियां चल रही हैं। बकरा बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। इस बार रहमतगंज और मलिकाना मोहल्ले के दो बकरे 'बाहुबली' और 'सलमान' चर्चा में हैं।रहमतगंज के मोहम्मद खुर्शीद आलम ऊर्फ मुखिया जी ने तोतापरी नस्ल का 90 किलो का बकरा पाला है, जिसका नाम 'बाहुबली' रखा है। वहीं मलिकाना मुहल्ले के मो. राजा का अजमेरी नस्ल का बकरा 'सलमान' 80 किलो का है। दोनों की कीमत लाखों में बताई जा रही है। दोनों बकरों के नखरे भी खास हैं। 'बाहुबली' को मक्खन खिलाया जाता है तो 'सलमान' कोल्ड ड्रिंक का शौकीन है। रोजाना चना और हरा चारा के अलावा इनकी खास डाइट का इंतजाम किया गया है। मोहल्ले में इन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ लग रही है। समाजसेवी मोहम्मद मकसूद मलिक ने बताया कि बकरीद पर बकरों की कुबार्नी दी जाएगी। इसका एक हिस्सा परिवार, एक हिस्सा रिश्तेदारों और तीसरा हिस्सा उन गरीबों में बांटा जाएगा जो कुबार्नी देने में सक्षम नहीं हैं। बकरीद को लेकर मसौढ़ी के बकरा बाजार में रौनक बढ़ गई है। 'बाहुबली' और 'सलमान' के दाम सुनकर खरीदार भी हैरान हैं। वही बकरीद पर्व को लेकर अनुमंडल स्तर पर पुलिस मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है जहां तक तकरीबन 29 जगह पर पुलिस दंडाधिकारी मुस्तैद रहेगें।और अनुमंडल कार्यालय को नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है गांधी मैदान मसौढी में सुबह 7:30 बजे बकरीद की नमाज पढ़ी जाएगी।

## काबुनी के सुपर कोच बने एबी डी विलियर्स

### अब युवा खिलाड़ियों को मिलेगी एआई आधारित विश्वस्तरीय क्रिकेट ट्रेनिंग

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** क्रिकेट ट्रेनिंग को नई पहचान देने वाला एआई आधारित स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म काबुनी ने आज पूर्व दक्षिण अफ्रीकी कप्तान और ग्लोबल स्टार एबी डी विलियर्स को सुपर कोच नियुक्त करने की घोषणा की है। एबी डी विलियर्स का जुड़ना काबुनी के उस मिशन में एक और बड़ा कदम है, जिसका उद्देश्य हर स्तर के खिलाड़ियों तक वर्ल्ड -क्लास क्रिकेट कोचिंग पहुंचाना है। वे पहले से ही काबुनी सुपर कोच सौरव गांगुली और शेन वाटसन के साथ जुड़े हुए हैं। यह सहयोग काबुनी की अत्याधुनिक तकनीक और एबी डिविलियर्स के गहरे क्रिकेट अनुभव को एक साथ लाता है, जिससे उभरते क्रिकेटरों को डेटा आधारित जानकारी और वास्तविक खेल अनुभव का मजबूत संयोजन मिलेगा। भारत में 12 से 16 वर्ष के युवा खिलाड़ियों को जून में शुरू होने वाले एक नए राष्ट्रीय टूनार्मेंट के जरिए एबी डी विलियर्स की टीम के लिए खेलने का मौका जीतने का अवसर मिलेगा, जिसमें काबुनी की तकनीक का उपयोग किया जाएगा। काबुनी का प्लेटफॉर्म पारंपरिक नेट प्रैक्टिस को बदलने के लिए तैयार किया गया है। यह खिलाड़ी की मूवमेंट और बॉल ट्रैकिंग को रियल टाइम में ट्रैक करता है और उसे आसान व उपयोगी फीडबैक में बदल देता है। अपने खास "1% इम्प्रूवमेंट" मॉडल के जरिए यह सिस्टम छोटी लेकिन तुरंत की जाने वाली गलतियों को सुधारने पर ध्यान देता है, जिससे समय के साथ खिलाड़ियों के प्रदर्शन में बड़ा और प्रभावी सुधार देखने को मिलता है।

## मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ : तीन गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार व उपकरण बरामद

### कुशवन गांव के बगीचे में चल रहा था अवैध धंधा, 20 साल में 7वीं फैक्ट्री पकड़ी गई; नेटवर्क खंगाल रही पुलिस



**मसौढ़ी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुशवन गांव के जंगलनुमा बगीचे में चल रही मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। मंगलवार सुबह 6 बजे से दोपहर 3 बजे तक चले अभियान में पुलिस ने बगीचे को चारों तरफ से घेरकर छापेमारी की। मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया और भारी मात्रा में हथियार बनाने के उपकरण जब्त किए गए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में बाबूनंद पासवान, उमेश पासवान और शरण मिस्त्री शामिल हैं। छापेमारी के दौरान कई अन्य लोग भागने में सफल रहे। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। पुलिस ने मौके से ट्रिगर गार्ड, लोहे का हैमर, ट्रिगर स्प्रिंग, एक्सट्रैक्टर, ऑटोमाइजर, जिंदा कारतूस, कई अर्द्धनिर्मित बैरल, अर्द्धनिर्मित देसी कट्टा और कई रेती समेत हथियार बनाने के अन्य उपकरण बरामद किए हैं।धनरुआ में मिनी गन फैक्ट्री पकड़े जाने का यह पहला मामला नहीं है। 23 जनवरी 2023 को भी मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन हुआ था जिसमें चार लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। इसके अलावा 25 फरवरी 2025 को सिंहरामपुर में भी अवैध फैक्ट्री पकड़ी गई थी जिसमें दो लोग गिरफ्तार हुए थे। पिछले 20 सालों में धनरुआ में अब तक 7 से अधिक मिनी गन फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ हो चुका है।पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि मिनी गन फैक्ट्री के उपकरण कहां से लाए जाते थे और तैयार हथियार किसे बेचे जाते थे। पटना पुलिस और धनरुआ थाना की संयुक्त टीम पूरे नेटवर्क को खंगाल रही है। इलाके में एक बार फिर मिनी गन फैक्ट्री पकड़े जाने से हड़कंप मच गया है। धनरूआ थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि जब सामानों की सूची तैयार की जा रही है मिलान किया जा रहा है पूरे डॉक्यूमेंट जल्द ही दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### वाहन जांच में भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद

**बौंसी/बांका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बौसी थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए वाहन जांच अभियान के दौरान भागलपुर-दुमका मुख्य मार्ग स्थित गुड़िया मोड़ के पास एक सिल्वर रंग की हुंडई-20 कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कार सवार एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बौसी थाना पुलिस वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में वाहन से कुल 129.600 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से खगड़िया जिले के निवासी अनुज कुमार उर्फ हिटलर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शराब एवं वाहन को जब्त करते हुए आरोपी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी अभियान में पुअनि अनीश बिहारी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि भागलपुर-दुमका रोड शराब तस्करों के लिए लगातार इस्तेमाल होने वाला मार्ग बनता जा रहा है, जिस पर पुलिस की सक्रियता से तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

### बकरीद को लेकर चांदन थाना में शांति समिति की बैठक

**चांदन(बांका) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बकरीद त्यौहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर आज मंगलवार को चांदन थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष श्रीकांत भारती व पुअनि संजय कुमार सिंह के अध्यक्षता में आयोजित की गई ।इस अवसर पर बैठक में पहुंचे हिन्दू व मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों ने आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ त्यौहार को मनाने की अपील किया। थानाध्यक्ष श्रीकांत भारती ने कहा कि बकरीद त्यौहार आपसी सद्भाव और सामाजिक एकता का त्यौहार है। जिसे सभी लोगों ने मिलजुल कर शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं जाने की बात कही ।साथ ही उन्होंने अफवाहों से बचने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को देने के लिए कहा। मौके पर गौरीपुर मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद मंडल, सरपंच राकेश कुमार बच्चू,शंकर मांझी,दीपक भारती, नंदकिशोर मोदी, बैजनाथ यादव, हरे कृष्ण पांडेय अरविन्द पांडेय, प्रिय चन्द्र आजाद,मुख्तार अंसारी, रूपशान शेख, सुल्तान अली,अकबर अली,वसिम शेख,कविता देवी,मंजू देवी समा बीबी सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे ।



### मोकामा की पूर्व विधायक नीलम देवी को उपमंत्री का दर्जा

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के थाना चौक पर मंगलवार को जदयू कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। मोकामा विधानसभा के पूर्व विधायक नीलम देवी को राज्य सरकार में उपमंत्री का दर्जा मिलने पर समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में गठित राज्यस्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति में नीलम देवी को सदस्य बनाया गया है। इस पद का दर्जा राज्य सरकार में उपमंत्री के बराबर है। नीलम देवी मोकामा के वर्तमान जदयू विधायक अनन्त कुमार सिंह की पत्नी और खुद भी क्षेत्र की पूर्व विधायक रह चुकी हैं।घोषणा की खबर मिलते ही विपुल कुमार उर्फ सरदार और गौतम महात्मा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता थाना चौक पर जुटे। ढोल-नगाड़ों के बीच कार्यकताओं ने जमकर आतिशबाजी की और राहगीरों को लड्डू बांटे। मौके पर विकास कुमार, सूरज कुमार, दीपक कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कपड़े में लिपटी नवजात बच्ची मिली, दत्तक केंद्र भेजी गई

**अररिया/रानीगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रानीगंज स्थित वृक्ष वाटिका के समीप कपड़े में लिपटी एक नवजात बच्ची मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने बच्ची के रोने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचकर इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात बच्ची को अपने संरक्षण में लेकर इलाज के लिए अररिया सदर अस्पताल भेजा। चिकित्सकीय जांच के बाद बच्ची को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के निर्देश पर दत्तक केंद्र भेज दिया गया। दत्तक केंद्र से जुड़े धनंजय कुमार ने बताया कि नवजात बच्ची को फिलहाल दत्तक केंद्र में सुरक्षित रखा गया है, जहां उसके इलाज, देखभाल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि कानूनी प्रक्रिया पूरी होने तक बच्ची दत्तक केंद्र में ही रहेगी। घटना के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है। लोगों ने इसे मानवता को शर्मसार करने वाली घटना बताते हुए नवजात बच्ची को इस तरह लावारिस छोड़ने पर चिंता जताई है।

### भटहा गांव में ईख ग्राम सभा का आयोजन

**मोतिहारी / सुगौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईख पदाधिकारी राहुल कुमार, मोतिहारी - सह - सचिव, क्षेत्रीय विकास परिषद सुगौली, के द्वारा 26.05. 2026 को सुगौली चीनी मिल क्षेत्र अंतर्गत सुगौली प्रखंड के भटहा गांव में ईख ग्राम सभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित गन्ना कृषकों को गन्ना विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं, उन्नत कृषि तकनीकों, गन्ना सर्वे, स्वच्छ गन्ना आपूर्ति एवं विभागीय कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा - निर्देश दिए गए। ईख ग्राम सभा के दौरान किसानों को अधिक उत्पादन हेतु उन्नत प्रभेद के गन्ने की खेती अपनाने, समय पर बुआई एवं वैज्ञानिक विधि से गन्ना उत्पादन करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त गन्ना मूल्य भुगतान, क्षेत्रीय विकास कार्य एवं विभागीय योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर सुगौली चीनी मिल के डी.जी.एम. सीताराम भारद्वाज, उप गन्ना प्रबंधक संजीव चौहान सहित बड़ी संख्या में गन्ना कृषक उपस्थित रहे। राहुल कुमार ने किसानों से विभाग एवं चीनी मिल के साथ समन्वय स्थापित कर गन्ना उत्पादन बढ़ाने तथा सरकार एवं विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की।





### आदापुर में अवैध मिट्टी कटाई का धंधा बेलगाम

नियमों को ताक पर रख तेज रफ्तार ट्रैक्टरों से हो रही मिट्टी ढुलाई, हादसों का बढ़ा खतरा

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों अवैध तरीके से मिट्टी कटाई और ढुलाई का खेल बड़े पैमाने पर जारी है। प्रशासनिक नियमों और खनन विभाग के निर्देशों को दरकिनार कर कई स्थानों पर दिन-रात जेसीबी मशीनों से मिट्टी काटी जा रही है, जबकि तेज रफ्तार ट्रैक्टरों के माध्यम से उसकी ढुलाई की जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिना किसी वैध अनुमति के खेतों, सड़क किनारे तथा अन्य स्थानों से मिट्टी की कटाई की जा रही है। मिट्टी लदे ट्रैक्टर गांवों और मुख्य सड़कों पर तेज गति से दौड़ते हैं, जिससे आम लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। कई बार इन ट्रैक्टरों की चपेट में आने से दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद संबंधित विभाग की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि मिट्टी ढुलाई में लगे अधिकांश ट्रैक्टरों पर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाता। कई वाहन बिना नंबर प्लेट, बिना फिटनेस और ओवरलोड होकर सड़कों पर फर्राटा भरते नजर आते हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों, बाइक सवारों और पैदल राहगीरों को हर समय दुर्घटना का डर बना रहता है। अवैध मिट्टी कटाई के कारण पर्यावरणीय संतुलन पर भी असर पड़ रहा है। खेतों की उर्वरता प्रभावित हो रही है तथा कई जगह गहरे गड्ढे बनने से बरसात के दिनों में हादसे की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध मिट्टी कटाई और तेज रफ्तार ट्रैक्टरों पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि यदि समय रहते इस अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो आने वाले दिनों में बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता।



# इंटरसिटी ट्रेन से उतर कर भाग रहा ब्राउन शुगर तस्कर गिरफ्तार

**जमालपुर स्टेशन पर फिर पकड़ा गया ब्राउन शुगर तस्कर ● 50 हजार रुपये से अधिक कीमत की ब्राउन शुगर बरामद**

**जमालपुर (मुंगेर)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन पर मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान देर शाम सीआईबी और आरपीएफ की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ब्राउन शुगर तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान जमालपुर थाना क्षेत्र के बड़ी केशोपुर, ईदगाह रोड निवासी सत्यम कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से पांच पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की है, जिसकी बाजार कीमत करीब 50 हजार रुपये से अधिक आंकी जा रही है। आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त हीरा सिंह ने बताया कि जमालपुर सीआईबी के इंस्पेक्टर एसके सुधा के नेतृत्व में रवि कुमार, अनोज कुमार सहित अन्य जवानों की टीम देर संध्या स्टेशन परिसर और ट्रेनों में विशेष सर्च अभियान चला रही थी। इसी दौरान भागलपुर-दानापुर इंटरसिटी ट्रेन से उतरने वाले एक युवक की गतिविधि संदिग्ध लगी। पुलिस टीम ने जब उसे रोककर पूछताछ करने का प्रयास किया तो युवक अचानक भागने लगा। इसके बाद जवानों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से पांच पुड़िया में ब्राउन शुगर बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह भागलपुर जिले के नाथनगर-चंपानगर क्षेत्र से रोहित कुमार और शिवम कुमार नामक युवकों से 30 हजार रुपये में ब्राउन शुगर खरीदकर जमालपुर लाया था। उसने यह भी बताया कि उक्त मादक पदार्थ को बड़ी केशोपुर, ईदगाह रोड निवासी साजन कुमार तक पहुंचाना था। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ के आधार पर पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है। जल्द ही इस धंधे से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी भी हो सकती है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। गौरतलब है कि इससे पहले 16 मई को भी जमालपुर सीआईबी और आरपीएफ की टीम ने जमालपुर-भागलपुर रेलखंड पर चलाए गए विशेष अभियान के दौरान अप भागलपुर-मुजफ्फरपुर जनसेवा इंटरसिटी से उतरकर भागने की कोशिश कर रहे अमृत कुमार को गिरफ्तार किया था। उसके पास से करीब 20 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई थी।



## शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देने को लेकर विधायक ने की पदाधिकारियों के साथ बैठक

**जमालपुर (मुंगेर)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के साथ स्कूल से विद्यार्थियों को जोड़ने को लेकर नगर परिषद सभागार में अधिकारियों के साथ विधायक नचिकेता मंडल ने बैठक किया। बैठक के पूर्व विधायक का स्वागत कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रभात रंजन ने स्मृति चिन्ह एवं बुके भेंट कर किया। बैठक में उपस्थित शहरी एवं ग्रामीण स्कूलों के प्रधानाध्यापक को स्पष्ट सरकार के दिशा निर्देशन में काम करने को लेकर विधायक ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण इलाके के स्कूलों में कैसे हम शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाएं और स्कूल से छात्र-छात्राओं को कैसे जोड़े इस पर हम लोगों को गंभीर होकर कार्य करना होगा। विधायक ने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी जनप्रतिनिधि को विशेष रूप से सरकार के जन कल्याणकारी योजना का लाभ जनता को कैसे पारदर्शी तरीके से मिले इस पर हमें गंभीर होने की जरूरत है और जन सरोकारों से संबंधित मामले के प्रति हमें हर हाल में गंभीर रहने की बात कही।मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मुनीलाल मंडल,जिला बीस सूत्री विपिन कुमार सिंह, वार्ड पार्षद कैलाश सिंह, आलोक कुमार, जदयू नेता मनोज मंडल, प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह सहित कई मौजूद थे।



## पर्यावरण एवं ऊर्जा बचाने को लेकर अधिकारी कर्मचारियों ने लिया संकल्प

**नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने कारखाना में किया कार्यक्रम**

**जमालपुर(मुंगेर)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर रेल इंजन कारखाना जमालपुर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्थानीय कलाकारों ने पर्यावरण बचाव एवं स्वच्छता अपनाओ को लेकर अधिकारी अधिकारी एवं कर्मचारियों को जागरूक किया। पर्यावरण बचाओ, आयु परिवर्तन एवं ऊर्जा संरक्षण पर आधारित नुक्कड़ नाटक अध्यक्ष के माध्यम से कलाकार रूप रानी बेसरा, खुशी कुमारी, पूजा कुमारी, चंदा कुमारी, शिवानी कुमारी, रिंकू देवी, वंदना, निभा कुमारी, उत्पल अभिषेक, राहुल, प्रतीक, आदित्य अभय, तेज प्रताप, सनी, साजन, अनुप्रिया, शशिधर, रवि भूषण सहित कई कलाकारों ने मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल के उपस्थिति में लघु नाटक का मंचन किया तो कलाकारों का उत्साह वर्धन में अधिकारियों ने जमकर ताली बजाई।सीडब्ल्यूएम ने कलाकारों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि धरती तभी बचेगी जब हम लोग पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देंगे। इसके लिए हम सभी को संकल्पित होकर ऊर्जा बचाएंगे और अपने भविष्य को सावड़ेंगे। क्योंकि एक ही पृथ्वी है और एक ही भविष्य है। विश्व पर्यावरण के पूर्व कारखाना में आयोजित इस तरह के कार्यक्रम अधिकारी कर्मचारियों को निश्चित रूप से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रण लेने की आवश्यकता है। मौके पर डिप्टी सीपीओ बीके राय, डिप्टी अभ्युदय, सौरभ कुमार, अभिनय कुमार सहित कई मौजूद थे।



## 2859 लीटर अंग्रेजी शराब लदा ट्रक जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

**जोकीहाट/अररिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जोकीहाट थाना पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 2859 लीटर अंग्रेजी शराब से लदे एक ट्रक को जब्त किया है। इस दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर भेभड़ा चौक के समीप वाहन जांच अभियान के दौरान की गई। थानाध्यक्ष राजीव कुमार झा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सिलिगुड़ी से मुजफ्फरपुर की ओर एक ट्रक के जरिए भारी मात्रा में विदेशी शराब ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके में सघन वाहन जांच अभियान शुरू किया। जांच के दौरान संदिग्ध ट्रक को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें बीयर एवं ग्रीन लेबल व्हिस्की ब्रांड की कुल 2859 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने ट्रक को जब्त करते हुए चालक सह तस्कर दीपक कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी वैशाली जिले के पातेपुर थाना क्षेत्र का निवासी बताया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर शराब तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस के अनुसार जब्त शराब की एमआरपी करीब 10 लाख रुपये है, जबकि बाजार मूल्य लगभग 30 लाख रुपये बताया जा रहा है। मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में जोकीहाट पहुंचे एसडीपीओ सुशील कुमार ने बताया कि बिहार में लागू पूर्ण शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू कराने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।




## तूफान व ओलावृष्टि का कहर, कई घर क्षतिग्रस्त, भारी नुकसान

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के पटजिलवा, बेला, सेमरा सगदीना, हराज, गोढ़िया एवं हरिहरा गांव में सोमवार की संध्या अचानक आए तेज तुफान और ओलावृष्टि ने भारी तबाही मचा दी। तेज हवा एवं बड़े-बड़े ओलों की मार से कई गरीब परिवारों के एस्बेस्टस एवं फूस से बने घर क्षतिग्रस्त हो गए। कई घरों की छत टूट गई, जबकि कुछ झोपड़ियां पूरी तरह धराशायी हो गईं। ग्रामीणों ने बताया कि तुफान के दौरान तेज गर्जना के साथ हुई भारी ओलावृष्टि से गांवों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई स्थानों पर पेड़-पौधे उखड़कर सड़कों पर गिर पड़े, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन भी प्रभावित रहा। खेतों में लगी फसलों एवं बगीचों को भी व्यापक नुकसान पहुंचा है। ओलों की मार से कई घरों की एस्बेस्टस चादरें टूट गईं, जिससे घरों में रखा अनाज, कपड़ा एवं अन्य सामान भींगकर खराब हो गया।

## युवक का शव मक्के के खेत से बरामद, हत्या की आशंका

**हरसिद्धि (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में हरसिद्धि-छपवा मुख्य पथ किनारे मक्के के खेत से एक युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। मृतक की पहचान संग्रामपुर थाना क्षेत्र के परसौना गांव निवासी स्वर्गीय सुखल साह के 30 वर्षीय पुत्र रमेश साह के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही हरसिद्धि थानाध्यक्ष सुनील कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कहीं और हत्या कर शव फेंकने की घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने आशंका जताई है कि युवक की हत्या कहीं और कर शव को मक्के के खेत में लाकर फेंका गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। पुलिस प्रेम प्रसंग, आपसी रंजिश और दोस्ती में दुश्मनी समेत सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। परिजनों के अनुसार रमेश साह को आखिरी बार रविवार को गांव में देखा गया था। ग्रामीणों ने बताया कि वह अपने बहनोई के पास नेपाल में रहकर काम करता था, अचानक शव मिलने की खबर से परिवार और गांव के लोग स्तब्ध हैं।



## सीडब्लूजेसी एमजेसी के लंबित मामले के निष्पादन को लेकर जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

**मुंगेरनवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीडब्लूजेसी एमजेसी की मासिक समीक्षा बैठक आज समाहरणालय संवाद कक्ष में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न कार्यालयों में लंबित सीडब्लूजेसी एमजेसी मामलों के निष्पादन में तेजी लाने तथा जिनके पास अधिक लंबित मामले हैं, उसे शीघ्र निष्पादित करने पर चर्चा हुई। मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी पंकज कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा कि विगत बैठक की तुलना में इस बार कई कार्यालयों में लंबित मामलों के निष्पादन में कमी आयी है। लेकिन कुछ कार्यालयों में अब भी लंबित मामले देखे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुनवाई अथवा फाइनल टच वाले मामलों को लटका कर न रखें, उसे शीघ्र निष्पादित कर दें, ताकि लंबित की संख्या में कमी आए और अद्यतन रिपोर्ट स्पष्ट हो सके।



## संदिग्ध हालात में महिला की मौत, पेड़ से लटका मिला शव

**रक्सौल( पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा से सटे हरैया थाना क्षेत्र के तुमड़िया टोला में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब खेतों के बीच एक शीशम के पेड़ से महिला का शव लटका मिला। शव की पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन घटना ने पूरे इलाके में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जाता है कि शाम के समय गांव की कुछ महिलाएं बकरी चराने खेतों की ओर गई थीं। इसी दौरान उनकी नजर पेड़ से लटक रहे शव पर पड़ी। खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर जांच शुरू की। मृत महिला की उम्र लगभग 55 वर्ष आंकी जा रही है। वह लाल साड़ी पहने हुई थी तथा शरीर पर कुछ आभूषण भी मौजूद थे। पुलिस का मानना है कि महिला किसी ग्रामीण परिवार से जुड़ी हो सकती है। घटनास्थल के पास से एक दवा की खाली शीशी मिलने से मामला और पेचीदा हो गया है। आशंका जताई जा रही है कि महिला ने जहरीला पदार्थ खाया हो या फिर किसी ने साजिश के तहत वारदात को अंजाम दिया हो। गले में साड़ी का फंदा मिलने से पुलिस आत्महत्या और हत्या—दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर शव मिला, वह इलाका काफी सुनसान है। ऐसे में किसी ने पहचान छिपाने की नीयत से शव को वहां लटकाया हो सकता है। हरैया थाना की पुलिस ने आसपास के गांवों और सीमावर्ती पंचायतों के लोगों से महिला की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन देर शाम तक सफलता नहीं मिल सकी। जांच अधिकारी विद्दू कुमारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल शव को मोतिहारी सदर अस्पताल भेजकर मामले की जांच आगे बढ़ाई जा रही है।



## आर्यभट्ट ज्ञान विवि में स्थापित होगा 'आर्यभट्ट स्पेस क्लब'

**अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में युवाओं के लिए नई पहल**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। आर्यभट्ट** ज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव ने आज विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में बिहार के अपने 'स्पेस क्लब' की स्थापना को लेकर विचार-विमर्श करना था। बैठक में माननीय कुलपति महोदय ने घोषणा की कि विश्वविद्यालय के 'स्कूल ऑफ एस्ट्रोनॉमी' के अंतर्गत 'आर्यभट्ट स्पेस क्लब', बिहार की स्थापना की जाएगी। यह क्लब अंतरिक्ष विज्ञान, खगोल अध्ययन और वैज्ञानिक नवाचार के क्षेत्र में विद्यार्थियों को नई दिशा प्रदान करेगा। इस महत्वाकांक्षी पहल का औपचारिक शुभारंभ जून 2026 में आयोजित होने वाले इंडियन स्पेस कांग्रेस 2026 के दौरान किया जाएगा। कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव ने बताया कि यह क्लब 'स्पेस क्लब ऑफ इंडिया' के मार्गदर्शन एवं मेंटरशिप में कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल बिहार के विद्यार्थियों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने तथा उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक गतिविधियों से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगी। बैठक के दौरान कुलपति महोदय ने संबद्ध महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे स्पेस क्लब की स्थापना हेतु प्रारूप दस्तावेज तैयार करने में सक्रिय सहयोग दें। साथ ही उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से अपने-अपने संस्थानों के विद्यार्थियों को इस क्लब से जुड़ने और अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए अपने सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए। प्रतिनिधियों ने कहा कि यह क्लब बिहार के युवाओं को वैज्ञानिक सोच, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम बनेगा। कुलपति महोदय ने यह भी जानकारी दी कि उन्होंने इस प्रस्ताव पर बिहार के राज्यपाल से चर्चा की है तथा राज्यपाल महोदय ने इस पहल का समर्थन करते हुए इसे बिहार के शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि 'आर्यभट्ट स्पेस क्लब, बिहार' आने वाले समय में राज्य के विद्यार्थियों के लिए अंतरिक्ष अनुसंधान एवं वैज्ञानिक जागरूकता का प्रमुख केंद्र बनेगा।



## बकरीद को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

**कोटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर सोमवार को बैठक आयोजित की गई । थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बैठक की अध्यक्षता की, बैठक में थानाध्यक्ष ने लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में बकरीद मनाने की अपील की बैठक में जनप्रतिनिधियों से आपसी भाईचारा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद मनाने की अपील की ।उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा की पुलिस असामाजिक तत्वों पर नजर रखी हुई है ऐसे लोगों को चिन्हित कर रही है जो समाज में विद्वेष फैला कर सामाजिक ताना बाना को नुकसान पहुंचाते हैं । उन्होंने उपस्थित लोगों से अनुरोध किया की समाज में गड़बड़ी फैलाने वाले की सूचना थाना को तुरंत दे ताकि समय रहते स्थिति पर काबू पाया जा सके । पंचायत समिति सदस्य मोहम्मद सज्जाद आलम खजुरिया स्थित कर्बला के मैदान में भीड़भाड़ को देखते हुए पुलिस की तैनाती की मांग की ।थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से बकरीद पर पर कई लोगों से सुझाव मांगे कहा कि आपके सुझाव पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।



# समय सीमा के अंदर पूरा करें परियोजनाओं का निर्माण कार्य : अभिलाषा

## एनएच-20 पर अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण के विरुद्ध चलेगा विशेष अभियान




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित प्रगति परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति एवं लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में औरंगाबाद जिला अंतर्गत संचालित भारतमाला परियोजना एवं अन्य महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं से संबंधित भूमि अधिग्रहण, मुआवजा भुगतान तथा भूमि हस्तांतरण की स्थिति पर चर्चा की गई। बैठक में वाराणसी-रांची-कोलकाता हाईवे (एनएच -319बी) परियोजना के अंतर्गत औरंगाबाद जिले में भूमि अधिग्रहण की प्रगति की समीक्षा की गई। बताया गया कि परियोजना के लिए कुल 35.2 किलोमीटर लंबाई में अधिग्रहित भूमि का भौतिक कब्जा अधियाचना विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है। परियोजना हेतु 3ए अधिसूचना 02 अगस्त 2022 को जारी की गई थी तथा 3D घोषणा 15 मार्च 2023 एवं 17 जुलाई 2023 को प्रकाशित की गई। कुल 52 मौजा में लगभग 270.4283 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की गई है। इस परियोजना के लिए अब तक 200.85 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 100.60 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। समीक्षा के दौरान परियोजना के पैकेज-IV की स्वीकृति प्रक्रिया पर भी चर्चा की गई। बताया गया कि परियोजना का मूल्यांकन पीपीपीएसी द्वारा किया जा चुका है तथा कैबिनेट अनुमोदन हेतु प्रक्रिया प्रगति पर है। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि परियोजना से संबंधित वन एवं वन्यजीव स्वीकृति के लिए आवश्यक प्रस्ताव संबंधित विभागों को भेजे जा चुके हैं तथा आवश्यक स्वीकृतियों की प्रक्रिया जारी है। इसके अतिरिक्त, आमस-दरभंगा फोरलेन ग्रीनफील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-119डी) परियोजना के विभिन्न पैकेजों में भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा भुगतान की प्रगति की भी समीक्षा की गई। संबंधित जिलों में लंबित भूमि हस्तांतरण, मुआवजा भुगतान एवं अवरोधों को शीघ्र दूर करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में परियोजनाओं से संबंधित लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन एवं निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने पर विशेष बल दिया गया, ताकि सड़क अवसंरचना विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके एवं आमजन को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध हो सके। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, भू अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल रहे।

## आरएसएस के पूर्व जिला कार्यवाह ह्दयानंद सहाय के निधन पर शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर के क्लब रोड स्थित समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा के पुत्र सह आरएसएस के पूर्व जिला कार्यवाह ह्दयानंद सहाय के निधन से शहर में शोक का लहर छा गया। ह्दयानंद सहायक 52 वर्ष की उम्र में आखिरी सांस ली। बता दें कि वे पिछले चार वर्षों से लिवर की बीमारी से जूझ रहे थे। वे इलाज के लिए पटना जा रहे थे इसी क्रम में मेहंदिया में ही दम तोड़ दिए। सोमवार को शहर के अदरी नदी के घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र सोम ने दिया। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र व पिता को बेसहारा छोड़ गए। इनके निधन पर ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय प्रवक्ता डा. कमल किशोर, जिला महासचिव अजय कुमार वर्मा, लोक अभियोजक अजय कुमार संतोष, नवीनगर नगर पंचायत पूर्व चेयरमैन अजय कुमार सिन्हा, खादी ग्रामोद्योग समिति के पूर्व जिलाध्यक्ष सह जेपी सेनानी अजय कुमार श्रीवास्तव, महेंद्र प्रसाद सिन्हा, मधुसूदन प्रसाद सिन्हा, राजू रंजन सिन्हा, राजेश कुमार सिन्हा, सुनील कुमार सिन्हा, सूर्यकांत सिन्हा, दीपक बलजोरी, डा. अनिल कुमार सिन्हा, डा. राजीव कुमार, डा. अभिषेक सिन्हा, कुमार मनीष, पत्रकार किशोर प्रियदर्शी, संजय सिन्हा, सामाजिक कार्यकता सुनील कुमार सिंह, अमित कुमार सहित कई सामाजिक संगठनों ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त की।

# जिले में सातवें आसमान पर पहुंचा पारा, सड़कों पर पसरा सन्नाटा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में भीषण गर्मी ने लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी देव प्रखंड इन दिनों चिलचिलाती धूप और लू की चपेट में है। नौतपा की शुरुआत के साथ ही सूर्य की तपिश लगातार बढ़ती जा रही है। सुबह नौ बजे के बाद ही आसमान से आग बरसने लगती है, जिससे लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। भीषण गर्मी और गर्म हवाओं के कारण लोग दिनभर घरों में कैद रहने को मजबूर हैं। सबसे अधिक परेशानी बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को हो रही है। दोपहर होते-होते स्थिति ऐसी हो जाती है मानो सड़कों पर अघोषित कर्फ्यू लग गया हो। सामान्य दिनों में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की चहल-पहल से गुलजार रहने वाला देव बाजार और मुख्य सड़कें वीरान नजर आ रही हैं। गर्मी का असर यातायात व्यवस्था पर भी साफ दिखाई दे रहा है। सड़कों पर इक्का-दुक्का वाहन ही चलते दिख रहे हैं। बाइक चालकों और राहगीरों के लिए सफर करना चुनौती बन गया है। जरूरी कार्य से बाहर निकलने वाले लोग भी खुद को पूरी तरह कपड़ों से ढककर और पानी की बोतल साथ लेकर ही घर से बाहर निकल रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बार की गर्मी ने पिछले कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सुबह 10 बजे के बाद बाहर निकलना जान जोखिम में डालने जैसा महसूस हो रहा है। गर्म हवा के थपेड़े लोगों को झुलसा रहे हैं। ठंडे पेयों की बढ़ी मांग, चिकित्सकों ने जारी की सलाह भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए लोग गन्ने का रस, लस्सी, नींबू पानी और नारियल पानी का सहारा ले रहे हैं। बाजारों में ठंडे पेयों की मांग अचानक बढ़ गई है। इधर स्थानीय चिकित्सकों ने भी लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। चिकित्सकों के अनुसार दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक बिना जरूरी काम के घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। शरीर में पानी की कमी न होने दें और ओआरएस, नींबू पानी तथा मट्ठे का नियमित सेवन करें। साथ ही हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने और धूप में निकलते समय सिर ढंकने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार नौतपा के प्रभाव के कारण फिलहाल अगले कुछ दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है। प्रशासन ने भी लोगों से सावधानी बरतने और सतर्क रहने की अपील की है।

# शराब सेवन में पूर्व पैक्स अध्यक्ष गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा के पूर्व पैक्स अध्यक्ष मणि गुप्ता की गिरफ्तारी को लेकर जमकर हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ। मामला पहले मारपीट और पुलिसिया ज्यादती के आरोप तक पहुंचा। फिर शराब सेवन की पुष्टि होने के बाद कानूनी कार्रवाई की दिशा में बढ़ गया। पूरे घटनाक्रम को लेकर सदर अस्पताल से लेकर थाना तक घंटों गहमागहमी का माहौल बना रहा। जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात फेसर पुलिस ने शराब पीने के आरोप में पूर्व पैक्स अध्यक्ष को हिरासत में लिया था। उन्हें मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। इस दौरान पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों के बीच तीखी बहस भी हुई। मणि गुप्ता ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके एक कर्मी को चार दिन पहले पारिवारिक विवाद के मामले में नामजद आरोपी बनाया गया था। उसी मामले की जानकारी लेने के लिए सोमवार सुबह कांड के अनुसंधानकर्ता से बात की थी। अनुसंधानकर्ता ने शाम में मिलने की बात कही। शाम में थाना नहीं बुलाकर एक चाय की दुकान पर बुलाया गया। वहां पहुंचते ही दरोगा राजकुमार, दरोगा रणविजय सिंह और अन्य पुलिसकर्मियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मणि गुप्ता ने दावा किया कि उन्होंने अपनी खराब तबीयत का हवाला देते हुए पुलिस से राहत की गुहार लगाई, लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। शराब सेवन के आरोप में पकड़ लिया गया। शराब जांच मशीन खराब होने के कारण उन्हें सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्रारंभिक जांच में इसकी पुष्टि नहीं हुई थी। सदर अस्पताल में मौजूद लोगों ने भी पुलिस पर सवाल उठाए। कई लोगों ने कार्यशैली को कठोर बताते हुए कहा कि वर्दी की हनक में आम लोगों को परेशान किया जाता है। जब एक पूर्व जनप्रतिनिधि के साथ ऐसा व्यवहार हो सकता है तो आम नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार होता होगा, इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने मारपीट के आरोपों को पूरी तरह गलत बताया। उन्होंने कहा कि शराब सेवन के मामले में मणि गुप्ता को हिरासत में लिया गया था। मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा गया। पूरी रिपोर्ट मिलने के बाद विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि मामला फेसर थाना क्षेत्र से जुड़ा है। रात में पूर्व पैक्स अध्यक्ष को नगर थाना लाया गया था, जहां जांच में शराब सेवन की पुष्टि हुई। इसके बाद आगे की कार्रवाई के लिए उन्हें फिर से फेसर थाना के हवाले कर दिया गया है।

## शराब के नशे में युवक गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के धरहारा गांव में शराब के नशे में सड़क पर हंगामा कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर मेडिकल जांच कराई, जिसमें शराब सेवन की पुष्टि हुई। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि गश्ती के दौरान पुलिस पदाधिकारी उमेश पासवान को सूचना मिली कि धरहारा गांव निवासी मनोज यादव का 22 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार शराब के नशे में सड़क पर हल्ला-हंगामा कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को पकड़कर थाना ले आई। थाने में अल्कोहल जांच कराने पर शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया।

# दवा वापसी को लेकर चौकीदार व दुकानदार के बीच मारपीट

**आक्रोशित व्यवसायियों ने बंद कराया कासमा बाजार**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के कासमा थाना अंतर्गत कासमा बाजार स्थित एक मेडिकल दुकान पर दवा वापसी को लेकर ग्राहक चौकीदार एवं दुकानदार के बीच मारपीट हो गई। घटना के विरोध में मंगलवार को आक्रोशित व्यवसायियों ने कुछ घंटों के लिए कासमा बाजार बंद कराया। सोमवार की शाम कासमा निवासी चौकीदार बनवारी पासवान एक मेडिकल दुकान से जानवर की दवा खरीदकर ले गए। कुछ देर बाद उन्होंने दवा को एक्सपायरी बताते हुए अपने पुत्र के साथ दवा वापस कराने दुकान पर पहुंचे। दुकानदार रौशन कुमार ने पैसे वापस कर दिए, लेकिन दवा का रेपर फटा होने को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। दुकानदार का आरोप है कि सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंची, लेकिन प्रशासन के सामने ही उनके साथ मारपीट की गई। घटना से नाराज व्यवसायियों ने मंगलवार की सुबह कासमा बाजार बंद करा दिया। सूचना मिलने पर एसडीपीओ-2 आदित्य कुमार मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। अधिकारियों के हस्तक्षेप पर कुछ घंटों के बाद बाजार की दुकानें पुनः खुल गईं। व्यवसायियों ने चेतावनी दी है कि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। दर्जनों व्यवसायियों ने संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त आवेदन देकर चौकीदार एवं स्थानीय प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए एसडीपीओ-2 को ज्ञापन सौंपा। कासमा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि घटना वाली शाम दोनों पक्षों के बीच थाना परिसर में लिखित समझौता करा दिया गया था। इसके बावजूद मंगलवार को कुछ घंटों के लिए बाजार बंद रखा गया। एसडीपीओ-2 आदित्य कुमार ने कहा कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# दाउदनगर में 2 जून को लगने वाले सहयोग शिविर की तैयारी तेज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के शमशेरनगर एवं अरई पंचायत में आगामी 2 जून को आयोजित होने वाले सहयोग शिविर को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। शिविर के लिए स्थल चयन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. जफर इमाम ने सहयोग शिविर की तैयारियों को लेकर शमशेरनगर पंचायत भवन एवं अरई पंचायत सरकार भवन में प्रतिनियुक्त कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रिशु राज भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पंचायत स्तरीय कर्मियों के साथ शिविर की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि शिविर में आने वाले ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा सभी विभागों की व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित कर ली जाएं।

बीडीओ मो. जफर इमाम ने कहा कि ग्रामीणों से आवेदन 30 दिन पहले से ही प्राप्त किए जाने हैं और उनका समयबद्ध निष्पादन भी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कर्मियों को घर-घर जाकर आवेदन लेने का निर्देश दिया ताकि अधिक से अधिक लोगों को शिविर का लाभ मिल सके।

जानकारी के अनुसार शमशेरनगर पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन राजकीय मध्य विद्यालय शमशेरनगर परिसर में किया जाएगा, जबकि अरई पंचायत में पंचायत सरकार भवन परिसर को शिविर स्थल बनाया गया है।

शिविर में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के साथ-साथ सरकारी योजनाओं से संबंधित कार्यों का निष्पादन भी किया जाएगा।

## रक्तदान कर दुर्घटना पीड़िता की बचाई जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के ओबरा थाना क्षेत्र के शांति नगर मोहल्ला निवासी रामजी प्रसाद की पत्नी कंचन देवी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उनकी हालत नाजुक हो गई थी। सामाजिक संस्था "हैंड्स ऑफ प्रकाश चंद्रा" तक मामले की सूचना पहुंची। जानकारी मिलते ही ओबरा विधायक डॉ. प्रकाश चंद्रा सक्रिय हुए और तत्काल मदद की पहल की। विधायक के आह्वान पर उनके अंगरक्षक एवं संस्था के सदस्य जलवेंद्र सिंह ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए देर रात अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। समय पर रक्त उपलब्ध होने के बाद चिकित्सकों की टीम ने कंचन देवी का सफल ऑपरेशन किया।

# लू से प्रभावित लोगों के इलाज की व्यवस्था

**किसी आपात स्थिति के लिए पूरी तैयारी**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान को देखते हुए रेफरल अस्पताल कुटुंबा में लू एवं गर्मी से प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। अस्पताल प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरतते हुए इमरजेंसी वार्ड में अतिरिक्त बेड, दवा एवं आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित की है। अस्पताल प्रभारी नवल किशोर सिंह ने बताया कि लू से पीड़ित मरीजों के त्वरित उपचार के लिए चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। अस्पताल में ओआरएस घोल, आवश्यक दवा, ग्लूकोज तथा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता बनाए रखी गई है। मरीजों की सुविधा के लिए पंखा एवं कूलर की भी व्यवस्था की गई है, ताकि इलाज के दौरान उन्हें राहत मिल सके। चिकित्सकों ने लोगों से दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने तथा हल्के एवं सूती कपड़े पहनने की सलाह दी है। साथ ही बच्चों, बुजुर्गों एवं बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। अस्पताल प्रशासन ने दावा किया है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तैयार है तथा गर्मी से प्रभावित मरीजों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# गोह के पूर्व थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिह को दी गई विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** गोह थाना परिसर में पूर्व थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिह के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रभारी थानाध्यक्ष अशोक कुमार दास ने की। गोह थाना के पुलिस कर्मियों एवं थाना क्षेत्र की जनता की ओर से द्वारा विभिन्न तरह से वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। भोजपुरी गायक अमृत अलबेला द्वारा विदाई गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रफीगंज पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर विनय कृष्ण प्रसाद ने कहा कि विभाग में स्थांतरण एक संवैधानिक प्रक्रिया है। अपने कम कार्यकाल में प्रशांत कुमार सिंह ने सभी लोगों के दिलो में जगह बनाने का काम किया। जिससे आम जनता के बीच छवि बेहतर हुई है। पूर्व थानाध्यक्ष ने भावुक होकर कहा कि गोह की जनता ने उन्हें भरपूर प्यार दिया है। उनका स्नेह एवं सम्मान भूल नहीं पाएंगे। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में लोगों को भरपूर सहयोग किया है। कार्यक्रम का संचालन अरविद कुमार ने किया। अश्विनी तिवारी, दीपक उपाध्याय, विनय पटेल, राजू वर्मा, ईश्वरदयाल यादव, रंधीर पासवान, पत्रकार दिलीप विश्वकर्मा, आशुतोष मिश्रा, रंजीत कुमार, अमरेंद्र कुमार सिह, सुनील शर्मा, मनोरमा देवी, भोला यादव, इंदल चंद्रवंशी, बलवंत सिह, रंजन कुमार, शिवशंकर साव, एसआई सत्येंद्र कुमार, सरोज सिह सहित कई लोगों ने विचार व्यक्त किया।

# ओबरा में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** ओबरा मुख्यालय स्थित औरंगाबाद-पटना पथ पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के तहत ओबरा देवी मंदिर से श्रीकृष्ण सिंह स्मृति भवन तक सड़क किनारे लगी ठेला-गुमटी एवं अस्थायी दुकानों को हटाकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अभियान का नेतृत्व अंचलाधिकारी (सीओ) हरिहरनाथ पाठक एवं थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने किया। इस दौरान प्रशासन ने लोगों से भविष्य में भी सड़क को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि सड़क किनारे अतिक्रमण होने से आम लोगों को काफी परेशानी होती है और यातायात बाधित होने के साथ दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अभियान के दौरान कई स्थानों पर जेसीबी मशीन का भी उपयोग किया गया। प्रशासन की पूर्व चेतावनी के बाद कई दुकानदारों ने स्वयं ही अपने अस्थायी ढांचे, काउंटर और अन्य सामान हटा लिए थे, जिससे अभियान को सफल बनाने में सहयोग मिला। सीओ हरिहरनाथ पाठक ने बताया कि पूर्व में विभिन्न स्थानों पर पोस्टर लगाकर अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई थी कि यदि वे स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाएंगे तो प्रशासन द्वारा जेसीबी एवं पोकलेन मशीन से कार्रवाई की जाएगी और उस पर होने वाला खर्च संबंधित लोगों से वसूला जाएगा।

# एनएसई में इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स (ईजीआर) की लाइव ट्रेडिंग शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

मुंबई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने सोमवार, 18 मई 2026 से इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स (ईजीआर) सेगमेंट में लाइव ट्रेडिंग की औपचारिक शुरुआत कर दी। इससे पहले 16 मई को आयोजित मॉक ट्रेडिंग सफलतापूर्वक संपन्न हुई थी, जिसमें किसी प्रकार की तकनीकी बाधा या सिस्टम एरर सामने नहीं आया। एनएसई के अनुसार, लाइव ट्रेडिंग के पहले दिन सभी सिस्टम सुचारु रूप से संचालित हुए और बाजार सहभागियों से ईजीआर प्रोडक्ट को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। एक्सचेंज ने बताया कि यह पहल देश में गोल्ड ट्रेडिंग को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ईजीआर से जुड़े वॉल्टिंग और कलेक्शन सेंटर फिलहाल अहमदाबाद और मुंबई में शुरू किए जा चुके हैं। वहीं, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और बेंगलुरु में भी सोमवार से चार नए सेंटरों का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। एनएसई ने कहा कि आने वाले समय में चरणबद्ध तरीके से देशभर में और सेंटर खोले जाएंगे। भविष्य में इस नेटवर्क को बढ़ाकर लगभग 120 सेंटर तक पहुंचाने की योजना है, ताकि अधिक से अधिक निवेशकों और कारोबारियों को इस सुविधा का लाभ मिल सके। ईजीआर लॉन्च को सफल बनाने में सहयोग देने वाले मार्केट पार्टिसिपेंट्स, इंटरमीडियरीज़ और इकोसिस्टम पार्टनर्स के प्रति एक्सचेंज ने आभार व्यक्त किया।

# कैंसर मरीजों को मार्गदर्शन व सहयोग देगा 'द अशोक फाउंडेशन'

**गाजियाबाद में हुआ शुभारंभ, मुजफ्फरपुर के मरीजों को भी ऑनलाइन सहायता देने की घोषणा**




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

मुजफ्फरपुर निवासी स्वर्गीय अशोक कुमार श्रीवास्तव की स्मृति में स्थापित "द अशोक फाउंडेशन" का शुभारंभ पिछले सप्ताह गाजियाबाद जिले के इंदिरापुरम स्थित एक बड़े अस्पताल के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अस्पताल प्रबंधन, कैंसर विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा समाज के कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्घाटन यशोदा मेडिसिटी की एमडी डॉ. उपासना अरोड़ा, आयकर विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर ओ.पी. सिन्हा तथा नवरत्न फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अशोक श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद अशोक फाउंडेशन की चेयरपर्सन अंजू श्रीवास्तव, यशोदा मेडिसिटी कैंसर विभाग के चेयरमैन डॉ. मनीष सिंघल तथा इंटीग्रेटेड आयुष काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. विपिन कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर फाउंडेशन का औपचारिक शुभारंभ किया। फाउंडेशन के संस्थापक अनुरंजन श्रीवास्तव ने बताया कि संस्था की स्थापना उनके दिवंगत पिता स्वर्गीय अशोक कुमार श्रीवास्तव की स्मृति में की गई है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन कैंसर की रोकथाम, जागरूकता और उपचार संबंधी सहयोग के क्षेत्र में कार्य करेगा। साथ ही कैंसर मरीजों एवं उनके परिजनों को सही जानकारी, उचित मार्गदर्शन और भावनात्मक सहयोग उपलब्ध कराने का प्रयास करेगा। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन ऑनलाइन माध्यम से मुजफ्फरपुर के कैंसर पीड़ित परिवारों को भी सहायता प्रदान करेगा। इसके अलावा मुजफ्फरपुर से दिल्ली इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को यथासंभव सहयोग एवं सही गाइडेंस उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल प्रबंधन एवं कैंसर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने फाउंडेशन के उद्देश्यों की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। फाउंडेशन की ओर से डॉ. मनीष सिंघल, डॉ. गगन सैनी, डॉ. सतेंद्र कौर, डॉ. सुमंत भोलू, डॉ. सुनील डागर तथा अस्पताल प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# राष्ट्रीय संत सुरक्षा अभियान हेतु जैन पंचायत के सदस्यों ने सीओ को ज्ञापन सौंपा






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** राष्ट्रीय संत सुरक्षा अभियान हेतू स्थानीय जैन पंचायत के सदस्यों ने सी ओ को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में जैन पंचायत के सदस्यों ने कहा है कि हमारे साधु संत माताजी वैगरह का हमेशा विहार होता रहता है। जैन साधु संत पुर्णतः निहत्थे, अहिंसक एवं पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते है, वे किसी प्रकार की सुरक्षा या भौतिक सुविधाओं का उपयोग नहीं करते है, तथा समाज को करुणा, संयम एवं अहिंसा का सदैव प्रसारित करते रहते है। ऐसे संतो के साथ निरंतर बढती दुर्घटना एवं हमले सम्पूर्ण समाज के लिए अत्यंत चिंताजनक है।पंचायत के सदस्यों ने सी ओ से विहार करने वाले संतो को प्रशासनिक समन्वय / संवेदनशील मार्गो में पुलिष सहयोग / ट्रैफिक नियंत्रण एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रो में विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का मांग किया है।

## जल स्तर खिसकने से पेयजल संकट गहराया

**हसपुरा।** प्रखंड के दर्जनों गांव में 20 से 30 फीट पानी का जल स्तर नीचे चला गया है। जिससे सैकड़ों चापाकल बंद हो गया है। प्रखंड के टाल, सोनहथु, बिहटा, डिहुरी, अहियापुर, जखौरा, भौली, सोनबरसा, झिंगुरी ईटवां, अलपा गांव के अलावा अन्य गांवों में जल स्तर खिसक गया है।


बिहार सरकार

**खनिज खनन कार्यालय, औरंगाबाद**

**—: आम सूचना :—**

**(अति अल्पकालीन)**

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या–3661-3662/2020 (बिहार राज्य एवं अन्य बनाम पवन कुमार एवं अन्य) में दिनांक–10.11.2021 को पारित आदेश के आलोक में औरंगाबाद जिलान्तर्गत अचंल– मदनपुर, मौजा–सढ़ाईल, में चिन्हित किये गये पत्थर भूखण्ड की बन्दोबस्ती के लिए अनुमण्डल स्तरीय समिति द्वारा तैयार प्रारूप जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (DSR) को जनसामान्य की जानकारी एवं उनसे सुझाव/आपत्ति प्राप्त करने के लिए न्यूनतम 21 दिनों के लिए औंरगाबाद जिला के वेबसाइट–https: //aurangabad.nic.in पर उपलब्ध है। जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (DSR) के प्रारूप पर सुझाव/आपत्ति e-mail id dm-aurangabad. bih@nic.in अथवा khanijvibhagabad@gmail.com पर उपलब्ध कराया जा सकता है।

**खनिज विकास पदाधिकारी**
**औरंगाबाद।**

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**PR. No. 004277 (Mines) 2026-27**

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**

# हत्या के दोषी को कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

## गोली मारकर कर दी गई थी हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला व्यवहार न्यायालय ने चर्चित रेखा देवी हत्याकांड मामले में अदालत ने बड़ा और सख्त फैसला सुनाते हुए हत्या के दोषी रवि कुमार उर्फ पुट्टू को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट के फैसले के बाद बेगूसराय पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पूरे मामले की जानकारी सार्वजनिक की, जिसके बाद यह मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीमा चांदपुरा थाना कांड संख्या-04/25 एवं सत्रवाद संख्या-987/2025 में सुनवाई पूरी करते हुए आरोपी रवि कुमार उर्फ पुट्टू, पिता जितेंद्र कुमार उर्फ विशो पोद्दार, निवासी नाला रोड जयप्रकाश नगर, थाना टाउन खगड़िया को भारतीय न्याय संहिता



की धारा 103(1)/3(5) बीएनएस के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही आरोपी पर 20 हजार अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं अदालत ने 27 आर्म्स एक्ट के तहत भी आरोपी को दोषी मानते हुए 3 वर्ष कारावास एवं 5 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं चुकाने पर 3 माह अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

**क्या था पूरा मामला**

घटना 4 जनवरी 2025 की रात करीब 10:30 बजे की है। मामले के सूचक मणिकांत पोद्दार ने बताया था कि आरोपी रवि कुमार एवं जितेंद्र पोद्दार उनके घर पहुंचे और गेट खोलने के लिए आवाज लगाने लगे। पारिवारिक संबंध होने के कारण दरवाजा खोल दिया गया। आरोपियों के साथ दो अज्ञात लोग भी मौजूद थे। घर में प्रवेश करने के बाद रवि कुमार ने रेखा देवी से कहा कि उनकी मां की तबीयत खराब है और उन्हें साथ चलना होगा। लेकिन रेखा देवी ने रात में जाने से इंकार कर दिया। इसी दौरान आरोपियों ने चाय की मांग की। घर में उस वक्त मृतका के साथ उनकी पुत्रवधू खुशबू देवी मौजूद थीं। तभी जितेंद्र उर्फ विशो के कहने पर रवि कुमार ने रेखा देवी को गोली मार दी। गोली लगते ही घर में अफरा-तफरी मच गई और सभी आरोपी चारपहिया वाहन से मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी और पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू की।

**छह गवाहों की गवाही बनी अहम आधार**

मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कुल छह गवाहों की गवाही कराई गई। इनमें ज्ञानदेव कुमार, सूचक मणिकांत पोद्दार, खुशबू देवी, डॉ. सुशील कुमार गोयनका, अनुसंधानकर्ता रॉली कुमारी एवं दीपक कुमार शामिल थे। 24 सितंबर 2025 को अदालत में आरोप गठन किया गया था। इसके बाद लगातार सुनवाई चली। 22 मई 2026 को आरोपी को दोषी करार दिया गया था, जबकि 26 मई 2026 को सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए अदालत ने अंतिम फैसला सुनाया।

**पुलिस की प्रेस विज्ञप्ति ने बढ़ाई चर्चा**

बेगूसराय पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि मजबूत अनुसंधान, वैज्ञानिक साक्ष्य एवं गवाहों की सटीक गवाही के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी मानते हुए कड़ी सजा सुनाई है। पुलिस ने इसे कानून के राज और न्याय व्यवस्था की बड़ी सफलता बताया है। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक संतोष कुमार ने प्रभावी पैरवी की, जिसके बाद अदालत ने हत्या के दोषी को कठोर सजा सुनाई।

# भोजपुरी लोक गायक भरत सिंह भारती को मिला पद्मश्री अवार्ड

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया गया पद्मश्री अवार्ड
- राजधानी दिल्ली में सोमवार की शाम आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया अवार्ड
- लगातार तीसरी बार भोजपुर को मिला सम्मान, गत वर्ष डॉ. भीम सिंह भवेश हुए थे सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह में सोमवार को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जाने-माने भोजपुरी लोक गायक भरत सिंह भारती को कला एवं गायन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'पद्मश्री' अवार्ड से नवाजा। भरत सिंह भारती को 'पद्मश्री' अवार्ड मिलने पर भोजपुर जिले में खुशी का माहौल है। जिले के साहित्यकारो, लेखकों, पत्रकारों एवं प्रबुद्ध लोगों ने उन्हें बधाइयां दी है। पद्मश्री पुरस्कार मिलने के बाद भरत सिंह भारती ने कहा, यह सम्मान भोजपुरी भाषा और लोक संस्कृति का सम्मान है। जब लोग हमारे गीतों से प्रसन्न होते हैं, वही सबसे बड़ा पुरस्कार है। बता दें कि भारत सरकार द्वारा पिछले 25 जनवरी 2026 को बिहार के सुप्रसिद्ध और दिग्गज भोजपुरी लोकगायक भरत सिंह भारती को देश के चौथे सबसे बड़े नागरिक सम्मान 'पद्मश्री' से सम्मानित करने की घोषणा की गई थी। यह सम्मान उन्हें लोक गायन और भोजपुरी




संस्कृति के संरक्षण में उनके सात दशकों (लगभग 70 वर्षों) से अधिक के अद्वितीय योगदान के लिए दिया गया। बिहार के लोक संगीत की दुनिया में भरत सिंह भारती एक ऐसा नाम है, जिन्होंने न केवल पारंपरिक धुनों को सहेजा, बल्कि उन्हें वैश्विक मंच पर एक नई पहचान भी दिलाई। भरत सिंह भारती का जन्म 20 नवंबर 1936 को बिहार के भोजपुर (आरा) जिले के नोनऊर (अगिआंव) गाँव में हुआ था। उन्होंने मात्र 10 वर्ष की अल्प आयु में ही लोक गायन शुरू कर दिया था। 15 वर्ष की आयु में उन्होंने आरा के प्रसिद्ध मृदंग आचार्य शत्रुंजय प्रसाद सिंह से विधिवत संगीत की शिक्षा ली। उन्हें 'पूरबी' (भोजपुरी गायन की एक विशेष विधा) का मर्मज्ञ माना जाता है। महेंदर मिसिर द्वारा रचित प्रसिद्ध पूरबी गीत 'अंगूरी में डसले बिया...' का व्याकरण और धुन भी उन्होंने ही तैयार किया था। 87 वर्षीय भरत सिंह भारती ने 7 दशकों से अधिक समय तक भोजपुरी लोकगीतों, पवरिया, लोरी, जतसार, डोमकच जैसी विलुप्तप्राय विधाओं के संरक्षण और प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वे 1962 से आकाशवाणी पटना से जुड़े रहें, उन्होंने मॉरिशस समेत कई देशों में भोजपुरी लोकसंस्कृति को पहचान दिलाई।

# भागलपुर में आंधी-बारिश का कहर, पांच की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले में बीती रात सोमवार को आयी तेज आंधी एवं मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई है। इस हादसे में जिले के अलग-अलग इलाकों में पांच लोगों की मौत हो गई। पांच लोगों की मौत की पुष्टि भागलपुर के जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने की है। जिलाधिकारी ने बताया कि मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और 24 घंटे के अंदर सभी आश्रितों को सहायता राशि उपलब्ध करा दी जाएगी। आंधी और बारिश के कारण कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए, जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया। प्रशासन की टीम लगातार प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने और राहत कार्य में जुटी हुई है।

वहीं जिला प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।




## आंधी में गिरा बिजली पोल बिजली बाधित

**नावकोठी।** मंगलवार की सुबह आए तेज आंधी-तूफान ने नावकोठी प्रखंड क्षेत्र में जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। तेज हवा के कारण कई जगह पेड़ गिर गए, वहीं रजाकपुर पंचायत के चक्का गांव स्थित वार्ड संख्या 05 के शर्मा टोल चौक पर एक बड़ा महुआ का पेड़ बिजली तार पर गिर पड़ा। पेड़ के दबाव से बिजली का पोल टूटकर गिर गया, जिससे इलाके की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। घटना के बाद चक्का गांव के दर्जनों उपभोक्ताओं के घरों की बिजली कट गई। अचानक बिजली आपूर्ति ठप होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच बिजली नहीं रहने से घरों में पेयजल, पंखा और अन्य जरूरी विद्युत उपकरण बंद हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह करीब पांच बजे तेज आंधी के दौरान जोरदार आवाज के साथ महुआ का पेड़ तार पर गिरा, जिसके बाद बिजली पोल धराशायी हो गया। ग्रामीणों में कुछ देर के लिए भय का माहौल कायम हो गया। हालांकि गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में कई बिजली पोल काफी पुराने और जर्जर अवस्था में हैं, जिन्हें समय रहते बदला नहीं गया तो भविष्य में बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उपभोक्ताओं मे रोशन कुमार, टुलो शर्मा, सुरेश शर्मा, विजय पासवान, नरेश कुमार, सुनील शर्मा आदि ने बिजली विभाग से क्षतिग्रस्त पोल को अविलंब हटाकर नया पोल लगाने तथा शीघ्र बिजली सेवा बहाल करने की मांग की है।

# सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर चला अभियान

## लोगों को मिलेगी राहत

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देशपर मंगलवार को आरा सदर अंचल अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। यह अभियान सदर अंचल के अंचलाधिकारी के नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान के दौरान नगर निगम की टीम, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अस्थायी एवं स्थायी अतिक्रमण को जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया। प्रशासन द्वारा सड़क एवं सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु व्यापक कार्रवाई की गई। अंचलाधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा पुनः अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान से आमजन के आवागमन में सुविधा सुनिश्चित होगी तथा सड़क जाम एवं दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आएगी। प्रशासन द्वारा आगे भी अतिक्रमण उन्मूलन अभियान लगातार जारी रखा जाएगा।

# मेगा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकहा ररिऔना में शिक्षा विभाग के निर्देश पर मेगा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व प्रधानाध्यापक सरोज कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता बच्चों को किताबी ज्ञान के अतिरिक्त बौद्धिक,सामान्य ज्ञान,सामाजिक ज्ञान की ओर अग्रसर करता है। इसमें कक्षा 9वीं से 12वी तक के छात्र, छात्राओं को विभाग द्वारा प्रश्नपत्र मुहैया कराया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।मूल्यांकन के बाद कक्षावार प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले कुल 12 छात्र,छात्राओं को मेडल और कलम देकर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चे उत्साहित हुए और अगले मेगा क्विज में और बेहतर करने की बात कही।

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/26/26, दिनांक: 25.05.2026,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, 17, नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, कोलकाता–700001, पूर्व रेलवे के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं:

**(क) क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं : **(1) 10261119,** ट्रॉसफॉर्मर ऑयल कूलिंग ब्लोअर के लिए मोटर, रु. 2,25,070/-, **(2) 10261015,** माइक्रोप्रोसेसर आधारित इलेक्ट्रॉनिक स्पीड इंडिकेटर, रु. 8,58,870/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 16.06.2026, **समय :** 13.30 बजे (क्रम से. 1 एवं 2 हेतु), **(3) 10251363ए,** कॉन्टैक्टर ऑग्जिलरी 150 एम्पियर का सेट आदि, रु. 5,07,260/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 10.06.2026, **समय :** 13.30 बजे **(4) 15265066,** ऑटोमेटिक टिकटिंग वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) स्मार्ट कार्ड आधारित, थर्मल प्रिंटर, 1 केवीए यूपीएस, ऑपरेटिंग सॉफ्टवेयर और आरडीबीएमएस लाइसेंस की आपूर्ति, स्थापना और आरंभ, तीन (3) वर्ष की सर्वसमावेशी ऑनसाइट ओईएम वारंटी और दो (2) वर्ष की वारंटी के बाद ओईएम ऑनसाइट व्यापक एएमसी के साथ, रु.3,16,310/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 11.06.2026, **समय :** 13.30 बजे **(5) 10262355,** ट्रेन बीयूएस एडमिनिस्ट्रेटर (जेडबीवी प्रोसेसर) आदि, रु.1,69,920/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 16.06.2026, **समय :** 13.30 बजे **(6) 22265446,** मैचिंग इलेक्ट्रोड (58 सेमी), पीएलआई और मैग्नेट एवं फ्लूरो–कवर के साथ 3 टेस्ला एमआरआई उपयुक्त सिंगल चैंबर (एसएसआईआर) पेसमेकर । फुल बॉडी स्कैन के साथ 3 टेस्ला एमआरआई कंडीशनल। टाइन्ड/स्क्रू–इन लीड के साथ उपयुक्त। पेसिंग मोड: वीवीआई, वीवीटी, वीओओ, एएआई, एएटी, एओओ, ओओओ। पल्स एम्प्लिट्यूड कम से कम 7.5 वी तक होना चाहिए। ऑटो कैप्चर या कैप्चर मैनेजमेंट एल्गोरिदम। सेंसिंग एश्योरेंस एक ज़रूरी विशेषता है। वज़न लगभग 20 ग्रा और वॉल्यूम 10 सीसी। 2.5वी, 0.4 एमवी, इम्पीडेंस 500 के 100% पेसिंग पर कम से कम 12 वर्ष तक चलने की अपेक्षा और इलेक्ट्रोड स्टेरॉयड इलेक्ट्रोड या कोटेड इलेक्ट्रोड/यूनिपोलर या बाइपोलर, टाइन्ड या स्क्रूड होना चाहिए जो 7एफ पीएलआई के माध्यम से उपयुक्त हो। ओईएम का पंजीकृत कार्यालय होना चाहिए, जहाँ सेवा कर्मी चौबीस घंटे उपलब्ध रहें, वारंटी: सभी पेसमेकर लाइफ टाइम वारंटी के तहत आने चाहिए (मरीज़ के लाइफ टाइम तक पेसिंग थेरेपी देना)। [एआई(2026–27), आइटम कोड–सं.: एस–62239, क्रम सं. 2141], रु. 1,11,890/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 05.06.2026, **समय :** 13.30 बजे **(7) 10261924,** बुल गियर 107 टीथ, रु. 0/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 16.06.2026, **समय :** 13.30 बजे **(8) 10262363,** पावर सप्लाई कार्ड आदि, रु. 7,24,170/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 18.06.2026, **समय :** 13.30 बजे **(9) 10265004,** ट्राई प्लेट पैनल माउंटेड आईआरएबी–9, रु. 2,96,890/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 23.06.2026, **समय :** 13.30 बजे **(10) 11251051,** आरडीएसओ के एसके 75080, आइटम नं. 1 से 4, ऑल्ट नं. शून्य के अनुसार शेड की तरफ 4 डोर के मिडल डोर वे में सोल बार में रूपांतरण कार्य के लिए 4 अदद आइटमों के सेट का क्रय, रु. 1,21,200/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 29.06.2026, **समय :** 13.30 बजे **(11) 1226_डीएक्सआईएनजी_डीएस_6494;** 1 इन 8.5 डायमंड क्रॉसिंग एवं टी–6494 के लिए चालू ठेका; रु. 20,00,000/- **(12) 1226_डी-स्विच_6068;** डिरेलिंग स्विच 60 केजी 1 इन 8.5 (टी–6068) के क्रय के लिए चालू ठेका; रु. 13,21,190/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 26.05.2026, **समय :** 13.30 बजे (क्रम सं. 11 एवं 12 हेतु) **(13) 12261049;** आरडीएसओ ड्राइंग नं. टी–8747 के अनुसार चौड़े पीएससी स्लीपर के साथ इस्तेमाल के लिए कम्पोजिट ग्रूव्ड रबर सोल प्लेट (सीजीआरएसपी) 10 मिमी मोटाई का निर्माण एवं आपूर्ति; रु. 20,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 05.06.2026, **समय :** 13.30 बजे **(14) 12261015;** आरडीएसओ स्टैंडर्ड ड्रॉइंग नं. टी–6441, ऑल्ट–04 के अनुसार पीएससी स्लीपरों पर 1 इन 8.5 बीजी 60 केजी वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग का निर्माण एवं आपूर्ति; रु. 20,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 02.06.2026, **समय :** 13.30 बजे **(15) 12261034;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी–3740, ऑल्ट.7 के तहत 60 केजी (यूआईसी) रेल्स के लिए कंक्रीट स्लीपरों पर इलास्टिक रेल क्लिप फ्लैट टो के साथ इस्तेमाल करने के लिए मेटल लाइनरों का निर्माण एवं आपूर्ति; रु. 20,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 12.06.2026, **समय :** 13.30 बजे **(16) 1226मेटललाइनर8616 एंड 8617;** आरडीएसओ ड्रॉइंग नं. टी–8616 एवं 8617 (ऑल्ट.1) के तहत कॉम्बिनेशन मेटल लाइनर का निर्माण एवं आपूर्ति; रु. 1,28,160/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 29.05.2026, **समय :** 13.30 बजे **(17) 1226_ऑब्टयूजएक्सआईएनजी_6495;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी–6495 के तहत 60 केजी रेल्स के लिए 1 इन 8.5 सीएमएस ऑब्टयूज एंगल क्रॉसिंग के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए चालू ठेका; रु.3,22,920/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 12.06.2026, **समय :** 13.30 बजे **(18) 1226_एसपीसीएल_स्लीपर;** स्पेशल टाइप पीएससी स्लीपरों के क्रय के लिए चालू ठेका; रु. 0/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 28.05.2026, **समय :** 13.30 बजे **(19) 12261036;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी–8746 के तहत पीएससी चौड़े स्लीपरों के साथ इस्तेमाल करने के लिए आरडीएसओ ड्रॉइंग नं. टी–8748 (ऑल्ट.1) के तहत मेटल लाइनर का निर्माण एवं आपूर्ति; रु.20,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 19.06.2026, **समय :** 13.30 बजे **(20) 22265413;** इंज. पर्टुजुमैब 1200 मिग्रा.+ ट्रैस्टुजुमैब 600 मिग्रा.(उत्पाद, निर्माणकारी फर्म की रेलवे बोर्ड द्वारा अनुमोदित उत्पाद सूची में उपलब्ध होना चाहिए) आइटम कोड संख्या: एम261706, एआई 26–27; रु. 0/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 01.06.2026, **समय :** 13.30 बजे **(21) 22265369;** इंट्राविट्रियल इंजेक्शन के लिए फैरिसिमैब 6 मिग्रा/0.05 मिली. सॉल्यूशन; रु. 0/-. , **निविदा खुलने की तिथि:** 16.06.2026, **समय :** 13.30 बजे **(22) 22265429,** इंज. लस्पैटरसेप्ट 25 मिग्रा.(उत्पाद, निर्माणकारी फर्म की रेलवे बोर्ड द्वारा अनुमोदित उत्पाद सूची में उपलब्ध होना चाहिए) आइटम कोड संख्या: एम251033, एआई 26–27, रु. 0/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 10.06.2026, **समय :** 13.30 बजे, **निविदा मूल्य:** रु. 0 [क्रम सं. 1 से 22 हेतु]।

**(ख) अधिक मूल्य वाली निविदा, क्रम सं. : 1, निविदा सं. :** 52266391; **संक्षिप्त विवरण:** आरसीएफ ड्रॉ. नं. 1267463 ऑल्ट. '00आर' के तहत ब्रेक बीम, **निविदा की अंतिम तिथि :** 02.07.2026, **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 3,42,58,350/-, **क्रम सं. 2, निविदा सं. :** 52266392; **संक्षिप्त विवरण:** आरसीएफ ड्रॉ. नं. एलडब्ल्यू 03245 के तहत ब्रेक सपोर्ट, **निविदा की अंतिम तिथि :** 02.07.2026, **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 1,46,55,600/-, **क्रम सं. 3, निविदा सं. :** 52266393; **संक्षिप्त विवरण:** एयर स्प्रिंग सस्पेंशन बोगी फ्रेम के लिए 41 आइटमों से संलग्न किट मटीरियल का सेट, **निविदा की अंतिम तिथि :** 02.07.2026, **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 3,41,00,620.58, **क्रम सं. 4, निविदा सं. :** 52266394; **संक्षिप्त विवरण:** कॉइल स्प्रिंग के लिए किट मटीरियल का सेट, **निविदा की अंतिम तिथि :** 02.07.2026, **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 4,27,82,080/-, **क्रम सं. 5, निविदा सं. :** 52266397; **संक्षिप्त विवरण:** कंट्रोल आर्म सपोर्ट का सेट, **निविदा की अंतिम तिथि :** 02.07.2026, **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु.1,12,83,750/-, **क्रम सं. 6, निविदा सं. :** 52266396; **संक्षिप्त विवरण:** 10 आइटमों से संलग्न किट मटीरियल का सेट, **निविदा की अंतिम तिथि :** 29.06.2026, **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 60,44,550/-, **क्रम सं. 7, निविदा सं. :** 52266395; **संक्षिप्त विवरण:** स्प्रिंग पॉट, **निविदा की अंतिम तिथि :** 29.06.2026, **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 84,78,300/-, **क्रम सं. 8, निविदा सं. :** 52266401; **संक्षिप्त विवरण:** एलएचबी बोगी के लिए ट्यूब (फिनिश्ड) का सेट, **निविदा की अंतिम तिथि :** 29.06.2026, **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 1,36,16,167.50, **क्रम सं. 9, निविदा सं. :** 52266402; **संक्षिप्त विवरण:** शील्डिंग गैस, **निविदा की अंतिम तिथि :** 29.06.2026, **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 1,04,34,651.50

**टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई–निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। STORES-13/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सहयोग शिविर में 64 आवेदनों का निष्पादन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखण्ड के पहसारा पश्चिमी पंचायत के पंचायत भवन पर सहयोग शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता नोडल पदाधिकारी जिला परिवहन पदाधिकारी राजीव कुमार ने की। नोडल पदाधिकारी राजीव कुमार ने कहा कि आम लोगों की समस्या के त्वरित समाधान हेतु सहयोग शिविर का प्रत्येक मंगलवार को विभिन्न पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया जाना है। इसमें आनलाइन तथा आँफ लाइन आवेदन लिया जाएगा। प्राप्त आवेदन को एक सप्ताह के अंदर निष्पादन किया जाना है। यदि आवेदन कुछ लंबे तहकीकात का है, तो उसको भी 30 दिन के अंदर निष्पादित करना है। यदि निष्पादन योग्य आवेदन नहीं है तो इसका उचित कारण बताते हुए आवेदक को सूचना दे दी जाएगी। इसमें पूर्व से आनलाइन 73 आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदन में से 64 आवेदन का निष्पादन शिविर के पूर्व ही कर दिया गया है, एवं 9 आवेदन लंबित रह गया है। जिसमें समाज कल्याण विभाग का 4 आवेदन , राजस्व एवं भूमि सुधार के 15 आवेदन, योजना एवं विकास विभाग के 14 आवेदन, पंचायती राज विभाग के 8 आवेदन, आरटीपीएस के 13 आवेदन, विद्युत विभाग का 2 आवेदन, ग्रामीण विकास विभाग का 12 आवेदन, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का कुल 4, सहकारिता विभाग से एक आवेदन ऑनलाइन प्राप्त किए गए। इस तरह से कुल 73 आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें विभिन्न विभाग के 64 आवेदन का निष्पादन हो चुका है। लंबित 9 आवेदन राजस्व एवं भूमि सुधार से संबंधित मामला है। विभिन्न विभाग के आज के शिविर में नए 48 आवेदन प्राप्त किया गया है। इस आवेदन में सबसे अधिक नल जल योजना, विधुत विभाग, भूमि एवं राजस्व विभाग आदि से संबंधित है प्राप्त आवेदन को संबंधित विभाग को भेजकर एक सप्ताह के अंदर निष्पादन कर अगले शिविर में आवेदन की अद्यतन स्थिति की जानकारी आवेदक को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# वाणासुर मत्स्य बीज प्रक्षेत्र में बनेगा समेकित एक्वा पार्क

- समेकित एक्वा पार्क के अंतर्गत 32 एकड़ क्षेत्रफल में कुल 3120.92 लाख रुपये की लागत से 17 विभिन्न अवयवों का होगा निर्माण
- डीएम ने कहा यह राष्ट्रीय स्तर का होगा संस्थान, राज्य में जलकृषि पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा वाणासुर मत्स्य बीज प्रक्षेत्र, कारीसाथ, प्रखंड उदवंतनगर का स्थल निरीक्षण किया गया। इस प्रक्षेत्र पर डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत समेकित एक्वा पार्क का निर्माण कराया जाना है। इस योजना को भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय से प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। पूर्व में जिला प्रशासन के सहयोग से इस प्रक्षेत्र का सीमांकन कार्य संपन्न कराया जा चुका है। समेकित एक्वा पार्क के अंतर्गत 32 एकड़ क्षेत्रफल में कुल 3120.92 लाख रुपये की लागत से 17 विभिन्न अवयवों का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के प्रमुख अवयवों में कार्प हैचरी, आरएएस फिश फीड मिल, जल गुणवत्ता जांच प्रयोगशाला, मछलियों की स्वास्थ्य जांच प्रयोगशाला एवं प्रशासनिक भवन आदि शामिल हैं। यह एक राष्ट्रीय स्तर का संस्थान होगा, जिसके



विकसित होने से राज्य में जलकृषि पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा यह केंद्र आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। जिला मत्स्य पदाधिकारी, भोजपुर द्वारा प्रस्तावित समेकित एक्वा पार्क के निर्माण से संबंधित आवश्यक तैयारियों की जानकारी जिला पदाधिकारी को दी गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल आरा, भूमि सुधार उप समाहर्ता आरा सदर, जिला मत्स्य पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी, उदवंतनगर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# पीरो में 13 नये स्वास्थ्य उप केंद्रों का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पीरो।** पीरो प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी चिकित्सा व्यवस्था का विस्तार करते हुए अलग अलग स्थानों पर कुल 13 नये स्वास्थ्य केंद्र खोले गए हैं। मंगलवार को इन सभी नये स्वास्थ्य उप केंद्रों का लोकार्पण किया गया। छवरही जंगल महाल पंचायत के बम्हवार व बसावन टोला में नव स्थापित स्वास्थ्य उप केंद्र का लोकार्पण करते हुए बिहार सरकार के योजना व विकास मंत्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि सूबे में डबल इंजन की सरकार आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए नये स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए जाने के साथ-साथ पहले से स्थापित स्वास्थ्य केंद्रों को विकसित किया जा रहा है ताकि गांव के लोगों को सामान्य बिमारियों के इलाज के लिए दूर न



जाना पडे। श्री कुशवाहा ने कहा कि अब गांव में ही लोगों को सहजता से स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होगी। यहां नये स्वास्थ्य उप केंद्र के उद्घाटन मौके पर मुखिया फूल कुमारी देवी, जदयू नेता सुरेन्द्र कुशवाहा, प्रखंड विकास पदाधिकारी पीरो अशोक कुमार, अनिल कुमार गुड्डू,अक्षय लाल चौधरी, हृदयानंद कुशवाहा आदि मौजूद थे। पीरो में इसके अलावे अमई, कटरियां,केशवां, खिरीकोन, लोहई, नायक टोला, राजापुर, रजेयां, सुखरौली, तेलाढ में भी स्वास्थ्य उप केंद्र की विधिवत शुरुआत की गई।

# हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखण्ड स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सह हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर देवपुरा पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसका उद्घाटन डॉ पूजा कुमारी, आनंद ईश्वर आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस मेले में कुल 52 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। श्री ईश्वर ने बताया कि अगस्त 2026 तक टीबी मुक्त विष्णुपुर पंचायत को बनाने का लक्ष्य है। इस कड़ी में चिह्नित स्थानों पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन कर अधिकाधिक लोगों का स्क्रीनिंग करने का लक्ष्य है। इसके अतिरिक्त बदलते मौसम के प्रभाव में आने से सामान्य व्यक्ति भी बीमारी से ग्रसित हो रहें हैं। इनके स्वास्थ्य की भी जांच कर आवश्यक दवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इसमें कुल 52 व्यक्तियों का टीबी स्क्रीनिंग किया गया। साथ ही 19 गर्भवतियों का प्रसवपूर्व जांच कर आवश्यक दवा तथा परामर्श दिया गया। 10 व्यक्तियों का डायबिटीज जांच, 40 व्यक्तियों का हीमोग्लोबीन जांच, 25 व्यक्तियों का स्पुटम जाच संग्रह किया गया। मौके पर एसटीएस सुजीत कुमार, एएनएम शारदा चौरसिया,आशा ममता, तारा, आशा फ़ेसिलेटर कंचन कुमारी, सदानंद भारती सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 21.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन–53–26–27, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता (मुख्यालय)/सियालदह के तहत सियालदह मंडल में कांकुड़गाछी सेक्शन में आरयूबी संख्या एक्स/23, एक्स/33 और बालीगंज–कोमागाटा मारु बजबज सेक्शन में आरयूबी संख्या बी/7 और बी/8 पर आरसीसी जैकेटिंग द्वारा सबस्ट्रक्चर को मजबूत करना, जिसमें अन्य सभी सहायक कार्य शामिल हैं। **निविदा मूल्य :** रु. 2,08,86,997.05, **बयाना राशि :** रु.4,17,700/–, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 16.06.2026 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि:** 15 (पंद्रह) माह । **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 16.06.2026 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार ई–निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है। SDAH-53/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# फर्जी आरटीओ चालान के लिंक से उड़े कई लोगों के खाते से पैसे

## लिंक टच करते ही दो लोगों का मोबाइल हो गया हैक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** बड़कागांव में इन दिनों साइबर ठगों के द्वारा लॉटरी निकलने, नौकरी दिलाने, फर्जी लिंक भेज कर व अन्य साइबर हथकंडे अपनाकर के लोगों के खाते से पैसे उड़ाने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में साइबर ठगों के द्वारा आरटीओ की फर्जी चालान के नाम से डरा कर लोगों को ठगने का नया तरीका निजात किया है। जिसमें कई लोग साइबर ठगी के शिकार हो रहे हैं। जिसका ताजा उदाहरण बड़कागांव में देखने को मिल रहा है। पिछले कुछ दिनों से कई मोबाइल पर आरटीओ चालान जमा करने के नाम पर एक फर्जी लिंक भेजा जा रहा है। लिंक को छूते ही व्हाट्सएप हैक हो जाता है, और बैंक खाते से पैसे गायब हो रहे हैं। जिसमें सोनपुरा गांव निवासी भवानी प्रसाद दांगी एवं गुरु चट्टी निवासी बिंदु दांगी साइबर ठगों के चक्कर में फंस गए। लिंक को टच करते ही दोनों का मोबाइल हैक हो गया। देखते ही देखते साइबर ठगों के द्वारा भवानी की बैंक खाते से 77000, बिंदु के खाते से 55000, वही अन्य एक युवक के खाते से 70000 यूपीआई के जरिए से उड़ा ले गए। इन तीनों के अलावा प्रखंड के अन्य कई लोग भी आरटीओ की फर्जी चालान लिंक के चक्कर में फंस गए हैं। इस दौरान कई जागरूक प्रबुद्ध लोगों के द्वारा व्हाट्स एप ग्रुप में साइबर ठगो से बचने का सुझाव भी दे रहे हैं। ताकि लोग साइबर ठगो से सचेत रहें सावधान हो जाएं, परंतु कई नादान जागरूकता के अभाव में फंस जा रहे हैं। साइबर ठगी के शिकार पीड़ितों ने लोगों से सचेत रहने, व मोबाइल चलाने के दौरान सावधानी बरतने की अपील किया है।



**साइबर ठगी हुई तो, तुरंत करें यह कार्य**

बैंक को तुरंत कॉल कर खाता लॉक कराएं। नजदीकी थाना में एफआईआर दर्ज कराएं।

**जागरूक होने एवं सावधानी बरतने की जरूरत : थाना प्रभारी**

मामले को लेकर बड़का गांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने कहा कि लोगों को जागरूक होने की एवं सावधानी बरतने की जरूरत है, तभी हम साइबर क्राइम से बचे रहेंगे। अगर किसी प्रकार कोई घटना घट गई तो, तुरंत पुलिस को जानकारी दें।

# मिलकर करेंगे हजारीबाग का विकास : विवेकानंद सिंह

- रेल दोहरीकरण और कोचिंग डिपो बनने के बाद हजारीबाग में बढ़ेगी ट्रेन सेवा : मनीष जायसवाल
- मोदी सरकार के कार्यकाल में हुए हैं कई ऐतिहासिक कार्य
- जमीन उपलब्ध होते ही एयरपोर्ट निर्माण कार्य की प्रक्रिया होगी शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** हजारीबाग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर फ्लोरिस्ट बैंक्विट हॉल में भाजपा द्वारा संयुक्त प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक प्रदीप प्रसाद ने संबोधित किया। पत्रकारों द्वारा सांसद और विधायक के बीच चल रही नाराजगी को लेकर पूछे गए सवाल पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा कि आपसी कन्फ्यूजन से जो दूरियां पैदा हुई थीं, वह अब समाप्त हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि दोनों नेता मिलकर हजारीबाग के विकास को नई गति देंगे।

इस दौरान नेताओं ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री जय



नारायण प्रसाद, पूर्व जिला उपाध्यक्ष आनंद देव, नगर पश्चिम मंडल अध्यक्ष कुलदीप कृष्णा श्री झा समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। जानकारी मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद ने दी।

भाजपा की प्रेस वार्ता में विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग के विकास के लिए सांसद और विधायक दोनों मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बीते वर्षों में कई ऐसे कार्य पूरे किए, जो कांग्रेस शासनकाल में लंबे समय से अधूरे पड़े थे।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कोर्स रेल सेतु, गुवाहाटी रोपवे, दोबरा-चक्की पुल और अटल टनल जैसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मोदी सरकार ने कम समय में पूरा कराया। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना, आयुष्मान भारत और स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में धारा 370 हटाने, राम मंदिर निर्माण, देश में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण और सड़क निर्माण जैसे ऐतिहासिक कार्य हुए हैं।

सांसद मनीष जायसवाल ने प्रेस वार्ता में कहा कि हजारीबाग में रेलवे लाइन के दोहरीकरण का कार्य शुरू हो चुका है तथा कोचिंग डिपो का निर्माण भी अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के पूरा होने के बाद हजारीबाग में ट्रेनों का ठहराव शुरू होगा और लंबी दूरी की ट्रेन सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जैसे ही हवाई अड्डे के लिए जमीन उपलब्ध कराएगी, एयरपोर्ट निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी। सांसद ने बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ह्लएक पेड़ मां के नामङ्क अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा। साथ ही जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में भी कार्य होगा। उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को उत्सव के रूप में मनाया जाएगा तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत 56 लोगों को लौटाए गए गुम हुए मोबाइल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खूंटी।** खूंटी पुलिस ऑपरेशन मुस्कान के तहत लगातार कार्य कर लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने की कोशिश में जुटी है। खूंटी जिले में पिछले डेढ़ वर्ष के दौरान गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाने की दिशा में खूंटी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जन शिकायत के तहत डिस्ट्रिक्ट क्राइम ब्यूरो जितेंद्र कुमार की पहल एवं खूंटी टेक्निकल सेल के सहयोग से बरामद किए गए मोबाइल फोन का वितरण मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने कुल 56 लाभुकों के बीच उनके गुम हुए मोबाइल फोन का वितरण किया। अपना मोबाइल वापस पाकर लाभुकों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। लोगों ने खूंटी पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। पुलिस

**अब तक 121 लोगों के लौटाए गए मोबाइल**

अधिकारियों ने बताया कि जिले में गुम हुए मोबाइल फोन की खोजबीन के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। खूंटी टेक्निकल सेल की मदद से विभिन्न स्थानों से मोबाइल फोन ट्रेस कर बरामद किए गए, जिन्हें सत्यापन के बाद उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा गया। बताया गया कि इससे पूर्व प्रथम और द्वितीय चरण में कुल 65 लाभुकों को उनके गुम हुए मोबाइल फोन लौटाए जा चुके हैं। वहीं तीसरे चरण में 56 लाभुकों को मोबाइल फोन प्रदान किए गए। इस प्रकार अब तक कुल 121 लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल फोन वापस मिल चुके हैं। खूंटी पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल गुम होने की स्थिति में तत्काल संबंधित थाना अथवा ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि मोबाइल को ट्रेस कर बरामद किया जा सके।

# दिशा की बैठक में पेयजल, बिजली और विकास योजनाओं की समीक्षा

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर भवन में मंगलवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अन्नपूर्णा देवी ने की। बैठक में जिले में संचालित विकास योजनाओं, पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई बैठक में उपायुक्त रामनिवास यादव ने विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा लंबित मामलों और क्षेत्रीय समस्याओं की जानकारी दी। भीषण गर्मी और लगातार उत्पन्न हो रही बिजली समस्याओं को लेकर बैठक में विशेष चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि आम लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा तकनीकी खराबियों का त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली और पेयजल आम जनता की प्राथमिक

**बैठक से संबंधित मुख्य बिन्दु**

- जिले में संचालित विकास योजनाओं, पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा
- तकनीकी समस्याओं को दूर करते हुए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का दिया गया निर्देश
- जल संकट वाले क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी टैंकर भेजने तथा खराब पड़े पानी टैंकरों और जलमीनारों की अविलंब मरम्मत कराने की कही गई बात
- मनरेगा, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क निर्माण, समाज कल्याण और कृषि विभाग की योजनाओं को तय समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश



आवश्यकता है, इसलिए किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खराब ट्रांसफॉर्मर बदलने, शिकायतों के त्वरित निष्पादन और सही बिजली बिल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए बैठक में जल जीवन मिशन एवं पेयजल व्यवस्था की भी विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने निर्देश दिया कि जल संकट वाले क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी टैंकर भेजे जाएं तथा खराब पड़े पानी टैंकरों और जलमीनारों की अविलंब मरम्मत कराई जाए। साथ ही जलापूर्ति योजनाओं की निगरानी के लिए विशेष टीम गठित करने का निर्देश भी दिया गया आपूर्ति विभाग की समीक्षा के दौरान राशन वितरण में पारदर्शिता और समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। वहीं मनरेगा, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क निर्माण, समाज कल्याण और कृषि विभाग की योजनाओं को तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सुदीव्य कुमार ने कहा कि विभागीय समन्वय और स्पष्ट रोडमैप के जरिए ही विकास योजनाओं को गति मिल सकती है। उन्होंने अधिकारियों को अगली दिशा बैठक से पहले कार्यों का विस्तृत रोडमैप तैयार करने का निर्देश दिया चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। वहीं डॉ. सरफराज अहमद ने ग्रामीण जरूरतमंदों को योजनाओं से जोड़ने और रोजगार उपलब्ध कराने पर बल दिया बैठक में विभिन्न विधायकों ने भी सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और प्रवासी मजदूरों से जुड़े मुद्दे उठाए। अधिकारियों को योजनाओं के पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण तरीके से पहुंचे। बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# बड़कागांव में डंप किया गया 60 टन अवैध कोयला बरामद

**बड़कागांव (हजारीबाग)। (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बड़कागांव से अवैध पत्थर कोयला उत्खनन करके मोतरा अधिसूचित वन में जमा किया गया था। जिसकी गुप्त सूचना बड़कागांव वन विभाग को मिली जिस पर बड़कागांव वन क्षेत्र पदाधिकारी रामबाबू कुमार के नेतृत्व छापामारी कर भारी मात्रा में डंप किया गया अवैध कोयला बरामद किया गया। मामले को लेकर बड़का गांव वन क्षेत्र पदाधिकारी रामबाबू कुमार ने कहा की 60 टन अवैध पत्थर कोयला को जप्त किया गया है ।अभियुक्त के नाम पता की जा रही है, जानकारी प्राप्त होने के पश्चात अपराध प्रतिवेदन ,साधारण करने के कार्रवाई जा जाएगी। कार्रवाई हेतु वन विभाग द्वारा कुल 10 ट्रैक्टर एवं एक हाईवा में अवैध कोयला लॉउड कर बड़का गांव वन विश्राम लाया गया। मामले को लेकर कल माफियाओं को कड़ी चेतावनी देते हुए वन क्षेत्र पदाधिकारी रामबाबू कुमार ने कहा कि अवैध कोयला कारोबार करने वाले लोगों को बख्सा नहीं जाएगा निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी।

# राज्य में बिगड़ रही कानून व्यवस्था : बाबू लाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के प्रदेश भाजपा कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया गया। नेता प्रतिपक्ष ने स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अनियमिताएं एवं भ्रष्टाचार के विषय पर संवाददाताओं के समक्ष अपनी बातों को रखी।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है और सरकार का ध्यान सिर्फ पैसे कमाने पर है। उन्होंने दावा किया कि उन्हें रोजाना व्हाट्सएप के जरिए भ्रष्टाचार से जुड़े फोटो और दस्तावेज मिलते हैं जिन्हें वे लगातार सार्वजनिक भी करते रहे हैं।

**ट्रेजरी घोटाले पर सरकार को घेरा**

नेता प्रतिपक्ष ने ट्रेजरी घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार जांच तो करा रही है, लेकिन अब तक किसी बड़े अधिकारी पर कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब जिम्मेदार पदाधिकारी अपने पदों पर बने रहेंगे तो भ्रष्टाचार कैसे खत्म होगा। नेता



प्रतिपक्ष ने कहा कि झारखण्ड मेडिकल एड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एड प्रोक्योरमेंट कारपोरेशन लिमिटेड में शैलेंद्र श्रीवास्तव नामक कंसल्टेंट को नियमों के विरुद्ध सेवा विस्तार दिया गया.उन्होंने बताया कि 2016 के नियमों के अनुसार किसी सेवानिवृत्त व्यक्ति को अधिकतम तीन वर्षों तक ही नियुक्त किया जा सकता है और आगे विस्तार के लिए मंत्रिमंडल या मुख्यमंत्री की अनुमति जरूरी होती है इसके बावजूद बिना मुख्यमंत्री की स्वीकृति के शैलेंद्र श्रीवास्तव को चौथे और फिर पांचवें वर्ष के लिए सेवा विस्तार दिया गया। बाबू लाल मरांडी ने आरोप लगाया कि इसी पद के जरिए टेंडर और खरीद प्रक्रियाओं को प्रभावित किया गया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 में 237 नई कस्टमाइज एंबुलेंस की खरीद के लिए 80 करोड़ रुपये की निविदा जारी की गई, जबकि वर्ष 2022 में खरीदी गई 206 एंबुलेंस, जिनकी लागत लगभग 55.8 करोड़ रुपये थी, उनका उपयोगिता ऑडिट तक नहीं कराया गया। कई एंबुलेंस एक वर्ष से अधिक समय तक बिना उपयोग के खड़ी रहीं। उन्होंने कहा कि ऑडिट में यह भी सामने आया कि जिस कंपनी को टेंडर दिया गया, वह निर्धारित वार्षिक टर्नओवर की शर्त पूरी नहीं करती थी। संबंधित कंपनी का औसत टर्नओवर मात्र 8.38 करोड़ रुपये पाया गया और उसके पास एंबुलेंस निर्माण या बस बॉडी बिल्डिंग का पर्याप्त अनुभव भी नहीं था.दवाइयों की खरीद और भंडारण में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि ऑडिट के दौरान करोड़ों रुपये की जीवन रक्षक दवाइयां एक्सपायर पाई गईं. गोदामों में करीब 24 लाख यूनिट दवाएं खराब हो गईं।

# रामगढ़ पुलिस ने संगठित अपराध से जुड़े छह अपराधियों को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हाल के महीनों में संगठित अपराधिक गिरोह के द्वारा घटित घटनाओं के उद्भेदन के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। इनमें संलिप्त/ वांछित अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु को एसआईटी का नेतृत्व सौंपा था। इस क्रम में गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि पतरातु थाना क्षेत्रन्तर्गत कुछ अपराधकर्मी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से एकत्रित हुये है। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु को गठित छापामारी दल के साथ सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। गठित छापामारी दल के द्वारा मानवीय आसूचना एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर छापामारी करते हुए 06 अपराधकर्मियों एवं 01 निरूद्ध (कुल-07) क्रमशः 1. विकास साव 2. विशाल कुमार 3. बिट्टु कुमार रवि 4. हीरालाल कुमार 5. दिगम्बर प्रजापति उर्फ डेगन 6. एहतेसान अंसारी उर्फ दुलर्भ एवं 7. एक निरूद्ध किशोर को पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्तियों की पास से 01 अवैध लोडेड देशी पिस्टल, 34 जिंदा राउण्ड, 02 मैगजीन, 03 मोटरसाईकिल एवं 06 मोबाईल बरामद किया गया, जिससे विधिवत जप्त कर 06 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया। सभी पकड़ाये अपराधकमी राहुल दुबे गिरोह के सक्रिय सदस्य है। इनके द्वारा राहुल दुबे एवं उसके संगठन के अन्य लोगों के ईशारे पर विगत माह/पूर्व में इनके द्वारा पतरातु थाना क्षेत्र के रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज के गेट पर गोली चलाने की घटना, ओसम डेयरी प्लांट के गेट पर गोलीबारी की घटना, अल्ट्राटेक सिमेंट प्लांट मे गोलीबारी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। साथ ही पतरातु थाना क्षेत्रन्तर्गत किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से एकत्रित होने की बात को स्वीकार की है। पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने बताया कि संगठित अपराध को नियंत्रित करने के प्रयास के तहत इन सभी लोगों की गिरफ्तारी हुई है यह सभी एक विशेष गैंग से जुड़े हुए थे और इन लोगों का पुराना आपराधिक इतिहास भी रहा है।

# जल संरक्षण केवल पर्यावरण नहीं, शिक्षा और स्वास्थ्य का भी प्रश्न : हृदयानंद मिश्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के समन्वय समिति के सदस्य हृदयानंद मिश्र, एडवोकेट ने पलामू प्रमंडल की आयुक्त कुमुद सहाय को ज्ञापन सौंपकर पलामू प्रमंडल में जल संरक्षण एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग को प्रभावी रूप से लागू कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि पलामू प्रमंडल के विभिन्न जिलों में

**जनजागरूकता अभियान चलाने की मांग**

लगातार गिरते भूजल स्तर के कारण ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट गंभीर होता जा रहा है। इसका प्रतिकूल प्रभाव केवल आम जनजीवन पर ही नहीं, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी पड़ रहा है। कई विद्यालयों में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं रहने से छात्र-छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, वहीं जल संकट के कारण स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ती जा रही हैं। हृदयानंद मिश्र ने कहा कि जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। यदि अभी ठोस पहल नहीं की गई तो आने वाले समय में स्थिति और भयावह हो सकती है। उन्होंने मांग की कि सभी नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) को अनिवार्य रूप से लागू कराया जाए तथा सरकारी भवनों, विद्यालयों, अस्पतालों एवं सार्वजनिक संस्थानों में इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने पुराने तालाबों, कुओं एवं पारंपरिक जलस्रोतों के पुनर्जीवन, जल संरक्षण पर जनजागरूकता अभियान चलाने तथा नए भवन निर्माण में वाटर कंजर्वेशन मानकों को सख्ती से लागू करने की भी मांग की। हृदयानंद मिश्र ने बताया कि पलामू प्रमंडल की आयुक्त कुमुद सहाय ने ज्ञापन पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया और कहा कि जल संरक्षण की दिशा में प्रशासन गंभीरतापूर्वक आवश्यक कदम उठाएगी।

# उपायुक्त ने बच्चों एवं राहगीरों को पिलाया ठंडा पानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिले के दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने मंगलवार को जनसेवा की अनूठी मिसाल पेश करते हुए स्वयंसेवक की भूमिका निभाते हुए बच्चों एवं राहगीरों को पानी परोसा, अवसर था मेदिनीनगर के छह मुहान पर प्याऊ के उद्घाटन का। इस दौरान उन्होंने अपने हाथों से लोगों को पेयजल उपलब्ध कराया और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री शेखवात ने स्वच्छता का भी विशेष संदेश दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि पानी पीने के बाद उपयोग किए गए ग्लास को खुले में इधर-उधर न फेंकें, बल्कि निर्धारित स्थान पर ही रखें, ताकि स्वच्छता बनी रहे और



पर्यावरण सुरक्षित रहे। उपायुक्त ने कहा कि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को जनसेवा की भावना से स्वयंसेवक बनकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि ह्लमानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है और ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से इस प्रकार के जनहितकारी कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

# पनशाला के लिए मुफ्त मिट्टी के घड़े देंगे अविनाश देव

**तपती गर्मी में जनसेवा का संकल्प**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ऐसे कठिन समय में राहगीरों की प्यास बुझाने और समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से झारखंड माटी कला बोर्ड सदस्य सह संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने सराहनीय पहल की है। उन्होंने घोषणा की है कि पलामू जिले में जो भी व्यक्ति, सामाजिक संस्था, युवा संगठन, व्यापारी या समाजसेवी अपने क्षेत्र में पनशाला खोलना चाहते हैं, उन्हें



निःशुल्क मिट्टी के घड़े उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इच्छुक लोग मेदिनीनगर स्थित माटी कला बोर्ड कार्यालय पहुंचकर मुफ्त में मिट्टी के घड़े प्राप्त कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य केवल गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाना ही नहीं, बल्कि समाज में सहयोग, संवेदना और मानवता की भावना को मजबूत करना भी है। अविनाश देव ने कहा कि आज की भीषण गर्मी में राह चलते लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध कराना सबसे बड़ी जनसेवा है। यदि हर चौक-चौराहे, बाजार और सार्वजनिक स्थल पर एक-एक पनशाला शुरू हो जाए, तो हजारों लोगों को राहत मिल सकती है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से आगे आकर इस अभियान में सहभागी बनने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि मिट्टी के घड़ों का उपयोग स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है, क्योंकि इसमें रखा पानी प्राकृतिक रूप से ठंडा और शुद्ध बना रहता है। साथ ही इससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। प्लास्टिक और अन्य कृत्रिम साधनों की तुलना में मिट्टी के बर्तनों का उपयोग पर्यावरण के अनुकूल है। इस पहल से स्थानीय कुम्हारों और माटी कला से जुड़े कारीगरों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। सामाजिक सरोकार और पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर शुरू की गई यह पहल क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# बिनोद पाठक बने कांग्रेस स्वास्थ विभाग पलामू के चेयरमैन

**लोगों ने दी बधाई**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला कंग्रेस कमेटी के महासचिव बिनोद कुमार पाठक उर्फ़ सीटू पाठक को कंग्रेस स्वास्थ विभाग पलामू का चेयरमैन मनोनीत किया गया है। पार्टी के संगठन महासचिव व प्रशिक्षण सुनीत शर्मा ने इस अशय से संबंधित पत्र जारी किया है। शर्मा के अनुसार बिनोद पाठक के मनोनयन पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का भी अनुमोदन है। उक्त अशय से संबंधित पत्र की प्रतिलिपि पार्टी स्वास्थ विभाग के झारखण्ड प्रदेश चेयरमैन डॉ पी नैयर को भी भेज गया है। इधर बिनोद पाठक को पुनः पार्टी की ओर से स्वास्थ इकाई का चेयरमैन बनाये जाने पर कई कोंग्रेसियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है। बधाई देने वालों में रवींद्र झा, राकेश कुमार, विवेका त्रिपाठी, नीलू मिश्रा, मुकेश तिवारी, बाबा सौरव, रणजीत सिंह, हेमंत कुमार गुप्ता, टिंकू शुक्ला, रवींद्र शुक्ला गुड्डू, मुन्ना पांडे, प्रवीण मिश्रा, चंद्रशेखर एस, आशीष कुमार, विनोद दुबे, नीलू मिश्रा, मुकेश तिवारी, बाबा सौरव सहित कई शामिल हैं।

# भारतमाला परियोजना के लंबित मामलों का करें निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने मंगलवार को भूमि रैयतीकरण, भूमि अधिग्रहण, दखल-कब्जा, मुआवजा भुगतान एवं लंबित मामलों की समीक्षा हेतु महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतमाला परियोजना (वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेस वे पैकेज-6), राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-139 अंतर्गत दाउदनगर बाईपास निर्माण, उत्तर कोयल जलाशय परियोजना, औरंगाबाद जिलान्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र निर्माण (बियाडा), मुख्यमंत्री प्रगति पथ योजना, देव रिंग रोड निर्माण, देव सूर्य मंदिर ग्रीनफील्ड सम्पर्क पथ निर्माण, रफीगंज बाईपास निर्माण तथा गया-औरंगाबाद पथ चौड़ीकरण परियोजना की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में भारतमाला परियोजना के अंतर्गत वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेस वे निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए बताया गया कि कुछ मौजों में चकबंदी, रैयतीकरण एवं दखल-कब्जा से संबंधित विवादों के कारण कार्य प्रभावित है। जिलाधिकारी ने संबंधित अंचल अधिकारियों को लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। परियोजना के अंतर्गत अब तक लगभग 204 करोड़ रुपये में से 91 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। औरंगाबाद जिलान्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र निर्माण (बियाडा) परियोजना के अंतर्गत 436.503 एकड़ भूमि अधिग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि विभिन्न मौजों में संयुक्त मापी कार्य जारी है। रैयतों द्वारा अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने के कारण मापी कार्य में विलंब हो रहा है। जिलाधिकारी ने संबंधित अंचल अधिकारियों को मापी कार्य में तेजी लाने तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त अमीन की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेन्द्र पंडित, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

# औरंगाबाद में एक लाख 28 हज़ार से अधिक किसानों का किया गया रजिस्ट्रेशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** फार्मर रजिस्ट्री किसान की डिजिटल पहचान अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अभियान की प्रखंडवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि मिशन मोड में कार्य करते हुए शिविरों में छूटे हुए किसानों का फार्मर आईडी निर्माण शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान किसानों की डिजिटल पहचान सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है जिससे भविष्य में किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पारदर्शी एवं सुगम तरीके से उपलब्ध कराया जा सकेगा। जिलाधिकारी द्वारा सभी किसानों का ई-केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री शत-प्रतिशत पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी संबंधित पदाधिकारी पंचायत स्तर पर संचालित शिविरों में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए किसानों का ई-केवाईसी, दस्तावेज सत्यापन एवं फार्मर आईडी निर्माण समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसान पंजीकरण की प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक में यह भी बताया गया कि जिले में अब तक कुल 1,28,189 किसानों का फार्मर रजिस्ट्रेशन सफलतापूर्वक किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने इस प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए शेष पात्र किसानों को भी अभियान से जोड़ने हेतु विशेष प्रयास करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि डोर-टू-डोर अभियान चलाकर दूरस्थ, वंचित एवं अब तक पंजीकरण से छूटे किसानों तक पहुंच बनाई जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान इस अभियान से वंचित न रह सके। उन्होंने पंचायत स्तर पर संचालित शिविरों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा कार्य में गुणवत्ता, समयबद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता विशेष शाखा मोहम्मद सादुल हसन खां, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, वरीय उप समाहर्ता बेबी प्रिया, डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, आईसीडीएस डीपीओ विनीता कुमारी, सहायक योजना पदाधिकारी प्रियंका कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सुपारी लेकर दूल्हे के पिता को गोली मारने वाला गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा पुलिस ने सुपारी लेकर दूल्हे के पिता को गोली मारने के मामले में एक शूटर को पटना के मनेर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शूटर की पहचान पटना जिले के लक्ष्मणपुर गांव निवासी राकेश कुमार के रूप में की है। फ़िलहाल आरोपी अमहारा थाना क्षेत्र के चकमुंज्जे स्थित अपने ससुराल में रह रहा था। हालांकि इस सनसनीखेज मामले का मुख्य आरोपी दुल्हन का कथित प्रेमी दिलीप कुमार और उसका सहयोगी दिनेश उर्फ जट्टा अब भी फरार है। पुलिस जांच में सामने आया है कि बिहटा गांव निवासी दिलीप कुमार ने शादी रुकवाने की साजिश रची थी। उसने शूटरों को डेढ़ लाख रुपए की सुपारी दी थी। अपराधियों को यह निर्देश दिया था कि शादी से पहले दूल्हे या उसके पिता की हत्या कर दी जाए ताकि शादी रुक जाए। इसके एवज में 50 हजार रुपए एडवांस भी दिए गए थे। वारदात को अंजाम देने के लिए तीन अपराधी कार से कुटुंबा थाना क्षेत्र के चिंतावन बिगहा पहुंचे थे। 27 अप्रैल को बारात निकलने के दिन अपराधियों ने योजना के तहत हमला किया। दूल्हे के पिता सुनील पांडेय उर्फ अरुण पांडेय बाजार से सामान लेकर स्कूटी से लौट रहे थे तभी रसोइया गांव के पास उनपर गोली चला दी। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि गोली मारकर हत्या प्रयास में एक शूटर को गिरफ्तार किया गया है।

# कुंदन यादव हत्याकांड में दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दाउदनगर।** राजद नेता कुंदन यादव हत्याकांड में दाउदनगर पुलिस द्वारा दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही घटना से पूर्व रेकी करने में प्रयुक्त एक बाइक जब्त किया गया है। पकड़े गए हत्यारोपित की पहचान थाना क्षेत्र के केशराड़ी गांव निवासी उज्ज्वल नारायण उर्फ कंचन कुमार एवं आनंद कुमार उर्फ नंद कुमार के रूप में की गई है। घटना 19 मई की है। थानाध्यक्ष विकास कुमार को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के भुइयां बिगहा केसराड़ी मोड़ के पास राजद नेता कुंदन यादव को गोली मारी गयी है और उन्हें अरविंद हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया गया है। इस मामले में केसराड़ी गांव निवासी मृतक के पुत्र गोल्डेन कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई जिसमें रवींद्र पासवान, नितीश पासवान, कंचन पासवान, सुरेन्द्र सिंह, गौतम कुमार सिह उर्फ छोटू सिंह तथा दो अज्ञात बाइक सवार शूटर को नामजद अभियुक्त बनाया गया। कांड की गंभीरता पर पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देशानुसार दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक दास के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया। दाउदनगर एसडीपीओ अशोक दास ने प्रेसवार्ता में बताया कि आसूचना संकलन एवं तकनिकी साक्ष्य के आधार पर घटना में शामिल प्राथमिकी नामजद अभियुक्त उज्जवल नारायण उर्फ कंचन कुमार उम एवं अप्राथिमकी अभियुक्त आनंद कुमार उर्फ नंद कुमार उम को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार दोनों अभियक्तों की निशानदेही पर घटना से पूर्व रेकी करने में प्रयुक्त बाइक को बरामद किया गया है। अन्य सभी अभियुक्त की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष विकास कुमार, एसआई परमानंद कुमार यादव, एसआई सुदीश कुमार, एसआई नेहा कुमारी, एसआई अभिषेक कुमार, एसआई विक्की कुमार, एसआई अनिल कुमार, सिपाही दीपक कुमार, सोनू कुमार एवं अनुप कुमार शामिल थे।

# जिला हाइवे सुरक्षा टास्क फोर्स समिति का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव द्वारा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग सुरक्षा से संबंधित पारित निर्देशों के अनुपालन को लेकर समीक्षा की। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा, अतिक्रमण नियंत्रण, अवैध पार्किंग, हाईवे पेट्रोलिंग तथा दुर्घटना संभावित स्थलों के सुधार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में प्रत्येक जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जानी है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर नियमित निरीक्षण एवं पेट्रोलिंग के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाए तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। साथ ही निर्देश दिया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग सुरक्षा क्षेत्र में बिना सक्षम स्वीकृति के किसी भी प्रकार के नए निर्माण, व्यापारिक गतिविधि अथवा अतिक्रमण को अनुमति नहीं दी जाएगी। मुख्य सचिव ने कहा कि सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। इसी संबंध में जिला हाईवे सुरक्षा टास्क फोर्स समिति का गठन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया जा चुका है।

# एनआई अधिनियम से जुड़े मामलों में होगी सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** चेक अनादर से संबधित लंबित मामलों को निस्तारण के लिए 18 जुलाई को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण संभव हो इस हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल ने एनआई अधिनियम के तहत मामले को देखने वाले अधिवक्ताओं के साथ अपने प्रकोष्ठ में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिला विधिज्ञ संघ के सचिव जगनारायण सिंह, उपाध्यक्ष उदय सिन्हा सहित वरिष्ठ अधिवक्ता संजय गुप्ता, अशोक गुप्ता, अंजनी कुमार सिंह, मनोज मिश्रा, कृष्ण प्रताप सिंह, सतीष कुमार स्नेही आदि की उपस्थिति रही। प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल द्वारा उपस्थित अधिवक्ताओं से कहा कि यह पहला मौका है जिसमें एनआई अधिनियम से जुड़े मामलों के निस्तारण के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विशेष पहल करते हुए विशेष लोक अदालत का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। सचिव ने उपस्थित सभी विद्वान अधिवक्ताओं को आह्वान किया कि इस हेतु अपने स्तर से पहल करना शुरू कर दें जिससे कि आपके पास लंबित इस तरह के मामलों को विशेष लोक अदालत में निस्तारण की कार्रवाई सुनिश्चित किया जा सके। सचिव द्वारा बताया गया कि इस हेतु प्री-कॉन्सेलिंग की आवश्यकता होगी तो उसके लिए पक्षकारों के बीच विशेष सत्र आयोजित कर एनआई अधिनियम से जुडे मामलों के निस्तारण के लिए प्रेरित किया जायेगा और उनके सम्मुख आने वाले समस्याओं को दूर किया जायेगा। प्राधिकार के सचिव द्वारा यह भी बताया गया कि न्यायालय स्तर से वैसे वादों की प्राप्त सूची के आलोक में संबधित पक्षकार को नोटिस प्रेषित करने की कार्रवाई की जा रही है।

# बाइक दुर्घटना में रेलकर्मी की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा(औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र में मंगलवार को हुए सड़क हादसे में रेलवे कर्मी की मौत हो गई। घटना किशनपुर से हसपुरा जाने वाले मुख्य मार्ग पर हुई जहां अचानक सड़क पर आए जंगली सूअर को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान किशनपुर गांव निवासी नथुनी सिंह के 36 साल के बेटे संतोष पटेल के रूप में की गई है। बताया जाता है कि संतोष पटेल रेलवे विभाग में हेल्पर इलेक्ट्रिक के पद पर सोननगर पावर हाउस में कार्यरत थे। वह अपने बीमार पिता के इलाज के लिए सोमवार को छुट्टी लेकर घर आए थे। मंगलवार की दोपहर वह बाइक से हसपुरा बाजार दवा लेने जा रहे थे। इसी दौरान किशनपुर गांव के पास अचानक सड़क पर एक जंगली सूअर आ गया। सूअर को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पलट गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि संतोष गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे बेहतर इलाज के लिए बनारस ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गयी। मृतक संतोष कुमार सोननगर रेलवे में कार्यरत थे।

# छापेमारी में नौ आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले की ढिबरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक ही मामले में नामजद 9 नामजद आरोपितें को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 मई को ढिबरा थाने में कांड संख्या 27/26 दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की कई गंभीर धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। मामला दर्ज होते ही पुलिस हरकत में आई और गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर घटना में शामिल नौ लोगों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपित एक ही गांव ढिबरा थाना क्षेत्र के वन मंझौली के रहने वाले हैं। गिरफ्तार आरोपितों में अमरेन्द्र कुमार यादव, पिन्टू कुमार यादव, महेंद्र कुमार, सहेंद्र यादव, सनोज यादव, गीता देवी, मुन्नी देवी, अनिता देवी, झांति देवी शामिल हैं। थानाध्यक्ष रितेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## पत्नी को धोखा देकर रचाई दूसरी शादी, गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** महिला उत्पीड़न मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान नगर परिषद औरंगाबाद के वार्ड नंबर 29 अंतर्गत महुआ शहीद निवासी महेंद्र पासवान के रूप में की गई है। आरोप है युवक ने पहली पत्नी को धोखे में रखकर दूसरी शादी रचा ली। आरोप है कि पहली पत्नी से बच्चे होने के बावजूद पति ने दूसरी शादी कर ली। जानकारी होने पर जब दूसरी पत्नी ने विरोध किया तो उत्पीड़न और बढ़ गया। इसको लेकर पंचायती हुई लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला तो पीड़िता ने न्याय की गुहार लगायी है। थानाध्यक्ष अंजली कुमारी ने बताया कि दो शादी रचाने के आरोपित महेंद्र पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# बहू का शव देखने पहुंची चचेरी सास की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के हसपुरा थाना अंतर्गत पचरुखिया धमनी गांव में मंगलवार को मां-बेटे को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में 45 वर्षीय सुनीता देवी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बहू का शव देखकर सदमे में चचेरी सास की भी मौत हो गई जिससे पूरे गांव में मातम पसर गया। जानकारी के अनुसार ओबरा थाना क्षेत्र के मलवां गांव निवासी सुदर्शन साव की पत्नी सुनीता देवी अपने बेटे अमरेन्द्र कुमार के साथ दाउदनगर जा रही थीं। वे अपनी बेटी से मिलने निकली थीं। इसी दौरान पचरुखिया-धमनी रोड पर धमनी गांव के पास एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सुनीता देवी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बेटा अमरेन्द्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन शव को मलवां गांव ले गए और आक्रोशित होकर सड़क पर रखकर प्रदर्शन करने लगे। इसी बीच मृतका की चचेरी सास बहू का शव देखने पहुंचीं। परिजनों के अनुसार बहू का शव देखते ही वे सदमे में मूर्छित होकर गिर पड़ीं और उनकी भी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद भेज दिया है।

# महिला समूह का रुपये गबन करने का आरोपित गिरफ्तार

**रफीगंज(नबिटा संवाददाता)।** रफीगंज पुलिस ने महिला स्वयं सहायता समूह के पैसे का गबन मामले में एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार महिला की पहचान बलिगांव निवासी बृजेश प्रसाद की 36 वर्षीय पत्नी सीमा देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार 17 जनवरी 2025 को गांव की सविता देवी, संगीता देवी, सुनीता देवी समेत दर्जनों महिलाओं ने संयुक्त रूप से रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आवेदन में आरोप लगाया गया था कि समूह की 24 लाख 80 हजार 735 रुपये का गबन किया गया है। मामले में पुलिस ने जांच-पड़ताल करते हुए आरोपित सीमा देवी को गिरफ्तार कर लिया। रफीगंज पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद महिला को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

